CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :42°C
न्यूनतम: 26°C

मुजफ्फरनगर, सोमवार 27 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 99 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2083 | 8 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अनुशासन व टीमवर्क का उत्कृष्ट भाव सबसे बड़ी ताकत: योगी पेज 2



चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर गुजरात टाइटंस ने चौथी जीत दर्ज की खेल टाइम्स



मानवीय संवेदना का इतिहासकार फोटोग्राफर रघु राय सम्पादकीय



दबाव में युद्धविराम पर वार्ता नहीं करेगा तेहरान: पेजेश्कियन पेज 12

# ट्रम्प की डिनर पार्टी में फायरिंग

## व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान हमलावर ने 10 से ज्यादा राउंड फायरिंग की

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** ट्रम्प पर हमले की खबर सामने आई है। दरअसल, व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान एक हमलावर ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। इस घटना को लेकर अब चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं।

कार्यक्रम में मौजूद एक चश्मदीद वॉलंटियर ने बताया है कि किस तरह सुरक्षा में हुई एक भारी चूक का फायदा उठाकर हमलावर ने एक असुरक्षित कमरे में अपना हथियार असेंबल किया और फिर सीधे मुख्य हॉल की तरफ दौड़ पड़ा। इस हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम में वालंटियर के रूप में काम कर रही हेलेन माबुस ने उस डरावने पल को याद किया। उन्होंने बताया कि टेरेस लेवल के प्रवेश द्वार के पास एक अस्थायी कमरा बनाया गया था। इस कमरे का उपयोग मुख्य रूप से बार कार्ट और अन्य सामान रखने के लिए किया जा रहा था। माबुस के अनुसार, उस समय वहां सुरक्षा का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं था और न ही कोई निगरानी की जा रही थी। हेलेन ने बताया कि वह शख्स उसी कमरे में छिपा था। उसने अपने बैग से कुछ निकाला और उसे जोड़ना शुरू कर दिया। उन्होंने आगे बताया कि वह हथियार काफी लंबा था और किसी सामान्य बंदूक जैसा नहीं दिख रहा था। हमलावर सुरक्षाकर्मियों की नजरों से थोड़ा ओझल होकर इस काम को अंजाम दे रहा था। जैसे ही उसने हथियार तैयार किया, वह तेजी से बाथरूम की ओर भागा और हमला करना शुरू कर दिया। चश्मदीद के मुताबिक, हमलावर ने बिना सोचे-समझे हर दिशा में गोलियां चलानी शुरू कर दीं। हेलेन ने बताया कि ऐसा लग रहा था जैसे वह हर तरफ अंधाधुंध फायरिंग कर रहा हो। मैंने कम से कम 10 राउंड गोलियों की आवाज सुनी। गोलियों की आवाज सुनते ही वहां चीख-पुकार मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। मैं भी वहां से भागी। पुलिस के अनुसार, हमलावर की पहचान कैलिफोर्निया के टोरेंस निवासी कोल टामस एलन के रूप में हुई है।



■ सीक्रेट सर्विस के एक अधिकारी को लगी गोली, हमलावर एलन गिरफ्तार

### मोदी ने डिनर पार्टी में हुई गोलीबारी की निंदा की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका में व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान हुई गोलीबारी की घटना की निंदा की है। श्री मोदी ने रविवार को इस घटना की निंदा करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, प्रथम महिला मेलानिया और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की सुरक्षा पर राहत व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है और इसकी स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि वाशिंगटन डीसी के एक होटल में हुई गोलीबारी के बाद यह जानकर राहत मिली कि श्री ट्रम्प, प्रथम महिला और उपराष्ट्रपति सुरक्षित और सकुशल हैं।

### अमेरिकी अधिकारियों का पाकिस्तान दौरा रद्द

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित युद्धविराम वार्ता ठप पड़ गई है क्योंकि ईरान से बातचीत के लिए पाकिस्तान जाने वाले अमेरिकी दूत स्टीव विटकाफ और ट्रम्प के दामाद जारेड कुशनर का दौरा रद्द हो गया है। यह दूसरी बार है जब दोनों देशों की मीटिंग टली। इससे पहले ईरान ने शांति वार्ता न करने का ऐलान किया था। उनका कहना था कि पहले अमेरिका अपनी होर्मुज स्ट्रेट से नाकेबंदी हटाए तब ही हम बातचीत के लिए इस्लामाबाद आएंगे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि उन्होंने अपने दूतों को पाकिस्तान न जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने लिखा, यात्रा में बहुत समय लगता है। 18 घंटे समय बर्बाद कर बेकार की बातें करने नहीं जाना।

# सरेंडर का आदेश नहीं दे सकती अदालतें: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम जमानत और अदालती क्षेत्राधिकार को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी भी आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करना अदालत का अधिकार है। हालांकि, याचिका खारिज करते समय अदालत के पास यह शक्ति नहीं है कि वह आरोपी को संबंधित ट्रायल कोर्ट के सामने आत्मसमर्पण करने का निर्देश दे। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की खंडपीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। यह मामला धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोपी एक व्यक्ति की ओर से दायर की गई विशेष अनुमति याचिका से जुड़ा था। पीठ ने सुनवाई के दौरान न्यायिक सीमाओं के बारे में बात की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि अदालत अग्रिम जमानत खारिज करना चाहती है, तो वह ऐसा कर सकती है। लेकिन अदालत के पास यह कहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है कि याचिकाकर्ता अनिवार्य रूप से सरेंडर करे। यह पूरा मामला झारखंड हाईकोर्ट के एक पुराने आदेश से उपजा था। हाईकोर्ट ने भूमि विवाद से संबंधित एक मामले में आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। याचिका खारिज करने के साथ ही हाईकोर्ट ने आरोपी को निर्देश दिया था कि वह निचली अदालत के सामने आत्मसमर्पण करे और नियमित जमानत के लिए आवेदन करे। मजिस्ट्रेट के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई थी।



■ कहा: किसी भी आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करना अदालत का अधिकार

## संक्षिप्त समाचार

### राघव चड्ढा समेत 7 सांसदों को अयोग्य घोषित करने की मांग

**नई दिल्ली।** 'आप' सांसद संजय सिंह ने रविवार को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को याचिका सौंपकर भाजपा में शामिल हुए 7 सांसदों को अयोग्य घोषित करने की मांग की है। सिंह ने कहा कि इन सदस्यों का पार्टी छोड़ना दलबदल विरोधी कानून का स्पष्ट उल्लंघन है। संजय सिंह के मुताबिक, आम आदमी पार्टी ने अधिवक्ता कपिल सिब्बल और लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी अचार्य सहित कई संवैधानिक विशेषज्ञों से सलाह ली है। 'आप' के 10 राज्यसभा सांसदों में से राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक, हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल, राजेंदर गुप्ता ने शुक्रवार को भाजपा जॉइन कर ली थी।

### प्रख्यात फोटोग्राफर रघु राय का 83 साल की उम्र में निधन

**नई दिल्ली।** भोपाल गैस त्रासदी की तस्वीरें क्लिक कर दुनिया का ध्यान आकर्षित करने वाले प्रख्यात फोटोग्राफर एवं फोटो पत्रकार रघु राय का रविवार सुबह यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 83 साल के थे। श्री राय के पुत्र एवं फोटोग्राफर नितिन राय ने बताया कि उनके पिताजी को दो साल पहले प्रोस्टेट कैंसर हुआ था, लेकिन बाद में उन्हें राहत मिलने लगी थी। फिर कैंसर पेट तक फैल गया, जो ठीक हो गया था। उन्होंने बताया कि हाल ही में कैंसर श्री राय के मस्तिष्क तक पहुंच गया था और उन्हें उम्र संबंधी अन्य तकलीफें भी होने लगी थीं। कैमरे की नजर से जीवन के अनेक पहलुओं को दुनिया के सामने पेश करने वाले श्री राय के परिवार में उनकी पत्नी गुरमीत, पुत्र नितिन और तीन पुत्रियां लगन, अवनि और पूर्वाई हैं। उनका अंतिम संस्कार रविवार शाम चार बजे लोधी रोड श्मशान घाट में किया गया।

### अंडमान दौरे पर राहुल गांधी, कांग्रेस को मिला जनसमर्थन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह दौरे को कांग्रेस ने बड़ी सफलता करार दिया है। कांग्रेस के अंडमान-निकोबार प्रभारी मणिकम टैगोर ने कहा कि पोर्ट ब्लेयर में आयोजित कांग्रेस सम्मेलन में श्री गांधी की मौजूदगी ने पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता में नया उत्साह भर दिया। श्री टैगोर ने कहा कि इस दौरे को लेकर पार्टी प्रतिनिधियों और जनता की जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिली, जो द्वीपों में कांग्रेस संगठन की बढ़ती ताकत को दर्शाता है।

### भारत-उज्बेकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास नमनगन में संपन्न

**नई दिल्ली।** भारत-उज्बेकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'दस्तलिक 2026' का सातवां आयोजन उज्बेकिस्तान के नमनगन स्थित गुरुमसरॉय फील्ड ट्रेनिंग एरिया में संपन्न हो गया। अर्ध-पहाड़ी इलाकों में दो सप्ताह के गहन संयुक्त प्रशिक्षण के बाद यह सैन्य अभ्यास संपन्न हुआ। भारत-उज्बेकिस्तान के बीच आपसी तालमेल और संयुक्त परिचालन क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार किया गया।

# दिल्ली-टेकऑफ के दौरान स्विस प्लेन का इंजन फेल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ज्यूरिख जाने वाली स्विस इंटरनेशनल एयर लाइन्स की एक उड़ान को रविवार तड़के उड़ान भरने (टेक-ऑफ) से ठीक पहले रुकने के लिए मजबूर होना पड़ा।

विमान के एक इंजन में तकनीकी खराबी आने के बाद पूर्ण आपातकालीन प्रतिक्रिया शुरू की गई। यह घटना रात लगभग 1:25 बजे के तुरंत बाद हुई, जब एयरबस ए330-300 संचालित उड़ान एसडब्लूआर146 रनवे 28 से उड़ान भरने के लिए गति पकड़ रही थी। अधिकारियों के अनुसार, कॉकपिट क्रू ने इंजन में खराबी का पता लगाया और तुरंत टेक-ऑफ की प्रक्रिया को रोक दिया। विमान के एक तरफ धुएं के निशान और लैंडिंग गियर क्षेत्र के आसपास आग की लपटों की रिपोर्ट के बाद कुछ ही मिनटों में पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया, जिससे सुरक्षा कार्यों के लिए रनवे को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। एहतियात के तौर पर विमान में सवार सभी 245 व्यक्तियों (232 यात्री और 13 चालक दल के सदस्य) को आपातकालीन स्लाइड का उपयोग कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। हालांकि सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन निकासी प्रक्रिया के दौरान चार यात्रियों को मामूली चोटें आईं।

■ आग लगी, छह घायल, 4 नवजात समेत 232 लोग थे सवार

# दाऊद गैंग का खास गुर्गा सलीम डोला गिरफ्तार

**इस्तांबुल।** दाऊद इब्राहिम के करीबी सलीम डोला को तुर्की के इस्तांबुल में गिरफ्तार कर लिया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार तुर्की की सुरक्षा एजेंसियों ने उसे पकड़ा है।

कई मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के सूत्रों ने सलीम डोला की गिरफ्तारी की खबर की पुष्टि की है। डोला इंटरपोल द्वारा जारी रेड कॉर्नर नोटिस के दायरे में था। यह नोटिस भारत की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा मुंबई पुलिस में दर्ज मामलों के आधार पर जारी किया गया था। सलीम डोला भारत भर में फैले कई गुप्त अड्डों और कारखानों का इस्तेमाल करके कई देशों में फैले एक अंतर्राष्ट्रीय सिंथेटिक ड्रग तस्करी नेटवर्क को चला रहा था।

■ खबरों में दावा: तुर्की में पुलिस ने दबोचा

सूत्रों के अनुसार, वह दुबई से अपने ड्रग रैकेट को नियंत्रित करता था। रिपोर्ट के मुताबिक गिरफ्तारी की पुष्टि होने से पहले एक भारतीय अधिकारी ने कहा था कि अगर डोला पकड़ा जाता है, तो उसके ड्रग तस्करी गिरोह के लिए यह एक बड़ा झटका होगा। मुंबई पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने, जिन्होंने गुमनाम रहने की शर्त पर बात की, कहा कि अगर डोला को हिरासत में लिया गया है, तो यह बहुत अच्छी खबर है और उसके तस्करी नेटवर्क के लिए एक बड़ा झटका है। सलीम डोला के ड्रग तस्करी नेटवर्क का सालाना कारोबार 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का था।

# बुलंदशहर: बर्थडे पार्टी में तिहरा हत्याकांड

## चेहरे पर केक लगाने को लेकर हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**खुर्जा (बुलंदशहर)।** खुर्जा क्षेत्र में बीती देर रात एक बर्थडे पार्टी के दौरान केक चेहरे पर लगाने को लेकर हुए विवाद ने तिहरे हत्याकांड का रूप ले लिया। गोलीबारी की इस घटना में तीन युवकों की मृत्यु हो गई।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार देर रात करीब 10:30 बजे खुर्जा नगर के सुभाष रोड स्थित एक जिम में जीतू नामक युवक की बर्थडे पार्टी चल रही थी। इसी दौरान युवकों के बीच एक-दूसरे के चेहरे पर केक लगाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर झगड़ा हिंसक हो गया और गोलीबारी शुरू हो गई। फायरिंग में मनीष, आकाश और अमरदीप नामक तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल राजकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। तिहरे हत्याकांड के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही एडीजी लॉ एंड ऑर्डर तथा एडीजी मेरठ जोन भानु भास्कर मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। एडीजी ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आठ टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं।



मृतक मनीष सैनी



मृतक अमरदीप



मृतक आकाश सैनी

■ पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

# टीएमसी का घमंड टूटा, भाजपा की जीत तय: मोदी

## ममता सरकार में मां-माटी और मानुष का सम्मान नहीं, पीएम ने कोलकाता में किया रोड शो

कोलकाता, वार्ता

**पीएम नरेंद्र** मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के नार्थ 24 परगना जिले के बनगांव और हुगली के हरिपाल में रैली की। उन्होंने बनगांव में कहा कि पहले फेज के मतदान में टीएमसी का घमंड टूट चुका है।

दूसरे चरण में भाजपा की जीत तय होती दिख रही है। उन्होंने कोलकाता में रोड शो भी किया। पीएम ने आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में छोटे-छोटे नेता और गुंडे खुद को सरकार समझने लगे हैं। 15 साल पहले टीएमसी 'मां, माटी, मानुष' का नारा देकर सत्ता में आई थी, आज वे इन शब्दों को बोल भी नहीं पाते। अगर बोलेंगे, तो इनके पाप सामने आ जाएंगे। टीएमसी के राज में मां-माटी और मानुष का सम्मान नहीं है। हुगली में पीएम ने कहा कि टीएमसी सरकार ने अपने कुकर्मों की वजह से बंगाल के लोगों का भरोसा खो दिया है। यही कारण है कि लोगों को बार-बार कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता है। 15 साल तक टीएमसी ने बंगाल के लोगों को डराकर रखा, लेकिन वे एक बात भूल गए। जब अत्याचार अपनी सीमा पार करता है, तो जनता मां दुर्गा का रूप लेकर अन्याय का अंत करती है।



■ पीएम का आरोप : टीएमसी शासन में छोटे-छोटे नेता और गुंडे खुद को सरकार समझने लगे

### जनगणना में डिजिटल भागीदारी कर सफल बनाएं: प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लोगों से जनगणना 2027 में डिजिटल भागीदारी कर इसे सफल बनाने की अपील की।

पीएम मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि जनगणना 2027 को डिजिटल बनाया गया है। सारी जानकारी सीधे डिजिटल माध्यम में दर्ज हो रही है। जनगणना के लिए घर-घर जाने वाले कर्मचारी लोगों से बात करते मोबाइल एप में सारी जानकारी दर्ज करेंगे। वहीं, इस बार लोगों को खुद भी अपनी जानकारी डिजिटली अपलोड करने की सुविधा दी गई है। कर्मचारी के आने से 15 दिन पहले यह सुविधा शुरू होगी। लोग अपने हिसाब से अपने समय में सारी जानकारी भर सकते हैं। इसके बाद उन्हें मोबाइल या ई-मेल पर एक विशेष आईडी मिलेगी।

# यूपी का बांदा देश में सबसे गर्म, पारा 47 के पार

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के 50 जिलों में लू चल रही है। प्रदेश का बांदा शनिवार को देश में सबसे गर्म शहर रहा। यहां तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बिहार के कई जिलों में रविवार को मौसम ने करवट ली। सुपौल, रक्सौल और मधुबनी समेत 10 जिलों में तेज बारिश हुई। दरभंगा में काले बादल से दिन में अंधेरा छा गया। किशनगंज में तेज आंधी और बारिश की वजह कई जगह पेड़ उखड़ गए। मध्य प्रदेश के इंदौर और ग्वालियर जिले में आंगनवाड़ी केंद्र और 8वीं तक के सभी स्कूल 27 से 30 अप्रैल तक बंद रहेंगे। हिमाचल प्रदेश के ऊना में तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस रहा। यहां 27 अप्रैल से बारिश का अनुमान भी है। गर्मी बढ़ने के साथ देश में बिजली की मांग 252.07 गीगावाट (जीडब्ल्यू) तक पहुंच गई, जो अब तक सबसे ज्यादा है। इससे पहले मई 2024 में 250 जीडब्ल्यू का रिकॉर्ड बना था। मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिम भारत के 10 राज्यों में हीटवेव और वार्म नाइट का अलर्ट जारी किया है। हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, बिहार और झारखंड के कुछ इलाकों में हीटवेव चलने की संभावना है।

■ उप्र के 50 जिलों में लू, मप्र के इंदौर-ग्वालियर में 8वीं तक के स्कूल बंद

## संक्षिप्त समाचार

### होमगार्ड भर्ती लिखित परीक्षा में नकल षड्यंत्र का भंडाफोड़

**कानपुर।** कानपुर में बीएनएसडी इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर होमगार्ड भर्ती लिखित परीक्षा की दूसरी पाली में ड्यूटी के दौरान तैनात पुलिसकर्मियों की सतर्कता से नकल कराने के एक सुनियोजित षड्यंत्र का भंडाफोड़ किया गया। पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल अतुल श्रीवास्तव ने रविवार को बताया कि शनिवार को परीक्षा के दौरान एक इन्विजिलेटर को संदिग्ध अवस्था में वॉशरूम की ओर जाते देख रोककर तलाशी ली गई, जिसके दौरान उसके पास से प्रश्नपत्र बुकलेट बरामद हुई, जिसे उसने छिपाकर रखा था। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि वह एक अन्य इन्विजिलेटर एवं कॉलेज के एक केमिस्ट्री लेक्चरर के साथ मिलकर परीक्षा में नकल कराने की योजना में संलिप्त था।

### यूपीटेट 2026: तीन मई तक अभ्यर्थी कर सकेंगे आवेदन

**प्रयागराज।** यूपी के प्रयागराज टीईटी-2026 में अब अभ्यर्थी 3 मई तक आवेदन कर सकेंगे। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने तिथि को बढ़ाने की घोषणा की है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को आगे बढ़ा दिया गया है। तकनीकी समस्याओं और अभ्यर्थियों की मांग को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। अभ्यर्थी लेट होने की दशा में इससे वंचित नहीं रह जाएंगे। आयोग की ओर से जारी नए कार्यक्रम के अनुसार आवेदन की नई अंतिम तिथि 3 मई है, जो पहले 1 मई थी, वहीं संशोधन एवं शुल्क समाधान की तिथि 8 मई तक कर दी गई है। प्रस्तावित एग्जाम डेट 2, 3 और 4 जुलाई है। शनिवार तक आंकड़ों के अनुसार कुल ऑनलाइन पंजीकरण 14,58,104 और वन टाइम रजिस्ट्रेशन 12,80,845, वहीं नए आवेदन 1,04,196 किए गए।

### सीएम योगी ने महिला आरक्षियों की पासिंग आउट परेड की ली सलामी

# अनुशासन व टीमवर्क का भाव सबसे बड़ी ताकत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 60,244 आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती के अंतर्गत दीक्षांत परेड समारोह को संबोधित करते हुए बोले मुख्यमंत्री

**लखनऊ। मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आरक्षी प्रशिक्षण के दौरान बेटियों ने जिस मजबूती, तत्परता, समर्पण व अनुशासन का परिचय दिया है, वह सराहनीय है। अनुशासन व टीमवर्क का उत्कृष्ट भाव सबसे बड़ी ताकत है। इन सबको समाहित करते हुए देश के लिए सर्वोत्कृष्ट योगदान देने की भावना वर्दीधारी बल का सबसे महत्वपूर्ण अंग होती है।

प्रशिक्षण में जितना पसीना बहेगा, बाद के जीवन में उतना ही कम खून बहाने की नौबत आती है। योगी रविवार को 60,244 आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती के अंतर्गत वर्ष 2025 बैच के पुलिस आरक्षियों के दीक्षांत परेड समारोह को संबोधित कर रहे थे। रिजर्व पुलिस लाइन में हुए आयोजन में मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी भी ली।

उन्होंने प्रशिक्षण पूर्ण कर दीक्षांत समारोह का हिस्सा बनने वाली महिला आरक्षियों को बधाई दी और कहा कि सभी ने लगन व अनुशासन के साथ कठोर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। अब आप सबको जनपदों की फील्ड ड्यूटी में जाना है। याद रखिए, कानून अपराधी के लिए जितना कठोर हो, नागरिकों के प्रति उतना ही संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी आरक्षी प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान, कौशल व मूल्यों का उपयोग करते हुए निष्ठा, ईमानदारी व कर्तव्य परायणता से यूपी पुलिस की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाएंगे।

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के 10 पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों, 73 जनपदों की पुलिस लाइंस, 29 पीएसी बटालियनों, 112 रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटरों में एक साथ आरक्षी दीक्षांत परेड आयोजित की जा रही है। 15 जून 2025 को लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 60,244 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए थे।

21 जुलाई से इनका प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। इस दौरान मैं भी विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों में गया और देखा कि प्रशिक्षण व सुविधाएं पहले से बेहतर हुई हैं। योगी ने कहा कि 2017 के पहले यूपी पुलिस के सामने चुनौती व संकट था, लेकिन हमने इसे देश के बेहतरीन पुलिस बल के रूप में स्थापित किया। हमने 2.18 लाख से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती और 1 लाख से अधिक पुलिसकर्मियों का प्रमोशन किया। 2017 में पुलिस की ट्रेनिंग क्षमता महज 3 हजार थी, लेकिन हमने 60244 पुलिस आरक्षियों का प्रशिक्षण यूपी के केंद्रों में ही एक साथ संपन्न किया है, जो 9 वर्ष में अर्जित की गई प्रगति को दर्शाता है।

### अयोध्या में शिव मंदिर पर 29 अप्रैल को ध्वजारोहण करेंगे मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ/अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर के सभी मंदिरों में देवी-देवताओं के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात मंदिर रामलला, माता अन्नपूर्णा, सूर्यदेव, हनुमान जी और गणेश मंदिरों के शिखरों पर ध्वजारोहण हो चुका है। वहीं अब शिव मंदिर पर ध्वजारोहण की तैयारी है। शिव मंदिर पर ध्वजारोहण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 29 अप्रैल को करेंगे।

# आज से बदलेगा मौसम, गर्मी से मिलेगी मामूली राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ उत्तर प्रदेश में मौसम विभाग ने बताए अगले 24 से 48 घंटे में आंधी और बूंदाबांदी के आसार

**लखनऊ।** भीषण गर्मी और लू के प्रकोप का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश में अगले 24 से 48 घंटे में आंधी और बूंदाबांदी के आसार हैं जिससे तापमान में मामूली गिरावट का अनुमान है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के दक्षिणी, मध्य और पूर्वी हिस्सों में अधिकतम तापमान 44 से 46 डिंग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है, जबकि कई जिलों में तापमान सामान्य से काफी ऊपर बना हुआ है। आगामी 3 से 4 दिनों तक तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी के बाद हल्की गिरावट की संभावना जताई गई है। विभाग के अनुसार 28 अप्रैल के बाद प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में लू की चेतावनी नहीं है और तापमान में हल्की गिरावट संभव है, जिससे लोगों को कुछ राहत मिल सकती है आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के अनुसार कानपुर नगर, कानपुर देहात, प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, जालौन, हमीरपुर, झांसी, ललितपुर, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, आजमगढ़, मऊ और बलिया समेत अनेक जिलों में लू चलने की प्रबल संभावना है। विशेष रूप से बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, मिर्जापुर, वाराणसी, जालौन और हमीरपुर को अधिक संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। कानपुर नगर में अधिकतम तापमान 43 से 44 डिंग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। शहर में दिन के समय तेज धूप और गर्म हवाएं लोगों को बेहाल कर रही हैं। न्यूनतम तापमान भी 28 से 30 डिंग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जिससे रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही

# प. बंगाल में कांग्रेस कार्यकर्ता के हत्यारे हों गिरफ्तार: राहुल

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है और आरोप लगाया है कि उसके लोगों ने कांग्रेस कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की हत्या की है।

गांधी ने रविवार को देबदीप की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की और कहा कि कांग्रेस हिंसा पर भरोसा नहीं करती और अहिंसा के सिद्धांत को कलंकित करने वाली राजनीति के सामने झुकना नहीं जानती है। गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को लिखा, कांग्रेस के कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की तृणमूल से जुड़े गुंडों द्वारा की गई हत्या बेहद निंदनीय है। शोकाकुल परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। पश्चिम बंगाल में आज लोकतंत्र नहीं, तृणमूल का गुंडा राज चल रहा है। वोट के बाद विरोधी आवाजों को डराना, मारना, मिटाना, यही टीएमसी का चरित्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति कभी हिंसा पर नहीं टिकी और न कभी टिकेगी। हमने भी अपने कार्यकर्ता खोए हैं, फिर भी हमने हमेशा अहिंसा और संविधान का रास्ता चुना है। यही हमारी विरासत है, यही हमारा संकल्प। उन्होंने कहा कि हमारी मांग स्पष्ट है, सभी दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी हो।

# युवराज की मौत के लिए 3 पुलिसकर्मी दोषी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ 110 दिन की जांच में ऐसे बेदाग हुई अथॉरिटी?

**नोएडा।** राष्ट्रीय राजधानी से सटे नोएडा सेक्टर 150 में पानी से लबालब खुले बेसमेंट में गिरकर इंजीनियर युवराज मेहता केस की जांच के लिए गठित एसआईटी ने 100 दिन की जांच के बाद अपनी रिपोर्ट पेश कर दी है। इस रिपोर्ट में एसआईटी ने माना है कि पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात एआरओ और आरआई समेत 3 पुलिसकर्मी दोषी हैं। एसआईटी ने इस घटना के लिए असली जिम्मेदार बताए जा रहे नोएडा प्राधिकरण, फायर ब्रिगेड और एनडीआरएफ को एक तरह से क्लीनचिट दे दी है।

माना जा रहा है कि एसआईटी अपनी जांच में इन संस्थानों की भूमिका के साथ जवाबदेही तय करेगी। जिम्मेदार अधिकारियों पर एक्शन होगा, लेकिन एक बार फिर जांच के नाम पर खानापूर्ति हो गई है। बता दें कि 16 जनवरी 2026 की रात सेक्टर 150 स्थित जलभराव वाले खुले गड्ढे में युवराज मेहता की कार गिर गई थी। इस हादसे के दौरान युवराज मदद के लिए आवाज लगता रहा, लेकिन समय पर राहत नहीं पहुंच सकी और आखिरकार कड़ाके की ठंड में युवराज ने दम तोड़ दिया था। काफी देर बाद रेस्क्यू अक्षमरेशन शुरू हुआ और काफी मसक्कत के बाद युवराज के शव को बाहर निकाला गया। इस घटना ने न केवल नोएडा, बल्कि पूरे देश के सिस्टम पर सवाल खड़ा कर दिया था। देश भर से घटना के विरोध में आवाजें उठने लगीं। पूछा जाने लगा कि इतने खतरनाक गड्ढे को बिना मार्किंग और चेतावनी बोर्ड के खुला क्यों छोड़ा गया? समय रहते युवराज को मदद क्यों नहीं पहुंचाई गई? बाद में सीएम योगी ने खुद संज्ञान लिया और एसआम्रटी जांच के आदेश दिए। इससे उम्मीद जगी कि शायद दोषियों के खिलाफ एक्शन हो, लेकिन एक बार फिर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति हो गई। 5 सदस्यीय एसआईटी ने इस घटना के बाबत करीब 700 लोगों से पूछताछ की। इनमें नोएडा पुलिस, प्राधिकरण, एनडीआरू और फायर ब्रिगेड के तमाम अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। 100 दिन चली जांच के बाद अब एसआईटी ने रिपोर्ट दी है। इसमें पुलिस कंट्रोल रूम की भूमिका संदिग्ध माना है और कहा है कि कंट्रोल रूम ने हादसे की सूचना को गंभीरता से नहीं लिया, इसकी वजह से रेस्क्यू दल समय रहते एक्टिव नहीं हो पाया। एसआईटी की रिपोर्ट पर पुलिस कमिश्नर ने तीनों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। जानकारों का कहना है कि कंट्रोल रूम ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया, ऐसे में कार्रवाई होनी ही चाहिए, लेकिन एसआईटी ने कैसे नोएडा अथॉरिटी और एनडीआरएफ को क्लीनचिट दी।

# उप्र में एक मई से चलेगा विशेष स्कूल चलो अभियान

**लखनऊ।** योगी सरकार ने शिक्षा के मोर्चे पर बड़ा और निर्णायक कदम उठाते हुए 'स्कूल चलो अभियान' को उत्तर प्रदेश में मिशन मोड में लागू कर दिया है। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि अब कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर नहीं रहेगा। इसी क्रम में अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि छह से 14 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे का नामांकन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। पहली मई से प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाकर श्रमिक बस्तियों, ईंट-भट्टों और वंचित वर्गों के बच्चों को चिह्नित कर स्कूल से जोड़ा जाएगा। दिव्यांग बच्चों के नामांकन को प्राथमिकता देने, आरटीई के अंतर्गत लॉटरी के माध्यम से चयनित पात्र बच्चों का आवंटित विद्यालय में शत-प्रतिशत नामांकन कराने और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बालिकाओं के प्रवेश को बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए हैं। सरकार ने ड्रॉपआउट और आउट- ऑफ- स्कूल बच्चों की पहचान कर उन्हें पुन: शिक्षा से जोड़ने के लिए जमीनी स्तर पर रणनीति तैयार की है। कक्षा 5 से 6, 8 से 9 और 10 से 11 तक 100 प्रतिशत ट्रांजिशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बच्चों की पढ़ाई बीच में न छूटे और शिक्षा की निरंतरता बनी रहे।


काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 79273.33
निफ्टी 24576.60



सोना 153594
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 250210
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में गिरावट के बाद वैश्विक कारकों पर रहेगी नजर

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों पर रहेगी। अमेरिका-ईरान शांति वार्ता के साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर जारी गतिरोध पर निवेशक नजदीकी नजर रख रहे हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की 28 और 29 अप्रैल को होने वाली बैठक का असर भी पूरी दुनिया के शेयर बाजारों पर पड़ेगा।

घरेलू स्तर पर औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी आने वाले सप्ताह में जारी होने हैं। साथ ही कंपनियों के तिमाही परिणाम बाजार को प्रभावित करना जारी रखेंगे। बीते सप्ताह पहले दो दिन बाजार में तेजी रही, लेकिन अगले तीन दिन बिकवाली हावी रही। बीएसई का सेंसेक्स 1,829 अंक (2.33 प्रतिशत) की साप्ताहिक गिरावट में 76,664.21 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी सप्ताह के दौरान 455.60 अंक यानी 1.87 प्रतिशत टूटकर शुक्रवार को 23,897.95 अंक पर बंद हुआ। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक भी 1.60 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट में रहा। वहीं छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप-100 सूचकांक उतार-चढ़ाव से होता हुआ अंत में लगभग स्थिर रहा। सप्ताह के दौरान आईटी कंपनियों पर भारी दबाव देखा गया। निफ्टी आईटी सूचकांक सप्ताह के दौरान 10.31 प्रतिशत लुढ़क गया।

### अमेरिका ईरान में जारी तनाव से डामर संकट गहराया

**लखनऊ/हमीरपुर।** अमेरिका-ईरान के बीच जारी तनाव और कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होने से उत्तर प्रदेश में सड़कों के निर्माण के लिए आवश्यक डामर (बिटुमिन) का संकट गहरा गया है। इसका असर हमीरपुर जिले में लोक निर्माण विभाग की सड़क परियोजनाओं पर साफ दिखाई दे रहा है। कई सड़कें अधर में लटक गई हैं, जबकि कुछ स्थानों पर गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता (एसई) सुनील कांत ने रविवार को बताया कि सड़क निर्माण में उपयोग होने वाला डामर क्रूड ऑयल से तैयार होता है और भारत में इसके लिए ईरान सहित अन्य देशों से कच्चे तेल का आयात किया जाता है।

# चावल, गेहूं, चीनी में साप्ताहिक तेजी, दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं और चीनी में भी तेजी रही। खाद्य तेलों और दालों में उतार- चढ़ाव का रुख देखा गया।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत चार रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,847 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं भी 10 रुपये महंगा होकर 2,780 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। आटे का भाव पांच रुपये बढ़कर 3,270 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। उड़द दाल 15 रुपये और चना दाल तीन रुपये सस्ती हुई। मसूर दाल का भाव 23 रुपये और मूंग दाल का नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 57 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई, जबकि अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। मूंगफली तेल 109 रुपये और सोया तेल 61 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति का भाव 58 रुपये और पाम ऑयल का 44 रुपये बढ़ा। सूरजमुखी तेल 37 रुपया प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 21 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी दो रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7686.02 रुपये, मसूर काली 8085.22 रुपये, मूंग दाल 10208.98 रुपये, उड़द दाल 10826.44 रुपये, तुअर दाल 11230.67 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2779.79 रुपये और चावल 3847.23 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3274.52 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4310.66 रुपये और गुड़ 5044.78 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17866.06 रुपये, मूंगफली तेल 18916.85 रुपये, सूरजमुखी तेल 17516.11 रुपये, सोया तेल 15002.66 रुपये, पाम ऑयल 13442.13 रुपये और वनस्पति 14965.02 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।


स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com


# बागी 7 राज्यसभा सांसदों की सदस्यता खत्म करने को आप ने भेजा आवेदन

नई दिल्ली, वार्ता

■ सभापति और उपराष्ट्रपति से की मांग

आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से 7 सांसदों की सदस्यता खत्म करने की मांग की है। इसे लेकर आप ने सभापति से मांग की है कि जल्द से जल्द कार्रवाई करके न्यायपूर्ण फैसला दें। आप के ये सातों सांसद हाल ही में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं।

आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि पार्टी ने संवैधानिक विशेषज्ञों से सलाह ली है। इनमें वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी आचार्य भी शामिल हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ये सांसद कानून के तहत अयोग्य ठहराए जा सकते हैं। संजय सिंह ने कहा कि राज्यसभा के सभापति और देश के उपराष्ट्रपति को एक शिकायत भेजी है, जिसमें संविधान की 10 वी अनुसूची के मुताबिक सातों सदस्यों की सदस्यता खत्म करने के लिए अनुरोध किया है। संजय सिंह ने कहा कि एक पार्टी से आप चुनकर आते है और एजेंसीज का दुरुपयोग करके आपको तोड़ा जाता है। आपको डराकर अपने में मिला लेती है, ये पंजाब और देश के संवैधानिक साथ धोखा है। संजय सिंह ने कहा कि दसवीं अनुसूची (एंटी-डिफेक्शन कानून) के तहत ऐसे दलबदल मान्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इन सांसदों को अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए। पार्टी सूत्रों का कहना है कि लीडरशिप को दलबदल की आशंका थी और आखिरी समय में कुछ सांसदों को रोकने की कोशिश भी की गई थी, लेकिन पार्टी नेताओं की काफी कोशिशों के बाद भी सातों राज्यसभा सांसद बीजेपी में शामिल हो गए। इस बीच पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से समय मांगा था, ताकि सांसदों को वापस बुलाया जा सके लेकिन संविधान में सांसदों या विधायकों को वापस बुलाने (रिकॉल) का कोई प्रावधान नहीं है। इस पूर मामले में कानूनी राय बंटी हुई है। आप का कहना है कि ये दलबदल असंवैधानिक है, लेकिन कई विशेषज्ञों का मानना है कि एंटी-डिफेक्शन कानून में अगर विधायी दल के दो-तिहाई सदस्य साथ हों, तो विलय (मर्जर) की अनुमति है।

# दिल्ली-एनसीआर की मंडियों में रेट कंट्रोल करेगा हरदोई

■ गंगा एक्सप्रेसवे से आएगी खुशहाली, रोज पहुंचेंगी सब्जियां

**लखनऊ।** दिल्ली-एनसीआर वासियों को अब ताजी सब्जियां मिला करेंगी। इसके लिए हरदोई रेट नियंत्रित करेगा। 29 अप्रैल को हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन होने जा रहा है। इसके बाद गंगा की तराई में पैदा होने वाली हरी सब्जियों की बड़ी खेप रोज दिल्ली-एनसीआर की मंडियों में पहुंचने लगेगी। अभी परिवहन के साधनों की कमी की वजह से इन इलाकों से सब्जियों की खेप बड़ी मुश्किल से बड़ी मंडियों तक पहुंच पाती थी।

हरदोई में होटल कारोबारी रानू का कहना है कि इन सब्जियों और सलाद की डिमांड बड़े होटलों में खूब है। इसके लिए किसानों को मुंह मांगी कीमत भी मिलती है, लेकिन अभी तक इसे हरदोई के बाहर के होटलों तक पहुंचाना ही मुश्किल था। अब गंगा एक्सप्रेसवे शुरू होने के बाद दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ और प्रयागराज के 5 स्टार होटल सीधे किसानों से सलाद की फसल खरीद सकेंगे। उन्होंने उदाहरण के जरिए समझाया कि अभी हरदोई में तरबूज 8 से 10 रुपये किलो मिल रहा है, जबकि दिल्ली में 40 से 100 रुपये का भाव है। यदि यहां से तरबूज दिल्ली जाए, तो सारे खर्चे काटने के बाद भी भाव 20 रुपये से ज्यादा नहीं होगा। बड़ी बात कि यह पैसा सीधा किसान की जेब में जाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे इन क्षेत्रों खासतौर पर शाहजहांपुर और हरदोई आदि जिलों के लिए वरदान बन सकता है।

# गंगा एक्सप्रेसवे के साथ उभरेगा इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग हब



■ योजना के तहत 594 किमी लंबे एक्सप्रेसवे के किनारे 12 औद्योगिक नोड्स विकसित किए जा रहे

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अप्रैल को हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे को देशवासियों को समर्पित करेंगे। योगी सरकार इस परियोजना को एक्सप्रेसवे सह इंडस्ट्रियल कॉरिडोर मॉडल के रूप में आगे बढ़ा रही है। सरकार ने उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे को औद्योगिक विकास से जोड़ते हुए गंगा एक्सप्रेसवे को इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर (आईएमएलसी) के रूप में विकसित किया है।

एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की इस योजना के तहत 594 किमी लंबे एक्सप्रेसवे के किनारे 12 औद्योगिक नोड्स विकसित किए जा रहे हैं, जिनके लिए 6,507 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। अब तक 987 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं, जिनके जरिए लगभग 47 हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य तय किया गया है। यह पूरी योजना 12 जिलों में औद्योगिक विकास का नया नेटवर्क खड़ा करेगी। आईएमएलसी योजना के तहत पूरे एक्सप्रेसवे कॉरिडोर में सभी 12 जिलों में 12 नोड्स बनाए गए हैं। इन नोड्स के लिए कुल 6,507 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। प्रत्येक नोड को उसकी भौगोलिक स्थिति और औद्योगिक संभावनाओं के आधार पर डिजाइन किया गया है, ताकि मैन्युफैक्चरिंग, वेयरहाउसिग और लॉजिस्टिक्स सेक्टर को एकीकृत रूप से बढ़ावा मिल सके। मेरठ से प्रयागराज तक हर नोड का लोकेशन और एरिया तय कर लिया गया है। इन नोड्स की यह स्ट्रैटेजिक प्लानिंग पूरे एक्सप्रेसवे को एक 'इकोनॉमिक ग्रोथ बेल्ट' में बदल देगी। आईएमएलसी योजना को निवेशकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। अब तक 987 'इंटेंट्स ऑफ इन्वेस्टमेंट' प्राप्त हुए हैं, जिनके जरिए 46,660 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है। यह निवेश मुख्य रूप से मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, लॉजिस्टिक्स पार्क, वेयरहाउसिग, ई-कॉमर्स सप्लाई चेन और एग्री-प्रोसेसिग सेक्टर में आएगा। एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित होने वाले आईएमएलसी नोड्स माल परिवहन को तेज और सस्ता बनाएंगे, जिससे उद्योगों की लागत घटेगी।

# ट्रेन की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत

## रेलवे लाइन पार करते समय हुआ हादसा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रविवार को क्षेत्र में एक दुखद हादसे ने लोगों को झकझोर दिया। जानसठ रोड पर रेलवे लाइन पार करते समय एक साइकिल सवार व्यक्ति तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि साइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, खतौली कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर निवासी जगबीर पुत्र घसीटू साइकिल से खतौली की ओर आ रहे थे। बताया गया है कि वह गेट ठीक कराने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह जानसठ रोड स्थित रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे, उसी दौरान सामने से आ रही उत्कल एक्सप्रेस ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान उसकी जेब में मिले आधार कार्ड के जरिए हुई। सूचना मिलने पर परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इनकार करते हुए पोस्टमार्टम नहीं कराने का निर्णय लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद से मृतक के परिवार में शोक का माहौल है।

## विवाहिता की मौत पर ससुराल पक्ष पर केस दर्ज

**मृतका के भाई की ओर से हुआ मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ सेवन करने से विवाहिता की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतका के भाई ने ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सरधना थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा निवासी निखिल सोम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन की शादी करीब आठ वर्ष पहले खतौली क्षेत्र के गांव भाएंगी निवासी पीयूष के साथ हुई थी।

आरोप है कि शादी के बाद से ही पति समेत सास, ससुर और देवर उसकी बहन के साथ मारपीट करते थे और लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। पीड़ित का कहना है कि उसकी बहन ने कई बार अपने साथ हो रहे उत्पीड़न की जानकारी परिवार को दी थी। जब उसने बहन के पति से इस संबंध में बात की तो उसे भी धमकी दी गई।

आरोप है कि दो दिन पहले भी ससुराल पक्ष ने विवाहिता के साथ मारपीट की और उसे अपमानित करते हुए आत्महत्या के लिए उकसाया। इन परिस्थितियों से परेशान होकर विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों में शोक का माहौल है। पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर ससुराल पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# रिक्रूट आरक्षियों ने किया शानदार परेड का प्रदर्शन

## अपर आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद ने ली परेड की सलामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रिजर्व पुलिस लाइन ने रिक्रूट आरक्षी दिक्षांत परेड समारोह उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कठोर एवं सुनियोजित परिक्षिण पूर्ण करने के बाद रिक्रूट आरक्षियों ने आकर्षक परेड का प्रदर्शन कर यहां उपस्थित हुए अतिथियों का मनमोहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट गाजियाबाद, राजकरण नय्यर रहे। उनके आगमन पर परेड की टोलियों द्वारा प्रभावशाली सलामी दी गई। इस परेड का संच. ालन प्रथम कमांडर सोनू नेनीवाल, द्वितीय कमांडर अंकित कुमार तथा तृतीय कमांडर जयवीर सिंह द्वारा किया गया। इसके साथ समारोह का औपराचिक शुभारंभ हुआ। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के आगमन पर उनका विधिवत अभिवादन किया गया। मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया और टोलियों की सटीकता, अनुशासन एवं तालमेल की सराहना की। उन्होने परेड का मान, प्रणाम ग्रहण भी किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नोकरी नहीं बल्कि राष्ट्र सेवा का सर्वोच्च दायित्व है। उन्होने नवयुक्त आरक्षियों को ईमानदारी, अनुशासन, कर्तव्य निष्ठा व जन सेवा की भावना के साथ कार्य करने का संदेश भी दिया। उन्होने कहा कि भविष्य की चुनौतियों के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम के समापन पर एसएसपी व मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेटकर उनका आभार व्यक्त किया गया।यहां पर एसपी सिटी अमृत जैन, एसपी देहात अक्षय संजय महाडीग, एसपी क्राइम ईंदू सिद्धार्थ, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के. मिश्रा व समस्त सीओ शामिल रहे। समारोह के दौरान एसएसपी ने रिक्रूट आरक्षियों को देश की एकता और गोपनीयता की शपथ दिलाई।



मुजफ्फरनगर: मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेट करते एसएसपी संजय कुमार वर्मा।



मुजफ्फरनगर: परेड का निरीक्षण करते मुख्य अतिथि राजकरन नय्यर।

# घर में घुसकर दबंगों ने किया हमला

**महिला और मासूम बच्ची हुई लहूलुहान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कोतवाली क्षेत्र के सफीपुर पटी मोहल्ले मे दबंगों ने एक घर पर धावा बोल दिया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। हमले में अन्सार की पत्नी गुलाब बानो और मासूम पुत्री सुमैया को गंभीर चोटें आई हैं। दोनों को लहूलुहान हालत में सीएचसी बुढ़ाना लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल मुजफ्फरनगर रेफर कर दिया। बताया गया है कि अन्सार का मोहल्ले के कुछ दबंग किस्म के लोगों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी।

आरोप है कि उसी रंजिश में देर शाम कई लोग लाठी-डंडे लेकर अन्सार के घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। घर में मौजूद अन्सार की पत्नी गुलाब बानो और बेटी सुमैया ने जब विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें भी बेरहमी से पीटा।

चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजन तुरंत दोनों घायलों को लेकर सीएचसी बुढ़ाना पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने बताया कि गुलाब बानो के सिर व हाथ में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि बच्ची सुमैया के चेहरे व शरीर पर चोट के निशान हैं। हालत गंभीर होने के कारण दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही बुढ़ाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में मुकदमा दर्ज किया जाएगा और जांच के दौरान जो दोषी पाया जाएगा उसके विरूद्ध पुलिस कार्यवाही करेगी। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

# दो दिन बाद भी मृतक व्यापारी के घर मचा हैं कोहराम

## मां से बेटा और बहन से भाई हमेशा के लिए हुआ जुदा, पूरे गांव में छाया है मातम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अभी तक सुनते आए थे कि लव, सेक्स और धोखा और ऐसे मामले लगातार मीडिया में भी देखने को मिले जिसमें युवक ने शादी का झांसा देकर प्यार किया ओर शादी का झांसा ही देकर उससे संबंध बनाए और उसके बाद धोखा दे दिया। अब तक यह धोखेबाजी और फरेबबाजी लडकियों के साथ होती आई है, लेकिन तितावी क्षेत्र की घटना ने ऐसे मामलों को एक दम उलटा कर दिया है जहां युवक को पहले प्रेम के झांसे में लिया जाता है और फिर धीरे-धीरे नजदिकियां बढाने के बाद उसको ब्लैकमेल किया जाता है। इसके बाद युवक ने फरेब, धोखेबाजी और समाज में रूसवाई के डर से अपनी जान दे दी।

मृतक के सुसाइड नोट ने पूरी कहानी को खुद बयान कर दिया कि किस तरह उसको ब्लैकमेल किया गया और क्यो उसने जान दी है यह सारा चिट्ठा पुलिस प्रशासन के पास है। सवाल यह है कि युवक के साथ ऐसा क्या हुआ जो उसने मौत का रास्ता चुना, हालांकि मौत के बाद सुसाइड नोट अपने आप में खुद सवालों का जवाब है।

घटना शनिवार की सवेरे की है जहां तितावी क्षेत्र के गांव गढ़ी देशराज में युवा व्यापारी ने मान. सिक उत्पीडन और ब्लेकमेलिंग से तंग आकर मौत का रास्ता चुना। मां-बेटी ने तो उसको मौत के रास्ते पर लाकर छोड दिया, लेकिन जिस मां का इकलौता बेटा गया उसका हाल परिवार ही जान सकता है इतना ही नहीं वह अपनी बहन की शादी के लिए प्रेमीका ओर उसकी मां के सामने गिढगिढाता रहा, लेकिन दोनो ने मिलकर उसको मौत के रास्ते पर लाकर छोड दिया।

कुल मिलाकर सुसाइड नोट उन लोगों के चेहरे से नकाब उतार दिया है जिन्होने युवा व्यापारी को सांस लेना भी दुभर कर दिया था। मृतक युवा व्यापारी पूरे परिवार का पालन पोषण करता था, क्योकि उसके पिता की काफी समय पूर्व मौत हो गई थी। सुसाइड नोट मृतक के जीवन और उसकी मौत की कहानी बयान कर रहा है जिसमें मृतक बता रहा है कि दस दिन पूर्व भी उसको काफी टॉर्चर किया गया लडके के फोटो वायरल करने की धमकी दी गई जिसमें वसूली करने का भी आरोप लगाया गया है युवक ने अपनी बहन की शादी का वास्ता देकर समझाने की काफी कोशिश की , लेकिन मां बेटी अपनी जिद पर अडी रही।

जांच में यह भी आ रहा हे कि युवा व्यापारी से पैसे भी लिए गए मृतक अपनी जीवन लीला समाप्त करने से पहले यह कह रहा है कि मौत के लिए मजबूर करने वाली मां-बेटी को नहीं छोडना। अब पुलिस दो दिन से इस मामले की पूरी तहकीकात कर रही है कार्यवाही क्या होगी पुलिस जांच क्या कहेगी, यह तो पुलिस ही जाने, लेकिन एक मां का बेटा और बहन का भाई हमेशा के लिए छिनन गया है।

बता दे कि अब तक यह सुनते आए थे कि लडकी के साथ लव, सेक्स और धोखा हुआ, लेकिन यहां तो पूरी कहानी ही उलटी हो गई जहां युवक को मौत के रास्ते पर लाकर छोडा गया। आज दो दिन बाद भी मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है रिश्तेदार, परिवार और गांव के लोग युवा व्यापारी की मौत के सदमे में है।

# सुजड़ू के व्यक्ति के अपहरण की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** थाना खालापार क्षेत्र के गांव सुजड़ू पट्टी के महेश कुमार 21 अप्रैल 2026 की सवेरे घर से तहसील जाने के लिए निकले थे। महेश कुमार ने बताया था कि उनकी दुकान का बैनामा और वह वकील के पास जा रहा है, लेकिन इसके बाद वह घर नही लौटा। रात्रि जब तक महेश कुमार घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की और इतंजार के बाद इसकी जानकारी खालापार पुलिस को देकर गुमशुदगी की तहरीर दी, लेकिन चार दिन बितने के बाद भी उसका कही सुराग नहीं लगा। इसके बाद गायब हुए व्यक्ति के बेटे अनिल कुमार ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया। बेटे का कहना है कि महेश कुमार की लापता होने के पीछे कोई बडी साजिश भी हो सकती है। बेटे ने अपने पिता की अपहरण की आशंका जताई और इस मामले को लेकर और भी गंभीर आंशका जताई है। खालापार प्रभारी निरीक्षक बबलू सिंह वर्मा का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है अब पुलिस उनकी तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि इस मामले की जांच कई पहलुओं पर की जा रही है।

# मादक पदार्थ तस्कर पहुंचे जेल

## शाहपुर-बुढ़ाना पुलिस ने 80-90 लाख का किया था नशीला पदार्थ बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शाहपुर पुलिस ने गिरफ्तार किए गए चार मादक पदार्थ तस्करों को लिखापढ़ी के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस ने विगत दिवस आरोपियों के कब्जे से 70 लाख के अवैध मादक पदार्थ बरामद करने का दावा किया था।

पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दोरान एसएसपी संजय कुमार वर्मा और एसपी देहात ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि शाहपुर पुलिस ने गत दिवस आसिफ पुत्र दिलशाद उर्फ काला निवासी ग्राम परासौली, रिजवान पुत्र बाबू व शाहनवाज पुत्र तौसीफ तथा नसरूद्दीन उर्फ सोनू पुत्र शरीफ निवासी ग्राम बलई मोतीपुर जनपद बेहराइच को गिरफ्तार किया था आज लिखापढ़ी के बाद उन्हे जेल भेज दिया गया। वहीं एक ओर मामले में एसएसपी संजय कुमार वर्मा और एसपी देहात ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि बुढ़ाना पुलिस ने नशीले पदार्थ की तस्करी के आरा. ेप में अब्दुल समद पुत्र मौ. इस्लाम झोझा निवासी ग्राम रूडकली थाना भोपा को गिरफ्तार किया। उन्होने जानकारी दी कि आरोपी के कब्जे से 24 किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया था। इसकी कीमत साढ़े बारह लाख रूपये है रविवार को लिखापढ़ी के बाद गांजा तस्कर को भी जेल भेज दिया गया है यह गिरोह सस्ते दामों में नशीला पदार्थ खरीदकर जनपद मुजफ्फरनगर व अन्य स्थानों पर फुटकर दामों में बेचकर अधिक लाभ कमाते थे। पुलिस का कहना है कि आरोपी के अन्य साथियों की भी तलाश की जा रही है इनका एक बड़ा गिरोह है।

# कोर्ट की अवहेलना में जिला पंचायत सदस्य का देवर गिरफ्तार

**2022 में नई मंडी थाने पर दर्ज हुआ था मामला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कोर्ट की अवहेलना के मामले में जिला पंचायत सदस्य के देवर को पुलिस ने जेल भेज दिया है। यह मामला 2022 का है जहां कचरे और प्रदूषण के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।

नई मंडी पुलिस ने ग्राम मखियाली निवासी नियाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि नियाज के विरूद्ध 2022 में धारा 279 व 270 के तहत मामला दर्ज किया गया था। उस समय पुलिस ने कार्यवाही की थी जहां 2025 में इस मामले में जमानत हुई। बताया जाता है कि नियाज कोर्ट में तारीख पर पेश नहीं हुए जहां कोर्ट ने उनके वारंट जारी कर दिए थे। इसी के चलते नई मंडी पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि नियाज जिला पंचायत सदस्य के देवर है और कोर्ट ने कई बार उनको तलब किया, लेकिन किसी कारण से वह कोर्ट में पेश नही हो सके जहा कोर्ट की अवहेलना के चलते नई मंडी पुलिस ने उन पर कार्यवाही की।



मुजफ्फरनगर: होमगार्ड परीक्षा का एग्जाम देकर कॉलेज परिसर से बाहर आते अभ्यर्थी।



मुजफ्फरनगर: तेज धूप में अपने गंतव्य की ओर जाती महिलाएं।

# आठ हत्याओं की गवाह ने बताया जान का खतरा

## परिवार के ही लोगों पर लगाए सम्पत्ति कब्जाने जैसे गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बडकली के चर्चित हत्याकांड की गवाह ने आज अपनी ही हत्या की आशंका और सम्पत्ति पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधिकारियों को एक शिकायती पत्र दिया है। बता दे कि 2011 में बधाईखुर्द गांव के एक परिवार के आठ लोगों की सामुहिक हत्या कर दी गई थी। जिसकी गवाह उनके ही परिवार के महिला है, लेनिक आज वही महिला अपनी व अपने परिवार की जान को खतरा बताते हुए अधिकारियों से मिलने पुलिस कार्यालय पहुंच गई। महिला ने अपने ही परिवार के व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाते हुए सम्पत्ति पर जबरन कब्जा करने की बात भी कही है। यहां पहुंची पुलिस रीतू सिंह ने बताया कि 2010 में उसके जेट अमरवीर सिंह की हत्या कर दी गई थी। और इसके बाद उसकी जेठानी राजनीति में आ गई थी और वह ब्लॉक प्रमुख भी बनी, लेकिन कुछ समय बाद ही 2011 में आठ लोगों की सनसनी खेज हत्या कर दी गई थी जिसमें वह खुद गवाह है और उसकी गवाही से आरोपियों से सजा भी हुई थी। अब सम्पत्ति को लेकर परिवार में ही विवाद चल रहा है। आरोप है कि उनके ही परिवार का व्यक्ति पूरी सम्पत्ति में से आधी सम्पत्ति का दावा ठोकते हुए उस पर कब्जा करना चाहता है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि कुछ सम्पत्ति का बटवारा हो चुका है और उनकी हिस्से की सम्पत्ति पर कब्जा भी मिल चुका है, लेकिन उनके परिवार का व्यक्ति उनकी हिस्से की सम्पत्ति पर कब्जा करना चाहता है। उन्होने कहा कि गांव की सम्पत्ति का अभी तक बटवारा नहीं हुआ, लेकिन इसके बाद भी उसको दबंगता दिखाई जा रही है इसकी शिकायत वह कई बार स्थानीय पुलिस, मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की जा चुकी है। पीडिता का कहना है कि इसकी शिकायत एसपी से भी की गई लेकिन इसके बाद भी उक्त सम्पत्ति पर निर्माण चल रहा है, लेकिन शिकायत के बाद डायल 112 की पुलिस ने इस निर्माण को रूकवा दिया। कुल मिलाकर शिकायत करने पहुंची महिला अवैध कब्जे और अपनी सुरक्षा की गुहार लगा रही है।

### रूपाली राव बनी सीओ खतौली, ऋषिका बनी सीओ जानसठ

**मुजफ्फरनगर।** सीओ खतौली रामाशीष यादव के स्थानांतरण के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने सीओ जानसठ रूपाली राव को सीओ खतौली के पद पर नियुक्त किया है। वहीं फुगाना क्षेत्र की क्षेत्राधिकारी ऋषिका को जानसठ क्षेत्राधिकारी के पद पर तेनाती दी है। बता दे कि सीओ खतौली पदोन्नती पाकर उनका तबादला हो गया था जिसके बाद सीओ खतौली का पद खाली चल रहा था। इसी के चलते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने दो क्षेत्राधिकारी का कार्यभार बदला है। बता दे कि इससे पहले भी एसएसपी कई इस्पेक्टरों को इधर से उधर कर चुके है।



# सड़क हादसे में घायल हुए अधेड़ की मौत से शोक की लहर

**भारी संख्या में लोग जनाजे में हुए शामिल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** भोपा- जोली मार्ग पर शनिवार की रात हुए सड़क हादसे में प्रसिद्ध समाज सेवी की मौत हो गयी। जिससे परिवार सहित गांव में शोक छा गया रविवार को सुपुर्दे खाक किया गया। भारी संख्या में लोगों ने जनाजे में शिरकत की।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव रुड़कली तालाब निवासी 62 वर्षीय मौ.कामिल पुत्र मोहम्मद अली अपने रिश्तेदार के बालक सुलेमान निवासी तेवड़ा को बाइक पर बैठाकर देर शाम भोपा में किसी कार्य से जा रहा था कि जोली भोपा मार्ग पर बड़े राजबाहे के पास खेत से सड़क पर जा रही भैंसा बोगी से अचानक उसकी टक्कर हो गई।

जिसमें मौ.कामिल गंभीर रूप से घायल हो गया।जबकि सुलेमान को भी चोट आई आनन फानन में कामिल को मुज़फ्फरनगर के निजी अस्पताल में ले जाया गया है।जहां दौराने उपचार उनकी मौत हो गयी। मोहम्मद कामिल की मौत से परिवार सहित गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बिना किसी पुलिस कार्रवाई के मृतक का अंतिम संस्कार किया गया ग्राम प्रधान मोहम्मद उस्मान ने बताया कि मोहम्मद कामिल प्रसिद्ध समाज सेवी थे जो सामाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़-कर कर भाग लेते थे उनके अंतिम संस्कार में हजारों व्यक्तियों ने शिरकत की मृतक के परिवार में पत्नी मुशय्यदा इकलौता पुत्र मौ. आलिम व भाई हुसैन अहमद, अमीर अहमद ,मौ. सालिम,मौ. यामीन बहन कनीज फातिमा व सुक्की हैं।मृतक कामिल मकान के लिंटर के लिये ढुल्ले का काम करता था।

# मानवता की मिसाल बने पुलिस अधीक्षक नगर

## आपात स्थिति में डायल 112 पर सम्पर्क करें:एसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस अधीक्षक नगर अमृत जैन ने मानवता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए सड़क पर घायल वृद्ध दंपति की जान बचाई।

बताया जाता है कि एसपी सिटी अमृत जैन नगर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था का जायजा लेने भ्रमण पर थे। इसी दौरान चरथावल रोड स्थित शनि धाम मंदिर के पास एक वृद्ध दंपति घायल अवस्था में सड़क पर कराहते हुए मिले। एसपी सिटी अमृत जैन ने तुरंत अपना वाहन रुकवाया और मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली, अपने एस्कॉर्ट वाहन में उपलब्ध फर्स्ट एड किट से घायलों को प्राथमिक उपचार दिया, जिससे उन्हें तत्काल राहत मिली, घायलों से बातचीत कर पहचान की और परिजनों को सूचना दी, समय की गंभीरता को देखते हुए घायलों को एस्कॉर्ट कार से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

**पुलिस की अपील:** पुलिस अधीक्षक नगर ने मौके पर मौजूद लोगों से कहा कि किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर पुलिस से संपर्क करें तथा दुर्घटना या स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति में एंबुलेंस सेवा 108 पर कॉल करें।

मुजफ्फरनगर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति, संदिग्ध गतिविधि या सहायता की जरूरत पर बिना संकोच पुलिस से संपर्क करें। आपकी सुरक्षा के लिए पुलिस सदैव तत्पर है। बता दे कि पुलिस अधीक्षक नगर अमृत जैन कार्यभार संभालते ही पीड़ित की फरीयाद सुनते हुए संबंधित थाने को कार्यवाही के निर्देश दिए है।



### बेटे की याद में अनुभव कन्या डिग्री कॉलेज बनाएंगे अनिल

**मुजफ्फरनगर।** गन्ना समिति रोहाना के चेयरमैन और भाजपा नेता अनिल त्यागी ने अपने दिवांगत पुत्र अनुभव की याद में एक कन्या विद्यालय खोलने का एलान किया है और रविवार को इसका भूमि पूजन और शिलान्यास भाजपा और रालोद के नेताओं ने किया है। रोहाना क्षेत्र में बेटियों की शिक्षा को समर्पित अनुभव डिग्री कॉलेज, कन्या विद्यालय का भूमि पूजन एवं शिलान्यास उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार और स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान ने विधि विधान से किया। इस मौके पर भारी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# रास्ते को लेकर नामित सभासद के साथ हुई मारपीट

**समर्थकों ने विरोध जताकर लगाया जाम, किया प्रदर्शन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के करबला रोड के सामने स्थित बीआरसी कार्यालय के पास बीती शनिवार की देर रात बुढ़ाना नगर पंचायत के रालोद कोटे से विगत दिवस उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा बनाए गये नामित सभासद कुणाल पंवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। तभी इसी घटना के विरोध में मौके पर पहुंचे उनके कुछेक समर्थकों ने कुछ देर घटनास्थल पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। इस हंगामे की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने बमुश्किल स्थिति नियंत्रण मे की।

जानकारी के अनुसार सभासद कुणाल पंवार बीती शनिवार कि रात एक परिचित की बेटी को उसके घर पर छोड़ने जा रहे थे। इस दौरान बीआरसी के पास से एक घुड़चढ़ी निकल रही थी। रास्ता देने को लेकर कुणाल पंवार का कश्यप समाज के कुछ लोगों से विवाद हो गया। कहा. सुनी होने के बीच शराब के नशे में धुत कुछ युवकों ने सभासद के साथ गाली गलौज कर मारपीट करनी शुरू कर दी।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने सभासद से घटना की जानकारी ली और उनके आक्रोशित समर्थकों को समझा बुझाकर शांत किया।

बुढ़ाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने सभासद को समझा बुझाकर जाम खुलवाया और घायल सभासद को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। सभासद की तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# कश्यप समाज में पुलिस के खिलाफ भारी रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना में दर्ज एक मुकदमे को लेकर कश्यप समाज में भारी रोष है। समाज के लोगों का खुला आरोप है कि उक्त प्रकरण में कश्यप समाज के लिए अशोभनीय शब्दों का प्रयोग किया गया है और 10-12 युवकों के खिलाफ धारा 307 में मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है। इसे लेकर कश्यप समाज ने कोतवाल बुढ़ाना की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। रविवार को समाज के कुछ जिम्मेदार लोगों ने बुढ़ाना कस्बे के पुलपार स्थित मदनलाल हास्पिटल में एक पत्रकार वार्ता की। जिसमें कई लोग शामिल हुए। प्रेस वार्ता में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि मुकदमे से धारा 307 नहीं हटाई गई तो आगामी 30 अप्रैल दिन बृहस्पतिवार को कश्यप समाज कोतवाली बुढ़ाना का घेराव करेगा। समाज के जिम्मेदार मास्टर सुशील कश्यप और डाक्टर सोनू कश्यप का कहना था बीती रात हुए मामूली विवाद को बढ़ा चढ़ाकर पेश किया गया और एक तरफा कार्रवाई करते हुए गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर



दिया गया। उन्होंने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए व निर्दोष युवकों पर लगी धारा 307 को हटाया जाए और साथ ही समाज के खिलाफ की गई टिप्पणी पर भी कार्रवाई हो। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द सुनवाई नहीं की तो समाज शांतिपूर्ण तरीके से बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

# शुकतीर्थ में 2 से 10 मई तक होगी राम कथा : मुरारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विश्व प्रसिद्ध राम कथा वाचक संत मुरारी बाबू मई के प्रथम सप्ताह में शुकतीर्थ में रहेंगे। जहां 2 मई से 10 मई तक वट वृक्ष के नीचे शुकदेव आश्रम में कथा करेंगे। इस शुभ अवसर पर तेज गर्मी में देश विदेश से रामभक्त बड़ी संख्या में शुकतीर्थ में उपस्थित रहेंगे। तीर्थ नगरी के चहुंमुखी विकास हेतु सभी भक्त बाबू के मार्गदर्शन से विकास कार्य भी करेंगे।

मुरारी बाबू के शिष्य पिंकी ने अहमदाबाद से फोन पर बताया कि जहां पहली बार संत शुकदेव



जी ने राजा परीक्षित को मद्भागवत कथा सुनाई थी उसी स्थान पर बाबू भक्तों को राम कथा का गुणगान कराएंगे। कथा वाचक मुरारी बाबू समय - समय पर शुकतीर्थ आते रहते हैं। उनके भक्तों ने यहां एक राम कुटीर भी बना रखी है। ताकि शुकतीर्थ प्रवास पर राम कुटी में राम नाम का ध्यान कर सके। राम कथा सप्ताह के अवसर पर अनेकों प्रसिद्ध संत, गणमान्य राजनेता, फिल्मी दुनिया के लोग, उद्योग-व्यापार से जुड़े भक्त भी उपस्थित रहेंगे। मुजफ्फरनगर क्षेत्र के सभी भक्तों को कथा श्रवण के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

बाहर से आने वालों के लिए ठहरने-खाने की उचित व्यवस्था की गई हैं। पूरा शुकतीर्थ मई के प्रथम सप्ताह में मेले का रूप ले लेगा। कई अतिथियों के हेलीकॉप्टर से आने की संभावना है।

मुरारी बाबू की कथा सुनने को भक्त बड़ी तैयारियां कर रहे हैं। राम कथा समिति ने रहने-खाने-ठहरने की हर व्यवस्था को पूर्ण मजबूती से किया है। सत्यप्रकाश रेशू, ऋषि हलवाई, गांधी टैंट, युवा समिति, जल सेवा समिति सहित अनेकों संस्थाएं राम काम में जुड़ गई है।

# तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, दिव्यांग हुआ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कोतवाली क्षेत्र में बड़ौत रोड पर एक सड़क हादसा हो गया। वेदा फार्म के सामने तेज गति से आ रही अनियंत्रित कार ने सामने से आ रहे ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई रिक्शा चालक दिव्यांग राकेश कश्यप गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार काफी तेज थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई रिक्शा पलट गया और चालक राकेश सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल राकेश को सीएचसी बुढ़ाना पहुंचाया।

सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने राकेश की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल मेरठ रेफर कर दिया। बताया गया कि राकेश के सिर व पैर में गंभीर चोटें आई हैं। वह पहले से दिव्यांग है और ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। सूचना पर बुढ़ाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया। कार चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। कोतवाली प्रभारी सुभाष बाबू अत्री ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से बड़ौत रोड पर तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने और स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है।

# तेज रफ्तार कार की दो बाइकों से भिड़ंत में तीन युवक गंभीर घायल

**खतौली सीएचसी से जिला अस्पताल रैफर, पुलिस जांच में जुटी**

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** फलावदा-शाहपुर मार्ग पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक कार और दो बाइकों की भिड़ंत में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खतौली पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि कोतवाली क्षेत्र के गांव निठारी और पाल निवासी कल्लू, नीटू और विकास अलग-अलग बाइ. कों से खतौली आ रहे थे। जैसे ही वे शेखपुरा गांव के पास एक ठेके के निकट पहुंचे, सामने से आ रही तेज गति की कार ने दोनों बाइकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक बुरी तरह घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार कार चालक की तलाश जारी है।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र सलमान व पुत्रवधु श्रीमति कौशर मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने में नहीं रहे हैं। आवारा लोगो की संगत मे रहकर आवारा हो गए हैं। कौशर आये दिन मुझे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के साथ झगड़ा फसाद करती रहती है और मुझे व गेरे परिवार के सदस्यों को संगीन झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देती है। मैने इनकी नाजायज हरकतो को देखते हुए इन दोनों को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की इनके किसी भी कृत्य व लेन-देन की कोई जिम्मेदारी प्रकार की नही होगी। यदि इनसे कोई झगडा फसाद करता है तो वह इसके स्वयं होंगे।

**अय्यूब पुत्र बशीर**
**निवासी-म.नं. 110, नसीरपुर, थाना नई मण्डी, जिला मुजफ्फरनगर।**

# भीषण सड़क हादसे में दर्जनभर राहगीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** दिल्ली-पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को ग्राम देवल स्थित गंग नहर पुल के पास एक भीषण सड़क हादसे में करीब एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से लगभग आधा दर्जन घायलों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है, जिन्हें उपचार के लिए बिजनौर और मेरठ के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। उत्तराखंड के जनपद पौड़ी से सवारियों से भरी एक कार दिल्ली की ओर जा रही थी। जैसे ही कार ग्राम देवल गंग नहर पुल के समीप पहुंची, चालक ने आगे चल रहे एक वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान चालक बस से नियंत्रण खो बैठा और मिनी बस आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के पीछे आ रहा एक अन्य ट्रक भी अनियंत्रित होकर मिनी बस में जा भिड़ा। दोनों ट्रकों के बीच फंसी मिनी बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। कई यात्री शीशे तोड़कर बाहर निकले, जबकि कुछ लोग वाहन में ही फंस गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकाला गया। घायलों को तत्काल बिजनौर और मेरठ के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल ब्रह्मानंद पुत्र जगदीश निवासी फलीसेड, जनपद पौड़ी, सूरज पुत्र ठाकुर सिंह निवासी चौपटा खान, जनपद पौडी, सुरेश देवी पत्नी दुर्गा सिंह निवासी ग्राम कफल्ट, भंवर पुत्र बुद्धि सिंह निवासी ग्राम कफल्ट, थाना पौड़ी सहित कई घायलों का उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार सुरेश देवी और ब्रह्मानंद की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है, जिन्हें मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना uke Salma Begum से बदलकर Salma Begam रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।
Salma Begam W/o Gulam Rasool, 8/522-1/2, Mohalla, Jhotewala, Near Yateem Khana, Saharanpur

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं DILKASH FATMA पति AFAQ ATHAR ZAIDI निवासी: हाउस न. 13/345, छोटा इमामबाड़ा के पास, मोहल्ला अनसरियांन, सहारनपुर उप्र 247001 ने अपना नाम DILKASH HAIDER से बदलकर DILKASH FATMA कर लिया है अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्य के लिए DILKASH FATMA के नाम से जाना जाए।

# कुमारी आध्या ने जीता आज एक और पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आज लखनऊ में आयोजित सब जूनियर कैडेट और जूनियर स्टेट कराटे चैंपियनशिप 2026 में कांस्य पदक जीतकर जनपद मुजफ्फरनगर का नाम रोशन किया है आध्या रालोद की राष्ट्रीय सचिव रमा नागर की धेवती एवं पुरकाजी विकास खंड के गांव तेजलहेडा प्रतिष्ठित परिवार स्वर्गीय बाबू बिशम्भर सिंह जी की परपोती एवं मुजफ्फरनगर के प्रसिद्ध हासपिटल संतोष हासपिटल पुराना सिंघल नर्सिंग होम निकट कंपनी बाग मुजफ्फरनगर के एम. डी. डाक्टर आदित्य की बेटी है। आध्या ने इससे पूर्व जयपुर में आयोजित खेलो कराटे चैंपियनशिप में कांस्य पदक एवं दिल्ली में आयोजित सनिसकान अखिल भारतीय कराटे चैंपियनशिप 2026 में स्वर्ण पदक जीता था आध्या की इस सफलता पर नानी रमानागर ने बताया कि उसकी इस सफलता का श्रेय उसके मेरठ कराटे एसोशिएशन मैक एकेडमी के कोच नरेन्द्र एवं सूरजमल को जाता है जिनके कुशल प्रशिक्षण में आध्या यह सफलता प्राप्त कर रहीं आध्या



की इस सफलता ने पूरे परिवार एवं जनपद को गर्व है मैं ईश्वर से आध्या के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं और हमारी बेटी देश विदेश में हमारा, जनपद मुजफ्फरनगर का साथ ही अपने कोच एवं एकेडमी का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करें।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र स0 2573/18.02.24 मे गलती से माता का नाम priyanshi अंकित करा दिया गया जबकि वास्तविक नाम priyanshy है और भविष्य मे भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**अजय कुमार,**
**निवासी- सहावली नई मंडी, मुजफ्फरनगर**

# तीन दिवसीय सामुदायिक जागरूकता शिविर का किया समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज मुजफ्फरनगर के बी.एड पाठड्क्रम के द्वितीय वर्ष में तीन दिवसीय सामुदायिक जागरूकता शिविर का समापन कुकडा मंडी, मुजफ्फरनगर में किया गया। कार्यक्रम का मापन राम कॉलेज की प्राचार्या डा प्रेरणा मित्तल, डा एसएन चौहान, डीन एकेडमिक्स डा विनीत कुमार शर्मा ने विधिवत किया।

शिविर के समापन दिवस पर सभी छात्र-छात्राएं प्राथमिक विद्यालय कुकडा मंडी में एकत्रित हुए तत्पश्चात उन्हें 10-10 की संख्या में समूहों में बांटा गया। शि. विर के तीसरे दिन सभी छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाल.




कर बस्ती में घर-घर जाकर पर्यावरण संरक्षण के संबंध में कॉलौनी वासियों को जागरूक किया। पर्यावरण मानव जीवन के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढे हुये तापमान का मुख्य कारण पर्यावरण प्रदूषण तथा ग्लोबल वार्निंग है जिस हम वृक्ष लगाकर काफी हद तक पर्यावरण को संतु. लित बनाये रख सकते है।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर राम कॉलेज की प्राचार्या डा प्रेरणा मित्तल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के मुख्य प्रकारों में बहाली और संरक्षण, वैज्ञानिक अनुसंधान, सामुदायिक और नागरिक कार्रवाई, और रोजमर्रा के विकल्प शामिल हैं।

इस अवसर पर राम कॉलेज के डीन एकेडमिक्स डा विनीत कुमार शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण का प्रयोग विभिन्न प्रकार की गति. विधियों के लिए किया जाता है, जैसे संरक्षित क्षेत्र बनाना, वृक्षारा. ेपण करना, फसल कटाई सीमित करना, हानिकारक गतिविधियों या प्रदूषण को कम करना, साम. ुदायिक उद्यान बनाना, विक्षुब्ध क्षेत्रों का जीर्णोद्धार करना या अधिक टिकाऊ उत्पादों की खरीद करना।

इसका उपयोग सख्त पर्यावरण संरक्षण कार्यों, सक्रिय जीर्णोद्धार गतिविधियों और/या संसाधनों के टिकाऊ उपयोग और प्रबंधन का वर्णन करने के लिए किया जाता है।

संरक्षण संबंधी कार्य स्थानीय से लेकर वैश्विक स्तर तक, और ग्रामीण एवं शहरी दोनों संदर्भों में किए जा सकते हैं।इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन डा0 विधि सिंह, समन्वयक, शिक्षा विभाग द्वारा किया गया।

इस अवसर पर राम कॉलेज की प्राचार्या डा प्रेरणा मित्तल, राम कॉलेज के डीन एकेडमिक्स डा विनीत कुमार शर्मा तथा शिक्षा विभाग के अध्यापकगण डा0 विधि सिंह, सपना सिंघल, रीतु गर्ग आदि उपस्थित रहें।

# आसपा नेता का जोरदार स्वागत, अमीर आलम को जिताने की कवायद तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। संभावित प्रत्याशी अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुट गए हैं। इसी क्रम में मुज़फ्फरनगर विधानसभा सीट से संभावित उम्मीदवार वरिष्ठ आसपा (आज़ाद समाज पार्टी) नेता अमीर आलम खान के समर्थन में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया है।

अमीर आलम खान के पुत्र रविश आलम लगातार क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों से संवाद स्थापित कर रहे हैं और उन्हें एकजुट करने का प्रयास कर रहे हैं।

बीती रात रविश आलम खालापार क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने गणमान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने लोगों को पार्टी की विचारधारा से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने बताया कि भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद (रावण) ने समाज की आवाज उठाने के लिए लगातार संघर्ष किया है और उनका यह संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। दक्षिणी खालापार स्थित प्रसिद्ध चिकित्सक स्व. डॉ. नसीम अहमद थानवी के आवास पर पहुंचे रविश आलम का स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। वरिष्ठ समाजसेवी सलीम अहमद थानवी ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए सफलता की कामना की। इस अवसर पर दानिश थानवी, आमिर थानवी, फिरोज थानवी, जानू कुरैशी, खालिद कुरैशी, आरिफ कुरैशी, शमीम मंस. ूरी, अरहम शमीम, साकिब खान, अफराज अली, वसीम अब्बासी, काजी खुर्रम, नसीम अहमद, अमरीश कुमार कल्याणी, संजीव भारती, उस्मान अली, जावेद अंसारी, फरमान सिद्दीकी, सरताज अली, रहबर खान सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# खेत में काम कर रहे भाइयों पर हमला, ताबड़तोड़ फायरिंग से दहशत

## 20-25 हमलावरों का धावा, कई राउंड गोलियां चलने से सहमे ग्रामीण

**शाह टाइम्स सवांददाता,**

**खतौली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर में रविवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब खेत में काम कर रहे दो सगे भाइयों पर हथियारबंद युवकों ने हमला कर दिया। करीब 20-25 हमलावरों ने अचानक धावा बोलते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई।

मिली जानकारी के अनुसार, गांव निवासी लक्ष्य और आशीष पुत्र राजकिशोर सुबह लगभग 10 बजे अपने खेत में गन्ना काट रहे थे। तभी कई बाइक और पैदल पहुंचे हमलावरों ने दोनों को घेर लिया और गाली-गलौच करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। देखते ही देखते हमलावरों ने लगातार कई राउंड फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई इस घटना से आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों में भगदड़ मच गई। इसी दौरान वहां से गुजर रहा युवक वंश पुत्र सचिन भी बाल-बाल बच गया। फायरिंग के बीच दोनों भाइयों ने सूझबूझ दिखाते हुए गन्ने के घने खेत में छिपकर अपनी जान बचाई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। कुछ देर तक दहशत फैलाने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन हमलावरों का कोई सुराग नहीं लग सका।पीड़ित पक्ष ने कोतवाली पहुंचकर नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है और सुरक्षा की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद शाहपुर और आसपास के गांवों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने पुलिस से सुरक्षा बढ़ाने और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# लोई के सावेज बने पुलिस विभाग में सिपाही

**नसीम कुरैशी**

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव लोई के इनाम कुरैशी के पुत्र सावेज कुरैशी उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में पुलिस कांस्टेबल बन गये हैं। उन्होंने रविवार के दिन उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में आयोजित एक भव्य दीक्षांत समारोह के दौरान यूपी पुलिस में सेवा करने का संकल्प लिया। सावेज की इस उपलब्धि से ना केवल उनके परिवार में बल्कि पूरे बुढ़ाना तहसील क्षेत्र का मान बढ़ा है। इस दीक्षांत समारोह में सावेज कुरैशी द्वारा पुलिस विभाग को चुनने पर उपस्थित गणमान्य लोगों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। यह क्षण उनके परिवार के लिए गर्व का विषय रहा। बुढ़ाना क्षेत्र के लोगों में भी खुशी का माहौल है। सावेज के पिता इनाम और मां मुन्नी ने सावेज की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपने बेटे पर गर्व है और वे चाहते हैं कि वह ईमानदारी और निष्ठा के साथ ही अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उनका पुत्र सावेज बचपन से ही



अनुशासित और मेहनती छात्र रहा हैं। उन्होंने अपनी पढाई के साथ साथ हमेशा समाज और देश सेवा का सपना देखा था। यूपी पुलिस में शामिल होने का उनका निर्णय अब क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है। स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों और शुभचिंतकों ने शावेज को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। बुढ़ाना क्षेत्र में इस उपलब्धि को लेकर उत्साह है और यह युवाओं को कड़ी मेहनत कर देश सेवा में योगदान देने के लिए प्रेरित कर रहा है। उधर मुरादाबाद में रविवार की सुबह परेड ग्राउंड पर गर्व, अनुशासन और देशभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। आउटडोर व इनडोर की अंतिम परीक्षा पास करने के बाद छह प्रशिक्षण संस्थानों के कुल 4941 प्रशिक्षु सिपाही जब कदमताल करते हुए पासिंग आउट परेड में शामिल हुए तो पूरा माहौल भावुक और उत्साह से भर गया। सुबह ठीक 8 बजे बैंड की धुन पर शुरू हुई परेड में फुल ड्रेस में सजे रंगरूटों की सधी हुई चाल और दमदार प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। वर्दी में अपने बेटों बेटियों को देखकर परिजनों की आंखें खुशी से छलक पड़ीं। कई माताओं ने भावुक होकर तिरंगे के साथ अपने बच्चों को सलाम किया। परेड का निरीक्षण वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने किया। सलामी के बाद सभी नव आरक्षियों को देशसेवा, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा वर्दी सिर्फ सम्मान नही बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। जनता की सेवा, सुरक्षा और कानून का राज स्थापित करना ही आपका पहला धर्म है। मुरादाबाद स्थित छह प्रशिक्षण संस्थानों से कुल 4941 प्रशिक्षु सिपाही प्रशिक्षण पूरा कर यूपी पुलिस का हिस्सा बने हैं। महीनों की कड़ी ट्रेनिंग, शारी. रिक दक्षता, हथियार चलाने का अभ्यास और कानून की बारीकियों को सीखने के बाद ये जवान अब फील्ड में प्रदेश की कानून-व्यवस्था संभालेंगे। परेड के दौरान रंगरूटों ने हथियार ड्रिल, एंटी रायट ड्रिल और अनआर्म्ड कॉम्बैट का शानदार प्रदर्शन कर अपनी तैयारी का परिचय दिया। लोई गांव से सावेज के भाई जावेद कुरैशी, शादाब, हासिर, दानिश आदि ने कहा कि भाई सावेज को पुलिस की वर्दी में देखकर हम सभी का सीना गर्व से चौड़ा हो गया। आज हमारे परिवार का सपना पूरा हुआ। भाई ने पुलिस विभाग में जाकर पूरे गांव लोई का नाम रोशन कर दिया। कार्यक्रम के समापन पर बैंड की मधुर धुन के साथ जवानों ने मार्च पास्ट किया और एक स्वर में भारत माता की जय का उद्घोष किया।

# दीक्षांत समारोह में चमका पीपलहेड़ा का नाम, हर्ष राणा यूपी पुलिस सेवा के लिए तैयार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** क्षेत्र के गांव पीपलहेड़ा के लिए गर्व का क्षण उस समय देखने को मिला, जब गांव के पूर्व प्रधान एवं 'खतौली की चौपाल' के संस्थापक सदस्य श्रीवीर राणा के सुपुत्र हर्ष राणा ने मुरादाबाद में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस में सेवा देने के लिए अपनी तैयारी पूरी कर ली। दीक्षांत समारोह में हर्ष राणा की इस उपलब्धि पर परिजनों व क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। उनकी सफलता को गांव और क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया जा रहा है। खतौली की चौपाल' की ओर से हर्ष राणा को उज्ज्वल भविष्य और कर्तव्यनिष्ठ सेवा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। चौपाल के सदस्यों ने विश्वास जताया कि हर्ष अपनी मेहनत, ईमानदारी और समर्पण से पुलिस विभाग में उत्कृष्ट कार्य करेंगे और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

# चौकीदार हत्याकांड में पुलिस के हाथ खाली

**■ एसएसपी पहुंचे मौके पर, जल्द खुलासे का दिया आश्वासन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** नगर मे छपार-रोहना रोड स्थित किड्स हेवन पब्लिक स्कूल के भीतर चौकीदार की हत्या के करीब 36घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली नजर आ रहे हेस गत दिवस जहाँ सुबह सवेरे ही किड्स हेवन पब्लिक स्कुल के चौकीदार की धारदार हथियारों से हत्या कर दी गयी थी हत्या से क्षेत्र मे हड़कम्प मच गया था।

वही स्कुल प्रागण के अंदर चौकीदार की हुई बेरहमी से हत्या ने जहाँ पुलिस की कार्यप्रणाली और कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खडे कर दिए थे वही क्षेत्र मे इतनी बड़ी वारदात के घटित होने और घटना को अंजाम देने के बाद आरोपियों के आराम से फरार होने पर पुलिस द्वारा क्षेत्र मे की जा रही रात्रि गश्त की पूरी तरह पोल खुल गयी हे और क्षेत्र मे वारदात का खुलासा न होने से भारी रोष हे वही सीओ सदर ने चरथावल थाने पहुंचकर मामले मे छानबीन की और हर पहलू पर बारीकी से नजर दौड़ाकर जल्द से जल्द घटना को खोलने की कोशिश की लेकिन सूत्रों के अनुसार अभी पुलिस के हाथ खाली नजर आ रहे हे और घटना का कोई कलु पुलिस के हाथ अभी तक न लगने की चर्चा है।

**पुलिस की रडार पर आए लोगो से पूछताछ की:** चरथावल पुलिस ने आसापस लगे सीसीटीवी केमरो को खूब खगाला और जो भी जरा भी रोड से गुजर रहा संदिग्ध नजर आया उससे वहा से गुजरने सहित पुरे विवरण के साथ पूछताछ की लेकिन पुलिस के हाथ कोई सुराग अभी तक न लगने की चर्चा हे वही पुलिस द्वारा हर पहलू पर नजर दौड़ाकर पुरे दिन इसी कड़ी मे लगकर घटना को खोलने के हर सम्भव प्रयास करती नजर आयी।

**खुलासे के लिए लगी तीन टीमें:** हत्याकांड के बाद जहाँ घटना को खोलने के लिए एसपी सिटी द्वारा तीन टीमें गठित की गयी थी वही तीनो टीमें हत्याकांड के खुलासे के लिए अपने अपने स्तर पर जानकारी जुटाकर घटना से जुड़े हर पहलू पर जहाँ बारीकी से नजर दौड़ाती नजर आयी वही घटना से जुडी हर चीज पर गहन नजर दौड़ाकर घटना के खुलासे की कोई कड़ी मिलने की पूरी को. शिश करती नजर आयी वही सूत्रों के अनुसार अभी तक पुलिस हवा मे ही तीर चला रही है।

# गन्ने की फसल में चोटी बे धक कीट का प्रकोप

**■ किसान और प्रबंधन ने चलाया अभियान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** मंसूरपुर शुगर मिल के गन्ना महा प्रबंधक उत्तम कुमार वर्मा ने बताया कि गन्ने की फसल चोटी बे धक कीट से प्रभावित हो गई है।

इसको समाप्त करने के लिए किसानों तथा मिल प्रबंधन ने अभियान चलाया है। उन्होंने बताया कि जिस खेत में चोटी बेधक कीट का प्रभाव दिखाई दे उस पौधे क। चोटी बे धक पौधे को खेत सेकाट कर लाने पर किसानों को प्रोत्साहन राशि के रूप में मिल की तरफ से 2 प्रति पौधा दिया जा रहा है।

उन्होंने किसानों से खेतों में फेरोमैन ट्रैप उपकरण भी लगाने की सलाह दी है। इससे चोटी बेधक मादा कीट की गंध निकलती है। गंध सूंघकर नर कीट इसकी ओर आकर्षित होते हैं और इसमें गिर कर मर जाते हैं। इस प्रकार उनकी आबादी फैलने से रुक जाती है।

# कार्यकर्ताओं संग पूर्व विधायक उमेश ने सुनी मन की बात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय मासिक कार्यक्रम मन की बात को रविवार को बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में पूरे उत्साह के साथ सुना गया। बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक ने मंडल बुढ़ाना के बूथ नंबर 90 पर दर्जनों कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना।



इस अवसर पर यहां पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उनके विचार युवा, किसान, महिला और हर वर्ग के लिए प्रेरणादायक हैं।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि पीएम मोदी के संदेश को बूथ स्तर तक हर घर तक पहुंचाएं।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मोनू ठाकुर, भूमि विकास बैंक चेयरमैन विनोद सैनी, कुलदीप बागड़ी, पुनीत पंवार, शिवम निमेष, मुकेश शर्मा, सोनू कुमार, प्रमोद गर्ग, सचिन गुर्जर समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम के बाद समस्त कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बताए गए स्वच्छता, जल संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को धरातल पर उतारने का संकल्प लिया। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने यहां पर कहा कि बूथ सशक्तीकरण ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और मन की बात कार्यक्रम इसमें अहम भूमिका निभा रहा है।

# परशुराम जयंती पर उमड़ा आस्था का सैलाब



**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रविवार को कस्बे में भगवान परशुराम जयंती पूरे श्रद्धा भाव और उत्साह के साथ मनाई गई। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच शुरू हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हवन-पूजन के पश्चात निकली भव्य शोभायात्रा ने पूरे नगर का माहौल भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत थाम्बेवर महादेव से जुड़े संस्कृत महाविद्यालय परिसर में भगवान परशुराम की प्रतिमा के विधिवत पूजन से हुई। श्रद्धालुओं ने माल्यार्पण कर उनके आदर्शों और समाज के प्रति योगदान को स्मरण किया। इसके बाद अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में शोभायात्रा निकाली गई, जो थाम्बेवर महादेवालय से प्रारंभ होकर बुढाना मार्ग, जीटी रोड, इंद्रा मूर्ति और जानसठ तिराहे से होते हुए परशुराम भवन पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में बैंड-बाजों, डीजे और आकर्षक झांकियों ने सभी का ध्यान खींचा। भगवान परशुराम, शिव-पार्वती, शिव तांडव, श्रीराम-सीता और हनुमान जी के जीवंत स्वरूप विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया, जबकि साधु-संत भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़ते रहे। महिलाओं और पुरुषों की बड़ी भागीदारी ने आयोजन को और भव्य बना दिया। भीषण गर्मी के बीच विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सेवा भाव दिखाते हुए जलपान और शीतल जल की व्यवस्था की। बुढ़ाना तिराहे, कीर्ति स्तंभ और जानसठ तिराहे पर अलग-अलग संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा की गई। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। उप जिलाधिक. ारी ललित मिश्रा, क्षेत्राधिकारी रूपाली राव और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र बघेल के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। मुख्य अतिथि पंडित राम अवतार शर्मा ने भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़ा गया आरोपी सागर पुत्र अशोक निवासी काशीराम कॉलोनी बुढ़ाना का रहने वाला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व कांशीराम कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि सागर उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। परिजनों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली प्रभारी सुभाष बाबू अत्री ने तत्काल एक टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस टीम ने संभावित ठिकानों पर दबिश देकर सघन तलाशी अभियान चलाया था। तब मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी सागर को कस्बे से ही गिरफ्तार कर लिया। खबर है कि किशोरी को नारी निकेतन भेजा गया है। पुलिस ने आरोपी सागर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। मेडिकल व अन्य कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरा. ेपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी सुभाष बाबू अत्री ने बताया कि महिला व बच्चों से जुड़े अपराधों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। ऐसे मामलों में तत्काल मुकदमा दर्ज कर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने समस्त अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें।

# सपा नेता डॉक्टर सत्येन्द्र पाल ने लिया स्वामी का आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर सत्येन्द्र पाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मेरठ जनपद प्रवास के दौरान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज से शिष्टाचार भेंट करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान यहां पर शिक्षा, समाज और राष्ट्रहित से जुड़े हुए विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने प्रतिनिधिमंडल को धर्म, शिक्षा और संस्कारों के माध्यम से समाज निर्माण का भी संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र के वास्तविक निर्माता हैं और समाज को दिशा देने में उनकी भूमिका सबसे



अहम है। प्रतिनिधिमंडल में समाजवादी पार्टी मुजफ्फरनगर के जिला सचिव अनेश कुमार, वरिष्ठ सपा नेता अनुराग पाल, रविन्द्र पाल, डॉक्टर सत्येन्द्र पाल के प्रतिनिधि पुष्पेन्द्र बालियान, गुलशन चौहान एवं विनीत कुमार शर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी ने स्वामी से आशीर्वाद लिया और उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प दो. हराया।

शिक्षक समाज को जागरूक करने और सामाजिक समरसता बढ़ाने के लिए संकल्पित है। भेंट सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

# शुकदेव संस्कृत विद्यालय के मेधावी सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुकतीर्थ में स्थित शुकदेव संस्कृत उत्तर माध्यमिक विद्यालय, शुकतीर्थ के संस्कृत विद्यार्थी अक्षय शर्मा को पूर्व मध्यमा (दसवीं) में 81 प्रतिशत अंक के साथ मण्डल में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा भारतीय संस्कृति के संस्कृत वांग्मय में संस्कृत भाषा का बहुत बड़ा योगदान है। संस्कृत सभी भाषाओं की आत्मा और प्राण है।

भागवत पीठ शुकदेव आश्रम में आयोजित मेधावी सम्मान कार्यक्रम में पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज ने कहा कि संस्कृत के उत्थान के बिना श्रेष्ठ भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। संस्कृत देव भाषा है, वेद भाषा है, भारत की भाषा है और ऋषि मुनियों की भाषा है। भारत की पहचान है संस्कृत भाषा, जो सभी भाषाओं की जननी है। संस्कृत ने सब भाषाओं को समृद्ध किया है। सम्मानित मेधावी विद्यार्थियों में शामली निवासी दीप शर्मा ने उत्तर मध्यमा (बाहरवीं) में 71.33 प्रतिशत मंडल में तीसरा तथा



मुजफ्फरनगर में पहला स्थान हासिल किया है। बिजनोर के नूरपुर निवासी छात्र देव कौशिक ने उत्तर मध्यमा प्रथम (11वीं) में 74.83 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम पाया। विद्यालय के 25 अन्य मेधावी संस्कृत विद्यार्थियों को पीठाधीश्वर ने सम्मानित किया। स्वामी जी ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को अंगवस्त्र पहनाकर सफल यशस्वी जीवन के लिये आशीर्वाद दिया। ट्रस्टी ओमदत्त देव, प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र उप्रैती, आचार्य अरुण मौजूद रहे।

# जन्नताबाद की बस्ती में बहने लगी विकास की ब्यार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** कस्बे के वार्ड न 13 मे लगभग 15 वर्षों से अपेक्षा की शिकार अपनी बदहाली पर आंसू बहाती हुई मौहल्ला जन्नताबाद स्थित कॉलोनी के दिन अब बहुरने लगे और यहां विकास की ब्यार बहने लगी है।

चेयरमैन डॉ.आबिद हुसैन के नेतृत्व में वार्ड 13 के सभासद मोहम्मद अहसान ने दौरा कर बस्ती का जायजा लिया था। तो वही 15 वर्षों से पेयजल,और सड़क नाली विहीन बस्ती में अपनी जिंदगी बसर कर रहे लोगों को अब उम्मीद की किरण नजर आने लगी है क्योंकि उक्त विकास विहीन बस्ती को विकास की किसी तरह की कोई उम्मीद नहीं थी, लेकिन अब उनके दिन फिरने लगे हैं। अब वे भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। उनकी मूलभूत सुविधाओं के लिए विशेष पहल की गई है। जिसमें स्वच्छ पेयजल के लिए पाइपलाइन, पक्की सड़के, विद्युत जैसी बुनियादी सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। चेयरमैन डॉ.आबिद हुसैन के नेतृत्व में वार्ड 13 के सभासद मोहम्मद अहसान ने कॉलोनी में विकास कार्य शुरू कराते हुए कॉलोनी में पेयजल के लिए पाइपलाइन बिछाई जाने का कार्य शुरू करा दिया गया



है, उन्होंने कहा, कि जल्द ही यहां भी पक्की सड़कें बनवाकर कॉलोनी वासियों की गंभीर समस्या का समाधान कराया जाएगा। चेयरमैन डॉ.आबिद हुसैन व सभासद मोहम्मद अहसान ने संयुक्त रूप से कहा, कि जल्द से जल्द सड़क निर्माण का कार्य भी बस्ती में शुरू करा दिया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से चेयरमैन डॉ.आबिद हुसैन, सभासद मोहम्मद अहसान, इकराम खां, कफील, रहीस खां, अहसान टेलर्स , आफताब फरीदी सोनू , सईद , साजिद आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अंतिम पात्र तक योजना के लाभ से न रहे वंचित:मुकेश चौधरी

**☐ उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्राक्कलन समिति 2025-26 की उप समिति के प्रथम अध्ययन दल ने अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक।**

**☐ समूहों का स्टॉलों को किया निरीक्षण।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्राक्कलन समिति 2025-26 की उप समिति के प्रथम अध्ययन दल की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सभापति मुकेश चौधरी ने की, जिसमें समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीण एवं शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया गया और उनके उत्पादों की सराहना की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, बजट उपयोग और कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। सभापति ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और सभी कार्य गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ पूरे किए जाएं। साथ ही शिक्षा, सड़क, राजस्व, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण निर्देश भी जारी किए गए।

उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्राक्कलन समिति 2025-26 उप समिति के प्रथम अध्ययन दल के सभापति मुकेश चौधरी के सभापतित्व में समिति के सदस्य लक्ष्मीराज सिंह, डॉ.मंजू सिवाच तथा जिलाध्यक्ष भाजपा शामली रामजी लाल कश्यप की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण एवं शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा लगाए गये स्टॉल का निरीक्षण माननीय सभापति एवं समिति के सदस्यों द्वारा किया गया एवं इनके उत्पादों की प्रशंसा की गयी उन्होंने लड्डू गोपाल की ड्रेस बनाने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से बांके बिहारी वृंदावन



जाकर वहां से आर्डर लाने की बात कही।जिलाधिकारी आलोक यादव व पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने समिति के सभापति एवं सदस्यों को पुष्पगुच्छ,एवं समूह द्वारा तैयार उत्पाद भेंट कर स्वागत किया। बैठक में पंचायती राज विभाग, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण तथा उ0प्र0 जल निगम शहरी, परिवहन विभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, आबकारी विभाग, कारागार विभाग, महिला बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, ऊर्जा विभाग, गृह विभाग, राज्य कर विभाग, सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, सहकारिता विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, पर्यटन विभाग, समाज कल्याण विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग तथा लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 सेतु निगम एवं उ0प्र0 निर्माण निगम आदि विभागों के बिन्दुओं पर गहनता से समीक्षा की गयी। उप समिति के सभापति मुकेश चौधरी ने कहा कि अधिकारी सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य करें जिससे पंक्ति के अंतिम छोर पर खडे व्यक्ति को शत-प्रतिशत लाभ मिल सके। सभी अधिकारी अपने



उत्तरदायित्वों का बेहतर निर्वहन करें।उन्होने कहा कि इस समिति का मूल उद्देश्य बजट संबंधी कार्यों को गति देना है। उन्होने कहा कि सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता मानक के अनुरूप रहे तथा कार्यों को समयबद्धता के साथ पूर्ण किया जाए। बैठक में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका शामली के अनुपस्थित पाए जाने पर माननीय सभापति द्वारा लखनऊ में समिति के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही समिति के समक्ष जिन विभागों से संतोषजनक जवाब नहीं मिला उनकी टीम गठित कर जांच कराने के निर्देश दिए। सभापति ने उद्घाटन, शिलान्यास एवं भूमि पूजन के कार्यों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने के निर्देश दिएं। उन्होने सभी प्राथमिक विद्यालयों में कम्पोजिट ग्राण्ट से इनवर्टर लगाए जाने के निर्देश दिए। स्कूलों में निपुणशाला बनाई जाए जिससे सरकारी विद्यालयों में बच्चों का नामांकन बढ सके। पंचायत विभाग को गांव में लाईब्रेरी एवं ओपन जिम बनाने के निर्देश दिए जिससे बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास हो सके। आबकारी विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि ओवररेटिंग एवं अवैध शराब की शिकायत न रहे। इस संबंध में बड़ी कार्यवाही करने के लिए कहा। वाणिज्यकर विभाग को चौकसी बढाने के निर्देश दिए ताकि सरकार के राजस्व में बढोत्तरी हो सके। लोक निर्माण विभाग को सड़कों को गाड्ढा मुक्त बनाने के निर्देश दिए। सभी नगर निकाय समूह की महिलाओं को प्राथमिकता देते हुए उकने आर्थिक उन्नयन मे सहयोगी बनें।समिति द्वारा योजना का नाम, कार्यदायी संस्था, स्वीकृति वर्ष, पूर्णता की तिथि, प्रशासनिक स्वीकृति, अवमुक्त धनराशि, व्यय, प्रगति, प्रतिशत, स्थिति की विस्तार से जानकारी ली।

बैठक में जिलाधिकारी ने माननीय सभापति एवं समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि आप द्वारा जो भी दिशा निर्देश दिए गए हैं उनका पालन किया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी आलोक यादव, पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी,अपर जिलाधिकारी न्यायिक सोहनलाल,पीड़ी डीआरडीए प्रेम चन्द, सहित संबंधित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## थार बाइक एक्सीडेंट में हुआ मुकदमा दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** हरड़ फतेहपुर में थार से हुई दुर्घटना में तीन मौत के मामले में महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

थानाभवन क्षेत्र के ग्राम हरड़ फतेहपुर निवासी नीरज देवी पत्नी राजकुमार उर्फ राजू ने थाना भवन थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि मेरा पति राजकुमार उर्फ राजू (32) वर्ष पुत्र राकेश अपनी मोटरसाइकिल नंबर HR 75 B-0285 से ग्राम हिरणवाड़ा निवासी अपने मोसेरे भाई सुभाष (46) वर्ष पुत्र रणबीर निवासी ग्राम हिरणवाड़ा थाना बाबरी व पीड़ित नीरज देवी के साथ वसंत पुत्र राम सिंह, हरिकिशन पुत्र स्वर्गीय रतन सिंह निवासी ग्राम हिरणवाड़ा कार द्वारा ग्राम ख्यावडी जा रहे थे आगे आगे मोटरसाइकिल से उनके पति राजकुमार व उनका मोसेरा भाई सुभाष चल रहे थे जैसे ही मोटरसाइकिल भैसानी इस्लामपुर गांव से आगे पहुंचे तो ग्राम हिरणवाड़ा निवासी राजेंद्र (42) वर्ष पुत्र ओमवीर खड़ा दिखाई दिया तो राजकुमार ने अपनी मोटरसाइकिल के ब्रेक लगाने चाहे तो पीछे से एक थार गाड़ी न्ज़07 थ्ट 5860 के चालक ने तेजी लापरवाही से पीछे से आकर जोरदार टक्कर मार दी स जिसमें नीरज देवी के पति राजकुमार बाइक के पीछे बैठे उनके मोसेरे भाई सुभाष व राजेंद्र की गाड़ी की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना उसने व मेरे साथ कार में बैठे लोगों ने अपनी आंखों से देखी स पीड़ित पोस्टमार्टम व अंतिम संस्कार के बाद रिपोर्ट लिखाने आए हैं हमारी रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग कीस पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तेज धूप और भीषण गर्मी से जनता हुई बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** तेज धूप और भीषण गर्मी के कारण लोग बेहाल हो गए हैं। रविवार को मौसम का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। रविवार को सवेरे से ही तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण भीषण गर्मी का प्रकोप बढ गया था। सवेरे 10 बजे से ही गर्म हवाओं का प्रकोप छा होने से गर्मी और लू के चलते लोग घरों से बाहर निकलने से बचते नजर आये। सड़कों पर लोगों की संख्या बहुत कम हो गई है। इसके साथ ही, देर रात भी तापमान में कोई राहत नहीं मिली है। जिससे लोग लगातार असहज महसूस कर रहे हैं। इस भीषण गर्मी को लेकर




स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी की है, जिसमें लोगों को तेज धूप और लू से बचने के उपाय बताए गए हैं। जिला अस्पताल के सीएमएस डा. किशोर आहुजा ने लोगों से कहा है कि वे धूप में बाहर निकलने से बचें, और अगर बाहर जाना ही पड़े, तो वे सिर पर कपड़ा या छांव का इस्तेमाल करें। इसके अलावा, अधिक से अधिक पानी पीने की सलाह दी गई है ताकि शरीर में पानी की कमी ना हो और लू के प्रभाव से बचाव किया जा सके।

स्वास्थ्य विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि इस गर्मी में बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखा जाए, क्योंकि वे अत्यधिक गर्मी और लू के शिकार हो सकते हैं। साथ ही, घरों में एसी और पंखों का उपयोग बढ़ाने की सलाह दी गई है, ताकि तापमान कम किया जा सके। गर्मी के इस प्रकोप के चलते लोग लू से भी परेशान हो रहे हैं। कई स्थानों पर लोगों को चक्कर आना, सिरदर्द और उल्टी की शिकायतें हो रही हैं। डॉक्टरों ने इन समस्याओं से बचाव के लिए सर्द जलपान और आराम करने की सलाह दी है।

# श्रमिकों की समस्याओं पर हुआ मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ की एक महत्वपूर्ण बैठक अमित गिरी के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में साप्ताहिक बंदी के मुद्दे पर चर्चा करते हुए यह निर्णय लिया गया कि श्रमिकों का शोषण किसी भी हाल में सहन नहीं किया जाएगा और उनकी आवाज़ और अधिकारों के लिए संघर्ष किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि शामली नगर में श्रमिकों का शोषण हो रहा है, खासकर रविवार को साप्ताहिक बंदी के दिन अवकाश न मिलने के कारण श्रमिक परेशान है। प्रशासन की लापरवाही से साप्ताहिक बंदी कानून का उल्लंघन हो रहा है, और छुट्टी के बावजूद श्रमिकों को काम करना पड़ रहा है। इसके



साथ ही 12 से 14 घंटे तक श्रमिकों से काम लिया जा रहा है।महासंघ ने प्रशासन से साप्ताहिक बंदी लागू करने की मांग की है। चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने इस मामले पर ध्यान नहीं दिया, तो महासंघ बड़ा धरना-प्रदर्शन करेगा। इस धरने का आयोजन शामली तहसील में श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए किया जाएगा। कहा कि महासंघ के पदाधिकारी जल्द ही डीएम से मिलकर इस मामले को उठाएंगे।बैठक में शौर्य गिरी, राजत निर्वाल, चरत गिरी, सुशील चावला, प्रवीन सैनी, पारस बंसल, विश्वास निर्वाल, गुलवेज खान, राहुल नामदेव आदि मौजूद रहे।

# गन्ने की ठेली पर टूटकर गिरा हाईटेंशन लाइन का तार, खोई में लगी विकराल आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गंगोह मार्ग पर रविवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया, जब हाईटेंशन बिजली लाइन का तार अचानक टूटकर नीचे गिर गया। घटना करीब दो बजे की बताई जा रही है। उस समय मार्ग किनारे ठेली लगाकर गन्ने का जूस बेच रहा जनश्वेर बाल-बाल बचा। तार टूटते ही जनश्वेर ने भागकर अपनी जान को बचाया। तार गिरने के बाद पास में रखी गन्ने की खोई ने आग पकड़ ली और देखते ही देखते जलकर राख हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि खोई का ढेर काफी बड़ा था, जिसके कारण आग करीब आधे घंटे तक धधकती रही। इस दौरान आसपास अफरातफरी मच गई और दुकानदारों व राहगीरों में दहशत फैल गई। चौसाना चौकी से महज सौ मीटर की दूसरी पर गंगोह मार्ग के मोड पर जन श्वेर निवासी



गढीहसनपुर ठेली गन्ने का जूस निकालकर बेचता है। रविवार की दोपहर के समय अचानक से विद्युत लाइन का तार टूट गया। तार टूटकर पास मे इकटठा खोई पर जा गिरा,जिससे उसमे आग लग गई। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। विकराल आग को देखकर पास के दुकानदारों ने तुरंत जनश्वेर की मदद की और आग को फैलने से रोकने का प्रयास किया। वही तार टूटने के कारण इलाके की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।घटना की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और टूटे हुए तार को जोड़ने का काम शुरू कर दिया। विभागीय कर्मचारियों ने क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए त्वरित कार्रवाई की। व्यापारियों ने हाईटेंशन लाइनों की नियमित जांच और रखरखाव नहीं होने के कारण इस तरह की घटनाएं सामने आती रहती हैं। व्यापारियो ने मांग की है कि भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए समय-समय पर निरीक्षण और आवश्यक सुधार कार्य किए जाएं।

# पैगाम-ए-अमन कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**☐ राष्ट्रीय संयोजक अफज़ाल अहमद व शहनाज अफज़ाल ने भरी हुंकार, बोले-हिन्दू-मुस्लिम एकता से ही मजबूत होगा देश, शिक्षा ही तरक्की की कुंजी।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे की सरजमीं पर पहली बार मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (आरएसएस की मुस्लिम विंग) के बैनर तले ''पैगाम-ए-अमन'' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।इस दौरान महिलाओं सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

मुख्य मार्ग पर स्थित अम्बा मैरिज होम में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की मौजूदगी ने इसे खास बना दिया। कार्यक्रम में मंच के राष्ट्रीय संयोजक अफज़ाल अहमद व महिला विंग की राष्ट्रीय संयोजक शहनाज अफज़ाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयबीर कुड़ाना ने की, जबकि मंच संचालन नादिर चौधरी द्वारा किया गया। आयोजन के दौरान वक्ताओं ने समाज में आपसी भाईचारे, राष्ट्रीय एकता और शिक्षा के प्रसार को लेकर जोरदार संदेश दिया। राष्ट्रीय संयोजक अफज़ाल अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की आजादी हिन्दू-मुस्लिम एकता और आपसी सहयोग की बदौलत संभव हो सकी। उन्होंने बहादुर शाह ज़फ़र का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने नेतृत्व किया और उनके परिवार ने देश के लिए बड़ी कुर्बानियां दीं। उन्होंने कहा कि यदि उस समय समाज बंटा होता, तो आजादी का सपना अधूरा रह जाता। इसलिए आज भी जरूरत है कि सभी समुदाय मिलकर देश की एकता और अखंडता को मजबूत करें। उन्होंने आगे कहा कि देशहित सर्वोपरि होना चाहिए और हर नागरिक को अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। ''एकता में ही शक्ति है और संगठित समाज ही प्रगति की राह तय करता है,'' यह संदेश उन्होंने मंच से दिया। वहीं महिला विंग की राष्ट्रीय संयोजक शहनाज अफज़ाल ने अपने संबोधन में कहा कि कैराना में इस तरह का आयोजन यह दर्शाता है कि समाज अब सकारात्मक बदलाव की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मंच का उद्देश्य राजनीति नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाना और सकारात्मक सोच विकसित करना है।उन्होंने शिक्षा को सबसे बड़ी जरूरत बताते हुए कहा कि मुस्लिम समाज अभी भी शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है, जिसे सुधारने की आवश्यकता है। ''आधी रोटी खाएं, मगर बच्चों को जरूर पढ़ाएं,'' का संदेश देते हुए उन्होंने अभिभावकों से बच्चों



की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि महिलाएं परिवार की रीढ़ होती हैं और यदि घर की महिला शिक्षित होगी तो पूरा परिवार स्वत: शिक्षित और जागरूक बनेगा। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को अच्छे संस्कार देने, हलाल-हराम की समझ विकसित करने और सही मार्गदर्शन देने पर भी जोर दिया।उन्होंने कहा कि शिक्षित और जागरूक युवा ही देश को नई दिशा दे सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में आयोजक फरीद अंसारी, अनीस अंसारी व मंच के प्रवक्ता नादिर चौधरी ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। आयोजन शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रही। इस दौरान सुरक्षा के ख्रष्टिगत पीएसी बल के साथ- साथ स्थानीय पुलिस मौजूद रही।

## न्यूरोथेरेपी कैंप का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लायंस क्लब ने सामाजिक सेवा के अंतर्गत शहर के मिल रोड स्थित जैन स्थानक मंदिर में निशुल्क न्यूरोथेरेपी कैंप का आयोजन किया। इस कैंप में अनुभवी न्यूरोथेरेपिस्ट विशेषज्ञों द्वारा मरीजों का इलाज किया गया, जिसमें विशेष रूप से कमर दर्द, साइटिका और अन्य मांसपेशियों से संबंधित दर्दों का प्रभावी उपचार किया गया। कैंप का शुभारंभ सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, चेयरमैन अरविन्द संगल ने फीता काटकर किया। कैंप में कुल 175 मरीजों ने भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हुआ। विशेषज्ञों ने न केवल उपचार प्रदान किया, बल्कि मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया, जिससे वे भविष्य में इन समस्याओं से बचाव कर सकें। मौके पर भारत संगल, डॉ. अजय वर्मा, निशांत गर्ग, तुषार धवन, वैभव गुप्ता, भुवनेश कौशिक, विश्वास टिहरी, मोहित कम्बोज पुनीत जैन, अनंत गुप्ता मौजूद रहे।

# सलीम के जिंदा होने से परिजन भी थे अनभिज्ञ, मौहल्ले में चल रही चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मोहल्ला नंनूपुरा निवासी सलीम वास्तविक की गाजियाबाद पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के बाद उसके भाई मुजफ्फर हसन ने एक चौंकाने वाला बयान दिया है। मुजफ्फर ने कहा कि सलीम हमेशा से ही अपराधिक किस्म का था और पैसे के लिए किसी भी हद तक जा सकता था। उनका कहना है कि वह तो सलीम को भूल चुके थे, लेकिन गाजियाबाद पुलिस ने जैसे ही सलीम की पहचान उजागर की, तब उन्हें इस बात का पता चला कि उनका भाई इतने सालों से फरार था।

मुजफ्फर हसन ने बताया कि सलीम का पहले ही गलत लोगों के साथ उठना-बैठना था और वह किसी भी अपराध को अंजाम देने में संकोच नहीं करता था। वह हमेशा पैसों के लिए कुछ भी कर सकता था। मुजफ्फर ने यह भी



सलीम का भाई मुजफ्फर

बताया कि सलीम ने अपनी पहचान बदलने के लिए धर्म परिवर्तन किया था और खुद को सलीम वास्तविक नाम से प्रस्तुत किया। इस वजह से उसका परिवार भी उसे पहचान नहीं सका। सलीम को 1995 में दिल्ली के गोकलपुरी इलाके में 13 वर्षीय संदीप बंसल के अपहरण और हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था। उसे 1997 में अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी, लेकिन 2000 में जमानत मिलने के बाद वह फरार हो गया। तब से वह अपनी पहचान बदलकर विभिन्न स्थानों पर छिपा हुआ था। सलीम का इतना शातिर होना कि उसके परिवार के लोग भी उसे पहचान न सकें, यह सबके लिए एक बड़ा रहस्य बन गया था। मुजफ्फर हसन का कहना है कि हम तो उसे पूरी तरह से भूल चुके थे। वह हमारे लिए अब एक अजनबी बन चुका था, लेकिन जब गाजियाबाद पुलिस ने उसकी पहचान उजागर की, तब हमें पता चला कि वह इस कदर अपराधी था। मोहल्ले के लोग भी हैरान हैं कि एक अपराधी इतना चतुर कैसे हो सकता है कि इतने सालों तक अपनी पहचान बदलकर छिपा रह सके। सलीम की गिरफ्तारी के बाद मोहल्ले में इस घटना को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# प्रेम-प्रसंग में युवक ने युवती पर किया हमला, बाद में फांसी लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** क्षेत्र के गांव ओदरी में रविवार को एक ही घटनाक्रम में हिंसा और आत्महत्या की वारदात ने लोगों को स्तब्ध कर दिया। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। 20 वर्षीय नसीम पुत्र नूरा का शव उसके घर में फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया जा रहा है कि मृतक युवक का पड़ोस में रहने वाली एक युवती के साथ काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। रविवार दोपहर नसीम युवती के घर में घुस गया, जहां किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि युवक ने गुस्से में आकर युवती पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना



के बाद परिजनों ने घायल युवती को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। वहीं युवक नसीम अपने घर लौटा और मानसिक तनाव के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद परिजनों ने जब उसे फंदे पर लटका देखा तो चीख-पुकार मच गई। सूचना पर आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। मौके



पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई थी। घायल युवती का अस्पताल में उपचार चल रहा है, जबकि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रथम ख्रष्टया मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

# बाबा साहेब की प्रतिमा से छेड़छाड़

## आक्रोशित लोगों ने गिरफ्तारी की मांग को दिया धरना, आश्वासन पर समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव बड़ूली मे अज्ञात असामाजिक तत्वों ने बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा से छेड़छाड़ कर अपमान करने का घिनौना कार्य किया।

ग्रामीण सूरज कुमार, शिव. राज, सचिन, श्याम सिंह आदि के अनुसार गांव बड़ूली में गत दिवस डॉ. अंबेडकर भवन के सामने ग्राम समाज की भूमि पर बाबासाहब की प्रतिमा को स्थापित कर दिया गया था। जिसको सुबह होते ही किसी अज्ञात द्वारा गांव की फिजा खराब करने की नियत से कूड़े के ढेर पर लिटा दिया। दिन निकलते ही जब ग्रामीणों ने इस कृत्य को देखा तो यह खबर आग की तरह फैल गई जिसको लेकर



अनुयायियों में रोष पनप गया। गुस्साए लोगों ने गांव में ही धरना प्रदर्शन कर आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की मांग की। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे कार्यवाहक थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह ने बामुश्किल स्थिति को संभालते हुए बाबासाहब की प्रतिमा को सुरक्षित स्थान पर रखवाया और धरना दे रहे ग्रामीणों से बात कर उचित कार्यवाही और शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। जिसपर ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया। इस दौरान भीम आर्मी कार्यकर्ता विनोद कुमार, जॉनी कुमार, बुल्ला शाह, आशीष, अंकुर, श्रीकांत, अर्जुन बिंदल, नितिन, अक्षय दुबे, संयम, अमरदीप, राहुल, गुलाब व पंकज समेत आदि मौजूद रहे।

### दो नशा तस्कर दबोचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले दो शातिर नशा तस्करों को दबोच लिया।

मिली जानकारी के अनुसार डीआईजी अभिषेक सिंह के निर्देश पर परिक्षेत्र के तीनों जनपदों की पुलिस द्वारा नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर रोक लगाने के लिए ऑपरेशन सवेरा-नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत थाना देहात कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक देवेश कुमार शर्मा व उपनिरीक्षक राज. कुमार के नेतृत्व में चौकिंग के दौरान दो शातिर नशा तस्कर बाबर पुत्र कलीम व बिलाल उर्फ समीर पुत्र दिलावर निवासीगण नूरबस्ती थाना कोतवाली नगर को इकरा स्कूल के सामने कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# घर में फंदे पर लटका मिला युवती का शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** थानाक्षेत्र के एक गांव में एक युवती का शव उसके घर में फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम हरडेकी निवासी लगभग 20 वर्षीय युवती चाहना पुत्री बॉबी का शव दोपहर लगभग एक बजे घर में फंदे पर लटका मिला। परिजनों द्वारा सूचना दिए जाने पर कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर उम्मेद कुमार पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुँचे और घटना की जानकारी ली।मामला संदिग्ध है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवती ने आत्महत्या की है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए गहनता से जांच कर रही है। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुँची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर उम्मेद कुमार का कहना है कि घटना की जाँच की जा रही है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद आगे की जानकारी मिलेगी।

# 24 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस खाली हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** जामा मस्जिद में चोरी की घटना के खुलासे को लेकर पुलिस के 24 घंटे बीत जाने के बावजूद भी हाथ खाली हैं। जामा मस्जिद में दिनदहाड़े गल्ला तोड़कर चोरी की सनसनीखेज वारदात ने पुलिस व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। बेखौफ अज्ञात बदमाश वारदात को अंजाम देकर आसानी से फरार हो गया। वहीं मस्जिद कमेटी ने तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

देर शाम को कमेटी से जुड़े मुहम्मद अली खान ने थाना पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे



एक संदिग्ध युवक मस्जिद में दाखिल हुआ। जहां पर विगत तीन वर्षों से जमा चंदे की रकम चोरी कर आसानी से फरार हो गया। मस्जिद परिसर में संदिग्ध युवक को गल्ले के साथ छेड़छाड़ करते हुए आसपास के लोगों ने जब देखा तो उन्होंने शोर मचाया लेकिन आरा. पी मौके से भाग निकला। मुहम्मद अली के अनुसार गल्ले में अनुमा. नित 10 से 15 हजार रुपये की नकदी मौजूद थी। जामा मस्जिद

**■ जामा मस्जिद में चोरी की घटना, सीसीटीवी कैमरे में आरोपी की गतिविधि हुई कैद**

के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में आरोपी की गतिविधियां तथा भागते हुए उसके फुटेज कैद बताई गई है जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल है। घटना के बाद क्षेत्र में रोष व्याप्त है। नगर वासियों का कहना है कि मस्जिद से चंद कदमों की दूरी पर पुलिस पिकेट मौजूद रहने के बावजूद इस तरह की घटना होना सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलता है। नगर वासियों ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# पुलिस मुठभेड़ में गोकश घायल, हथियार बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान मुठभेड़ में एक गोकश आरोपी को घायल अवस्था मे गिरफ्तार किए है। पुलिस ने उस के कब्जे से बाइक तथा अवैध हथियार भी बरामद किया है। पुलिस ने घायल को सी एच सी बेहट भर्ती करा कर कानूनी कार्यवाही में लग गई है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दिखीत ने बताया कि को पुलिस फोर्स के साथ शाकंभरी मार्ग पर जसमोर के पास पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर कर रहे थे तभी जसमोर की ओर से एक मोटरसाइकिल पर सवार एक



व्यक्ति आता दिखाई दिया तो पुलिस ने उसे संदिग्ध मानते हुए रुकने का इशारा किया मगर बाइक सवार व्यक्ति नहीं रुका और पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल मोड़कर चड्ढा फॉर्म की तरफ भागने लगा पुलिस ने उसका पीछा किया कुछ दूरी पर जाकर उसकी मोटरसाइकिल सड़क किनारे गड्ढे में गिरकर फिसल गई और वह गिर गया पुलिस को अपने ओर आता देखकर आता देख संदिग्ध व्यक्ति ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी पुलिस ने भी अपनी आत्म रक्षा के लिए जवाबी कार्रवाई की गई तो मुठभेड़ मे बदमाश के पैर में जा लगी पुलिस ने घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार कर लिया गया और कोतवाली ले आयी। पुलिस ने घायल व्यक्ति से जब उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम इंतजार पुत्र पीरु निवासी ग्राम पथरवा थाना बेहट जनपद सहारनपुर बताया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक बाइक एक अवैध तमंचा कारतूस तथा गो. कशी के उपकरण भी बरामद किए है।पुलिस ने घायल इंतजार को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल बेहट में भर्ती कराया।

सीओ/ए एसपी एस एन वैभव पांडे ने बताया कि घायल गोकश इंतजार बेहट कोतवाली में दर्ज गौकशी के मुकदमे मुकदमे में वांछित चल रहा था पुलिस ने चे. कंग के दौरान उसे रोकने का इशारा किया मगर वह कच्चे रास्ते की ओर भागने लगा उसने पुलिस टीम पर गोली चलाई पुलिस ने भी अपनी रक्षा में जवाबी कार्रवाई की जिससे वह घायल हो गया उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए सक्षम न्यायालय मे पेश किया है।

# इंस्पेक्टर वीरेंद्र ने संभाली थाने की कमान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** फतेहपुर थाने में कानून व्यवस्था को और अधिक धारदार व चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से एसएसपी अभिनंदन सिंह ने एक बार फिर अनुभवी और कड़क अफसर वीरेंद्र सिंह राणा पर भरोसा जताया है। राणा की तैनाती से स्थानीय स्तर पर शांति व्यवस्था बहाल होने की उम्मीदों को बल मिला है।

वीरेंद्र सिंह राणा पुलिस महकमे का एक ऐसा चेहरा हैं जो अपनी कार्यकुशलता और बेदाग कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं बागपत बरेली और बदायूं जैसे चुनौतीपूर्ण जनपदों में बतौर थानाध्यक्ष और चौकी प्रभारी अपनी सेवाएं दे चुके राणा ने हर जगह अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। नए थानाध्यक्ष के रूप में वीरेंद्र सिंह राणा की प्राथमिकताओं में कोई फेरबदल नहीं है वे जीरो टॉलरेंस नीति पर चलेंगे उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि नशा तस्करी और गोकशी पर पूर्णतः लगाम लगाते हुए क्षेत्र में अवैध नशे के सौदागरों और गोकशी जैसी गतिविधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वीरेंद्र सिंह राणा की तेजतर्रार कार्यप्रणाली के चलते, जो अपराधी अब तक अपनी रणनीति बनाने में मशगूल थे। अब उनके लिए फतेहपुर में टिकना मुश्किल हो गया है। निश्चित रूप से, उनकी यह नई तैनाती क्षेत्र में एक सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण निर्मित करेगी।

# रक्तदान से मिलता है नया जीवनः अतहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** अलावलपुर रोड स्थित शाही मस्जिद में दारुस्थिफाह हेल्थ केयर के बैनर तले एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर का शुभारंभ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी मोहम्मद अतहर ने किया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की

शिविर को संबोधित करते हुए समाजसेवी मोहम्मद अतहर ने कहा रक्तदान जाति और मजहब की दीवारें तोड़कर मानवता को जोड़ने का काम करता है। यह सबसे बड़ा इंसानियत का कार्य है, जिससे शरीर में नई ऊर्जा का



संचार होता है और किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिलता है।

समाजसेवी मोहम्मद दानिश गौड़ ने रक्तदान को महादानश बताते हुए उपस्थित युवाओं से इसे नियमित अभियान बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित और लाभकारी है, जिससे समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना आवश्यक है।

कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं को सम्मान पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. रिजवान अहमद, डॉ. मुकीम, मोहम्मद दानिश, मोहम्मद अबुजर, मोनिश गाड़ा, रिजवान इस्लाम सचिन और रमेश सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

शिविर में युवाओं की भीड़ और सक्रिय भागीदारी ने यह साबित कर दिया कि छुटमलपुर की नई पीढ़ी समाज सेवा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# हिमाचल पुलिस की छापेमारी

**चिलकाना।** ग्राम गोवर्धनपुर ढुलानी में एक मैडिकल स्टोर संचालक के घर पर छापेमारी करते हुए हिमाचल पुलिस टीम ने भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल ट्रामाडोल बरामद किए हैं। पुलिस मेडिकल संचालक के पिता को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।

हिमाचल प्रदेश के थाना पांवटा साहिब पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली दवाईयों की तस्करी करते हुए जिला सहारनपुर के कस्बा बेहट निवासी आरोपी नशा तस्कर विकास को गिरफ्तार किया था। आरोपी विकास ने पुलिस पूछताछ में यह नशीली दवाईयां थाना चिलकाना की पुलिस चौकी पठेड़ क्षेत्र के ग्राम गोवर्धनपुर ढुलानी निवासी गुफरान उर्फ बिल्ला पुत्र गफ्फार से खरीदना बताया।

जिसके बाद हिमाचल पुलिस ने आरोपी विकास की निशानदेही पर थाना चिलकाना पुलिस टीम को साथ लेकर गुफरान अली उर्फ बिल्ला के घर पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा ग्राम प्रधान, अन्य जिम्मेदार लोगों तथा आरोपी गुफरान के पिता की मौजूदगी में घर की तलाशी ली गई तो प्लास्टिक के एक कट्टे में दवाई के 31 बॉक्स पाए गए। जिसमे से 7440 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल ट्रामाडोल बरामद हुए।

जबकि आरोपी गुफरान पुलिस की छापेमारी से पहले ही घर से फरार हो गया था। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के पिता गफ्फार पुत्र रशीद को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

# विवादित भूमि में निर्माण कार्य का आरोप

**चिलकाना।** नगर निवासी पीड़ित ने विपक्षियों पर एसडीएम कोर्ट के आदेशों की अवेहलना करते हुए विवादित भूमि में जबरन निर्माण कार्य करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित नवाब अली पुत्र जिन्दा हसन निवासी मौहल्ला जाकिर हुसैन कस्बा व थाना चिल. काना हाल निवासी मकान नम्बर 23 डिफेन्स कालोनी बेहट रोड सहारनपुर ने विपक्षीगण फुरकान पुत्र जिन्दा हसन, कुरबान उर्फ सोनू पुत्र फुरकान, गोहर जहां पत्नि इकबाल व सलमान पुत्र इकबाल निवासीगण मोहल्ला मजहर हसन कस्बा व थाना चिल. काना के खिलाफ थाना पर तहरीर दी है। पीड़ित ने बताया है कि एक भूमि जो कि मोहल्ला मजहर हसन कस्बा चिलकाना में स्थित है। उक्त भूमि के सम्बन्ध न्यायालय उपजिलाधिकारी सहारनपुर के न्यायालय मे विपक्षीगण की ओर से एक वाद अन्तर्गत धारा 144 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता फुरकान आदि बनाम नौशाद अली आदि योजित कर रखा है। जिसमें विपक्षीगण ने उक्त भूमि के सम्बन्ध मे स्थगन आदेश 14 फरवरी 2025 को प्राप्त कर रखे है। जिसमे न्यायालय द्वारा अग्रिम आदेशो तक उपरोक्त भूमि को खुर्द बुर्द न करने तथा मौके पर यथास्थिति बनाये रखने के आदेश पारित कर रखे है। आरोप है कि विपक्षीगण स्वयं न्यायालय के आदेशों की खुली अवलहेना करते हुए मौके पर निर्माण कार्य कर पीड़ित के कब्जे मे हस्ताक्षेप करने की कोशिश कर रहे हैं। पीड़ित की गैर मौजूदगी मे विपक्षियो ने मौके पर रेत बजरी आदि भी डलवा दिया है। पीड़ित कहना है यदि विपक्षीगण मौके पर किसी भी प्रकार से स्थिति को परिवर्तित करते है तो न्यायालय के स्थगन आदेश का खुल्लम खुल्ला उल्लघंन होगा। पीड़ित ने न्यायालय के स्थगन आदेश का हवाला देते हुए पुलिस से उपरोक्त विपक्षीगण को मौके पर उसके कब्जे मे किसी भी प्रकार का हस्ताक्षेप करने से रोके जाने तथा विपक्षियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

### शांति भंग में दो को जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कोतवाली रामपुर मनिहारान पुलिस ने शांति भंग के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार रामपुर मनिहारान कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक उम्मेद सिंह, उपनिरीक्षक अरूण कुमार व उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र चौधरी के नेतृत्व में तीन आरोपियों को आपस में पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद करने एवं शांति व्यवस्था भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक उम्मेद सिंह ने बताया कि आरोपी साजिद पुत्र इस्लाम एवं फरमान पुत्र इस्लाम निवास. ीगण चुनहैटी थाना रामपुर मनिहारान आपस में पैसे के लेनद. ेन को लेकर झगड़ा कर रहे थे।

# मकान की दूसरी मंज़िल पर लाखों की नकदी व जेवर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव सरसीना में बीती रात एक मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरों को निशाना बनाकर चोर करीब दस लाख रुपए के जेवर व नकदी चोरी कर ले गये। चोरों द्वारा अंजाम दी गयी इस घटना से ग्रामीण खौफजदा है।

मिली जानकारी के मुताबिक गांव सरसीना निवासी मोहित कुमार पाल हरिद्वार की किसी निजी कंपनी में काम करता है। घटना की रात घर पर उसकी मां व पत्नी थी जो नीचे मकान मे सो रही थी। रात के समय अज्ञात चोर सीढी लगाकर मकान की उपरी मंजिल पर पहुंच गये और वहां घुसकर कमरे में रखी अलमारी का



ताला तोड़ दिया। अलमारी रखी करीब 50 हजार रुपये की नकदी समेत सोने-चांदी के कीमती आभूषण चोरी कर लिए। चोरी हुए सामान में सोने की चेन, पांच अंगूठियां, दो मंगलसूत्र, तीन जोड़ी पाजेब तथा कानों के कुंडल शामिल बताए गए हैं। घटना का पता रविवार सुबह उस समय चला जब मोहित की मां करीब पांच बजे उठी और उसने मकान के बाहर दीवार पर सीढी लगी देखी। उपर जाने पर देखा कि कमरे का ताला टूटा पडा था और सामान अस्त व्यस्त था। चोरी की घटना देखकर परिजनों मे हड़कंप मच गया और देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पीड़ित परिवार के अनुसार चोरी गए आभूषणों की कीमत करीब दस लाख रुपये बताई जा रही है। सूचना मिलने पर कार्यवाहक थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और घटना निरीक्षण कर किया। उल्लेखनीय है कि पिछले करीब एक माह से क्षेत्र मे लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही है। चोरी की बढती घटनाओं ने पुलिस व्यवस्था की पोल खोल दी है। बढ़ती चोरियों की घटनाओ से ग्रामीण भी परेशान है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से घटनाओ का खुलासा करने की मांग की है।

# दो पालियों में शांतिपूर्वक कराई गई होमगार्ड परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा होमगाड्र्स एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई, जिसमें अभ्यर्थियों की उपस्थिति संतोषजनक रही।

प्रथम पाली में कुल 9840 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 7623 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 2217 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल उपस्थिति 77.47 प्रतिशत दर्ज की गई। प्रमुख परीक्षा केंद्रों में आर्य कन्या इंटर कॉलेज, खालापारय पीडी बाजोरिया इंटर कॉलेज, चकराता रोडय केएएस इंटर कॉलेज, मिशन कंपाउंडय गिरी शंकर इंद्रपाल सिंह इंटर कॉलेजय राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, लिंक रोडय राजकीय इंटर कॉलेज, कैलाशपुरय राजकीय इंटर कॉलेज, नेहरू मार्केटय गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज, गांधी पार्कय गुरु नानक इंटर कॉलेज, अंबाला रोडय एचवी इंटर कॉलेज, भाटागढ़य इंडस्ट्रियल मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेजय इस्लामिया इंटर कॉलेजय जेवी जैन इंटर कॉलेजय हिन्दू कन्या इंटर कॉलेज, रायवालाय जनता इंटर कॉलेज,



पिलखनीय जैन कॉलेज, प्रद्युमन नगरय महाराज सिंह महाविद्यालयय खेमका गर्ल्स कॉलेजय राजकीय इंटर कॉलेज, कमेला रोडय एसबीबीए इंटर कॉलेजय एसडी इंटर कॉलेजय एसएएम इंटर कॉलेजय सावित्रीबाई फुले महिला पॉलिटेक्निक तथा दिगंबर जैन कन्या इंटर कॉलेज शामिल रहे। इसी तरह द्वितीय पाली में कुल 9840 अभ्यर्थियों में से 7769 उपस्थित रहे, जबकि 2071 अनुपस्थित रहे। इस पाली में उपस्थिति प्रतिशत 78.95 रहा, जो पहली पाली से अधिक रहा। दूसरी पाली के परीक्षा केंद्र आर्य कन्या इंटर कॉलेज, बीजी बाजोरिया इंटर कॉलेज, बीएएस इंटर कॉलेज, इंद्रपाल सिंह इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, कैलाशपुर इंटर कॉलेज, नेहरू मार्केट इंटर कॉलेज, गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज, गुरु नानक इंटर कॉलेज, एबी इंटर कॉलेज, इंडस्ट्रियल मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, जेवी जैन इंटर कॉलेज, हिन्दू कन्या इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज, जैन कॉलेज, महाराज सिंह महाविद्यालय, खेमका गर्ल्स कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज कमेला रोड, एसबीबीए इंटर कॉलेज, एसडी इंटर कॉलेज, एसएएम इंटर कॉलेज, सावित्रीबाई फुले पॉलिटेक्निक और दिगंबर जैन कन्या इंटर कॉलेज प्रमुख रहे। परीक्षा पूरी तरह से शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

# शोभित में हुआ डीएनए दिवस समारोह

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोलॉजिकल इंजीनियरिंग एंड साइंसेज विभाग द्वारा डीएनए दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभाग के छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डीन रिसर्च एंड एसबीईएस प्रो. डॉ. राजीव दत्ता ने मां सरस्वती व बाबू विजेंद्र की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। डीन रिसर्च एंड एसबीईएस ने विषय पर एक जानक. ारीपूर्ण परिचय दिया, जिसमें उन्होंने आधुनिक विज्ञान में डीएनए के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि डीएनए रिसर्च कैंसर के इलाज, सटीक चिकित्सा, और आनुवंशिक घटनाओं को समझने में नई उम्मीदें जगा रही है। छात्रों ने डॉ. ऋषभ चित्रवंशी और पारुल द्वारा आयोजित पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन और एक क्विज प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से भाग लिया। कुलपति प्रो. डॉ. रणजीत सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने, शोध के प्रति रुचि जागृत करने तथा विद्यार्थियों को आधुनिक जैव-विज्ञान की उपलब्धियों से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि डीएनए मानव जीवन की मूलभूत संरचना को समझने का आधार है और इसके अध्ययन से चिकित्सा, कृषि एवं फॉरेंसिक विज्ञान जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन संभव हुए हैं।

कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह ने कहा कि आज के युग मे जीनोमिक्स और बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास ने विज्ञान की नई दिशाएं खोली हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवा पीढ़ी को नवीनतम तकनीकों से अवगत कराने के साथ-साथ उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार की भावना तथा अनुसंधान के प्रति रुचि विकसित की जा सकती है। विभागाध्यक्ष डॉ. विनय कुमार ने कार्यक्रम के महत्व से सभी को परिचित कराया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सरिता शर्मा रही। विशिष्ट अतिथियों और निर्णायक मंडल में डॉ. जुल्फिकार और डॉ. शिवानी ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया और उनका उत्साह बढ़ाया। अंकुर कुमार के नेतृत्व में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान विज. ेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# समस्याओं का होगा समाधान:आलोक

**सुनील वर्मा**

**शामली।** जनपद को एक संवेदनशील, कर्मठ और जनहितैषी प्रशासनिक अधिकारी के रूप में नए जिलाधिकारी आलोक यादव का नेतृत्व प्राप्त हुआ है। उनके पदभार संभालते ही जिले में प्रशासनिक सक्रियता और जवाबदेही की नई शुरुआत देखने को मिल रही है। अपने मधुर व्यवहार, सहज उपलब्धता और स्पष्ट कार्यशैली के कारण जल्द ही आमजन के बीच विश्वास का केंद्र बनेंगे।

जिलाधिकारी आलोक यादव ने साफ शब्दों में संकेत दे दिया है कि जनपद में भ्रष्टाचार को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्ट आचरण सामने आता है, तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उनकी इस सख्त लेकिन न्यायपूर्ण कार्यशैली से प्रशासनिक तंत्र से अनुशासन और पारदर्शिता की उम्मीद जगी है।



जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर भी जिलाधिकारी पूरी तरह गंभीर नजर आ रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सभी विभाग समयबद्ध तरीके से फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण करें और किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। तहसील दिवस, थाना समाधान दिवस और जनसुनवाई कार्यक्रमों को प्रभावी बनाते हुए उन्होंने अधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए हैं। जिला. धिकारी का मानना है कि प्रशासन और जनता के बीच संवाद मजबूत होना चाहिए। इसी कड़ी में वे मीडिया की भूमिका को भी बेहद महत्वपूर्ण मानते हैं। उन्होंने मीडिया के माध्यम से जनता को जागरूक करने की पहल को सराहा है और कहा है कि सही जानकारी और जागरूकता से ही आमजन अपने अधिकारों के प्रति सजग हो सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशासन पारदर्शिता के साथ कार्य करेगा और हर योजना का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाएगा। उनकी कार्यशैली में सख्ती के साथ संवेदनशीलता का संतुलन साफ दिखाई देता है। जहां एक ओर वे कानून व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं करते। शामली जनपद के विकास और सुशासन की दिशा में जिला. धिकारी आलोक यादव के नेतृत्व में नई उम्मीदें जागी हैं। उनकी सकारात्मक सोच, स्पष्ट ख्रष्टिकोण और जनसेवा के प्रति समर्पण निश्चित रूप से जिले को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# फर्जी रजिस्ट्रेशन और अवैध कक्षाओं का खेल स्कूलों की मनमानी पर उठते सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली** जनपद में शिक्षा व्यवस्था को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें निजी स्कूलों द्वारा नियमों की खुली अवहेलना और फर्जी रजिस्ट्रेशन के जरिए अभिभावकों को गुमराह करने का आरोप लगा है। स्थानीय स्तर पर मिल रही शिकायतों के अनुसार, कई स्कूल बिना मान्यता के कक्षाएं संचालित कर रहे हैं और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस पूरे प्रकरण में संबंधित शिक्षा विभाग और जिम्मेदार अधिका. रियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है।

टपराना के समाज सेवी असलम ने उच्चाधिकारियो शिकायत भेजते हुए बताया की, कुछ स्कूलों में केवल प्राथमिक स्तर तक ही मान्यता है, लेकिन वहां 8वीं, 10वीं और यहां तक कि




12वीं तक की कक्षाएं चलाई जा रही हैं। इन स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों का फर्जी रजिस्ट्रेशन अन्य मान्यता प्राप्त स्कूलों में दिखाकर परीक्षा दिलाई जाती है। अभिभावकों को इस सच्चाई की जानकारी नहीं होती, जिससे वे अपने बच्चों का भविष्य दांव पर लगा देते हैं। जब तक मामला सामने आता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। शिकायत में यह भी सामने आया है कि स्कूल संचालक बच्चों का दाखिला लेते समय बड़े-बड़े दावे करते हैं, लेकिन असल में उनके पास न तो पर्याप्त शिक्षक होते हैं और न ही आवश्यक संसाधन। शिक्षा के नाम पर केवल फीस वसूली का खेल चल रहा है। कई स्कूलों में तो बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है, जिससे बच्चों की शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है। इस पूरे मामले में सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि संबंधित विभाग और अधिकारी इस सब से अनजान नहीं हैं। इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे साफ जाहिर होता है कि या तो विभागीय लाप. रवाही है या फिर मिलीभगत से इन अवैध गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। यदि समय रहते इस पर सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में हजारों बच्चों का भविष्य अंधकार में जा सकता है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे स्कूलों की जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही दोषी अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और सुधार लाया जा सके। शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में इस तरह की अनियमितताओं को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और कब तक दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होती है।

## 33 केवी लाइन से 630 मीटर तार चोरी, अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति से जुड़ी अहम लाइन से तार चोरी होने का मामला सामने आया है। 15-16 की रात्रि में अज्ञात चोरों ने 132/33 केवी विद्युत उपकेंद्र झिंझाना से पोषित 33 केवी लाइन, जो गढ़ी अब्दुल्ला की ओर जा रही थी, को निशाना बनाते हुए करीब 630 मीटर तार चोरी कर लिया था। अवर अभियंता राकेश कुमार ऊन ने तहरीर में बताया कि यह चोरी स्वामी कल्याण देव वैदिक कॉलेज और मां सरस्वती इंटर कॉलेज के बीच स्थित लाइन के दो स्पैन से की गई है। इसके अलावा एक क्रॉस आर्म भी चोरी कर लिया गया। अवर अभियंता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## प्लॉट पर युवक से मारपीट, परिवार को फांसी देकर मारने की धमकी,

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बेगमपुरा निवासी युवक के साथ प्लॉट पर खड़े होने के दौरान मारपीट और परिवार सहित हत्या की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपी समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित अभिषेक शर्मा उर्फ लवकेश पुत्र घनश्याम शर्मा ने कोतवाली कैराना में दी तहरीर में बताया कि 23 अप्रैल को वह राजेंद्र कॉलोनी स्थित अपने प्लॉट पर खड़ा था। आरोप है कि इसी दौरान रजनीश पुत्र घनश्याम शर्मा अपने दो अज्ञात साथियों के साथ वहां पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उसे कैराना छोड़ने की धमकी दी। साथ ही कहा कि यदि वह यहां से नहीं गया तो उसे और उसके पत्नी-बच्चों को फांसी लगाकर मार देंगे और मामले को आत्महत्या का रूप दे देंगे। घटना के बाद से पीड़ित परिवार दहशत में है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी रजनीश व उसके साथियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और पीड़ित की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी।

# पुलिस लाइन में धूमधाम से हुआ दीक्षांत परेड समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को पुलिस लाइन में आयोजित दीक्षांत परेड समारोह-2026 उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ, जहां प्रशिक्षण प्राप्त आरक्षियों ने अपने अनुशासन और दक्षता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक मंजिल सैनी ने परेड की सलामी लेकर समारोह का शुभारंभ किया और नवचयनित आरक्षियों का उत्साहवर्धन किया। जिले में भतह्न किए गए 200 आरक्षियों, जिनमें मृतक आश्रित भी शामिल हैं, को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण की गुणवत्ता और भविष्य की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया। अधिकारियों ने नई पुलिस लाइन के शीघ्र पूर्ण होने



की जानकारी देते हुए इसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बनाने की बात कही। समारोह में जनसेवा, सुरक्षा और कर्तव्यनिष्ठा के मूल्यों को प्रमुखता से रेखांकित किया गया, जिससे नवआरक्षियों को अपने दायित्वों के प्रति प्रेरणा मिली।

रविवार को शामली पुलिस लाईन में दीक्षांत परेड समारोह-2026 का आयोजन धूमधाम से किया गया।



इस मौके पर प्रशिक्षण प्राप्त आरक्षियों की परेड हुई, और उन्हें प्रशस्ति पत्र तथा पुरस्कार वितरित किए गए। जिले में 200 आरक्षियों की भतह्न हुई, जिसमें 198 आरक्षी और 2 मृतक आश्रितों को भी शामिल किया गया। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक मंजिल सैनी द्वारा परेड की सलामी लेकर की गई। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुलिस महानिदेशक का लाईव प्रसारण भी सुना गया। इस दौरान सभी आरक्षियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसपी एनपी सिंह ने जिले में हुई भतह्न की जानक. ारी दी और प्रशिक्षणार्थियों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जिले में 200 आरक्षियों की भतह्न की गई है, जिसमें दो मृतक आश्रित भी शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि जिले की नवनिर्माणाधीन पुलिस लाईन जल्द ही पूरी तरह से तैयार हो जाएगी, जो एक आधुनिक पुलिस लाईन के रूप में विकसित होगी। उन्होंने बताया कि आगामी एक से दो महीनों में पुलिस लाईन का हैंडओवर हो जाएगा, जिसमें एक खेल का मैदान भी शामिल होगा, जो पुलिसकर्मियों के लिए लाभकारी साबित होगा। मुख्य अतिथि आईजी मंजिल सैनी ने इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस की सुरक्षा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस जनमानस को सुरक्षा देने के लिए हमेशा तैयार रहती है। साथ ही उन्होंने महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के सम्मान को बढ़ावा देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने चयनित सभी आरक्षियों को शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम का संचालन अनुराग शर्मा ने किया।

इस कार्यक्रम में डीएम आलोक यादव, एमएलसी किरणपाल कश्यप, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, सीडीओ विनय कुमार तिवारी, चेयरमैन अरविन्द संगल, सीओ जितेन्द्र कुमार, पूर्व आईजी विजय गर्ग, अंकित गोयल, सूर्यवीर सिंह, मोहित जैन, दीपक बंसल, यशपाल पंवार मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य सैयद मुनावरी बैगम का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य एवं केंद्रीय राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त सैयद मुनावरी बेगम ने रविवार को थाना भवन पहुंचकर अपने परिरि. चतों व समर्थकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात. चीत करते हुए कहा कि अल्पसंख्यक समाज का भरोसा भारतीय जनता पार्टी पर लगातार बढ़ रहा है क्योंकि भाजपा एक काम करने वाली पार्टी है और बिना भेदभाव के सभी वर्गों के लिए योजनाएं लागू करती है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाएं हर वर्ग के लिए समान रूप से हैं, न कि किसी एक समुदाय विशेष के लिए। भाजपा में कार्यकर्ताओं



और आम जनता के काम को प्राथमिकता दी जाती है, यही वजह है कि लोगों का विश्वास पार्टी पर मजबूत हो रहा है।इस दौरान सैयद मुनावरी बेगम थाना भवन के पूर्व सभासद एवं पूर्व वाइस चेयरमैन मोहम्मद साजिद चौधरी के आवास पर पहुंचीं जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि कस्बे में उनके चाहने वालों की संख्या काफी है और उनके स्नेह व आग्रह पर ही वह यहां आई हैं।कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कस्बे के अन्य परिरि. चतों से भी मुलाकात की। बताया जा रहा है कि थाना भवन के बाद उनका कार्यक्रम जलालाबाद में भी प्रस्तावित है जहां वे समर्थकों से संवाद करेंगी। उनके आगमन को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी भी देखने को मिली और बड़ी संख्या में लोग उनसे मिलने पहुंचे। इस अवसर पर एहसान, डॉ. आसिफ मेहराज, मेहबूब भूरा, साजिद अहमद आदि मौजूद रहे।

# किन्नर गुरु को जहर देकर मारने व एआई से वीडियो बनाकर वायरल का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र में एक किन्नर गुरु ने अपने साथ रह रहे दो व्यि क्तयों पर जहर देकर हत्या की साजिश रचने, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने और एआई तकनीक के जरिए अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने का गंभीर आरोप लगाया है।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आर्यपुरी निवासी अन्नू गुरु महबूब ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पिछले करीब एक वर्ष से देव कुमार उर्फ सिम्मी निवासी रायपुर रोड, देहरादून और कादिर उर्फ काव्य निवासी जिला सहारनपुर (हाल निवासी कैराना) उसके साथ रह रहे थे और बधाई मांगने के कार्य में साथ जाते थे। आरोप है कि दोनों ने उसे जहरीला पदार्थ पिलाकर हत्या करने की योजना बनाई थी। पीड़िता के अनुसार, साजिश की भनक लगने पर उसने दोनों को बुलाकर पूछताछ की, जिस पर उन्होंने अपनी गलती स्वीकार करते हुए 20 अप्रैल को स्टाम्प पेपर पर लिखित आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसा कृत्य नहीं करेंगे। इसके बावजूद 21 अप्रैल को आरोपियों से जुड़े रवि नामक व्यक्ति निवासी पानीपत ने फोन कर जान से मारने की धमकी दी। साथ ही देव कुमार व कादिर ने भी अलग-अलग मोबाइल नंबरों से धमकियां दीं। पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपियों ने एआई तकनीक का दुरुपयोग करते हुए उसकी फोटो से अश्लील वीडियो तैयार कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए, जिससे उसकी सामाजिक छवि को गहरा नुकसान पहुंचा है। उसने पुलिस से सुरक्षा प्रदान करने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# थानाभवन में अवैध शराब पर कार्रवाई, एक तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाभवन पुलिस सख्त कार्रवाई करते हुए एक आरोपियों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी में कुल 24 पव्वे अवैध देसी शराब बरामद की है।

थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देश पर जनपद में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना थानाभवन पुलिस ने एक अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सार्थक उर्फ अक्षित पुत्र पप्पू निवासी ग्राम मुण्डेट खादर थाना थानाभवन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 24 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपित के खिलफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज जा रहा है। पुलिस की इस



कार्रवाई से अवैध शराब कारोबा. रियों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस तरह के अवैध धंधों में लिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# करियर काउंसलिंग सेमिनार का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट द्वारा रविवार को जिले में पहली बार कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध काउं. सलर सृष्टि महेदरू ने जिलेभर से इंटरपास आउट छात्र-छात्राओं को चार घंटे की काउंसलिंग की और उनको कैरियर के प्रति प्रोत्साहित किया।

रविवार को शहर के हनुमान धाम स्थित अग्रसैन बारातघर में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट द्वारा जिले में पहली बार कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक एनपी



सिंह, चेयरमैन अरविन्द संगल और पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल ने संयुक्त रूप से महाराजा अग्रसैन की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि इस तरह के सेमिनार से छात्रों को आगे बढने का अवसर प्रदान होता है। उन्होने कहा कि जरूरी नही कि सरकारी नौकरी में जाकर ही देश की सेवा होती है। अपना खुद का व्यापार और उद्योग जोडकर भी देश की सेवा की जा सकती है। आज प्रदेश की सरकार युवाओं को उनके उद्योग आगे बढने के लिए अनेकों योजनाऐं चला रही है। व्यापारियों और उद्यमियों को सुरक्षित माहौल दिया जा रहा है। आज कोई अपराधी उद्यमी को परेशान नही कर सकता है। इसके आद प्रसिद्ध काउंसलर सृष्टि महेदरू ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के टिप्स दिए और कैरियर के प्रति जागरूक किया। इस दौरान पांच ऐसे छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होने सेमिनार के दौरान बेहतर प्रदर्शन कर प्रश्न पूछे। सेमिनार में पानीपत यूनिवर्सिटी, गीता यूनिवर्सिटी, जेनिसिस कोचिंग सैंटर के संचाल. कों द्वारा भी स्टॉल लगाए गए थे। इस अवसर पर आकाश गुप्ता, रजत बंसल, ओमप्रकाश, प्रवीन गोयल, संगीत गोयल, रोबिन गर्ग, राहुल तायल, नीरज संगल, विकास गर्ग, उत्तम जिंदल, अंकित गुप्ता, अमित बंसल, सुमित बंसल, राहुल तायल आदि मौजूद रहे।

# मोडिफाइड साइलेंसर लगे दो वाहन सीज, 260 के चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** उच्च न्यायालय लखनऊ एवं यातायात निदेशालय लखनऊ के आदेशानुसार उत्तर प्रदेश भर में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जनपद शामली में पुलिस ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक एन. पी. सिंह के निर्देशन में थाना झिंझाना पुलिस ने मोडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न के खिलाफ दो दिवसीय अभियान चलाया।



थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना के नेतृत्व में सीसी टीम प्रभारी एसआई सतीश सिंह, कांस्टेबल अंकुर तोमर व कांस्टेबल गौरव तोमर ने कार्रवाई करते हुए कुल 260 वाहनों के चालान किए। वहीं नियमों का गंभीर उल्लंघन करने पर 2 मोटरसाइकिलों को सीज किया गया। अभियान के दौरान 5 चालान मोडिफाइड साइलेंसर और 2 चालान प्रेशर हॉर्न के काटे गए। एक बुलेट बाइक पर मोडिफाइड साइलेंसर पाए जाने पर 24,500 रुपये का जुर्माना लगाकर वाहन सीज किया गया।

वहीं बिना नंबर प्लेट व प्रेशर हॉर्न लगी स्प्लेंडर बाइक पर 19,000 रुपये का जुर्माना लगाकर उसे भी सीज कर दिया गया। यह अभियान गाड़ी वाला चौराहा पर चलाया गया, जहां पुलिस ने सघन चेकिंग कर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने स्पष्ट कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# अवनी ने जवाहर नवोदय परीक्षा की पास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गोल्ड की पब्लिक स्कूल की एक छात्रा ने जवाहर नवोदय विद्यालय पांथुपुरा की कक्षा छह प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा में विभिन्न विद्यालयों से कक्षा पांच उत्तीर्ण प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन किया जाता है, जिसमें इस वर्ष चौसाना क्षेत्र पांथुपूरा की छात्रा अवनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अवनी, जो कुलदीप की पुत्री है, ने जिले स्तर पर सर्वाधिक



अंक प्राप्त कर एक नई मिसाल कायम की है। यह पहली बार है जब जिले के दूरस्थ क्षेत्र के किसी विद्यालय की छात्रा ने इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस सफलता से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है और शिक्षकों व छात्रों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। विद्यालय के प्रबंधक संदीप सैनी ने अवनी की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता शिक्षकों की मेहनत और छात्रा की लगन का परिणाम है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी इससे प्रेरणा लेने की अपील की।इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

# अवैध खनन रोकने को ड्रोन व डीजीपीएस से मैपिंग शुरू

## नेटवर्क ध्वस्त करने के लिए जिला प्रशासन ने लिया अत्याधुनिक तकनीक का सहारा, कमेटी भी बनाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अवैध खनन रो. कने के लिये ड्रोन और डीजीपीएस तकनीक से खनन क्षेत्रों की डिजिटल मैपिंग शुरू की गई। अवैध खनन के नेटवर्क को ध्वस्त करने और खनन कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता लाने के लिए जिला प्रशासन ने अब अत्याधुनिक तकनीक का सहारा लिया है।

जिलाधिकारी के सख्त आद. ेशों के बाद जिले के प्रमुख खनन क्षेत्रों में ड्रोन और डीजीपीएस मशीनों के जरिए व्यापक सर्वे और पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय सब-डिविजनल कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी की विशेषता यह है कि इसमें राजस्व, वन, सिंचाई, खनन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जैसे महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों को एक साथ लाया गया है, ताकि जांच में कोई भी पहलू छूट न जाए। कम्पनी द्वारा नियम-23 के तहत चिन्हित किए गए पांच वर्षीय खनन पट्टों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सर्वे के दायरे में आने वाले मुख्य क्षेत्र ढिक्काकलां, बरथा कोरसी, असलमपुर बरथा, नुनियारी, हैदरपुर, हिन्दुवाला शामिल हैं। प्रशासन इस बार केवल कागजी कार्यवाही तक सीमित नहीं है। री-प्लेनिशमेंट (पुनः पूर्ति) अध्ययन के माध्यम से यह पता लगाया जा रहा है कि नदियों में कितना खनिज उपलब्ध है और कितना निकाला जा सकता है। इससे पूरे क्षेत्र की वास्तविक भौगोलिक स्थिति और खनन की गहराई का सटीक डेटा प्राप्त हो रहा है। इस तकनीक से खनन पट्टों की सीमाओं का डिजिटल निर्धारण किया जा रहा है, जिससे पट्टा धारक अपनी तय सीमा से बाहर जाकर खनन न कर सकें।यह पूरी कवायद भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (2020) की गाइडलाइंस के साथ-साथ उच्चतम न्यायालय और राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देशों के तहत की जा रही है।



इसका मुख्य उद्देश्य खनन के साथ-साथ शिवालिक की पहाड़ियों और नदियों के पारिस्थितिक तंत्र को बचाए रखना है। जांच के दौरान टीम ने विभिन्न स्थलों के फोटोग्राफ लिए और मौके पर ही रिपोर्ट तैयार की। इस महत्वपूर्ण कमेटी में डॉ. नवीन कुमार दास (अपर निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म), शुभम सिंह (प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी), विपुल सिंघल (वनाधिकारी, शिवालिक) और बेहट, सदर व नकुड़ के उपजिलाधिकारी सहित अन्य विशेषज्ञ शामिल रहे।

# ऐतिहासिक होगी जयंत की जनसभाः चौ.नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्यमंत्री चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि दो मई को जयंत चौधरी की होने वाली जनसभा ऐतिहा. सिक होगी।

चौ.नीरपाल सिंह जयंत चौधरी के आगमन की तैयारियों के संबंध में भुल्लन सिंह के आवास पर किसानों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2 मई को गुरुकुल नारसन के गांव हरजौली जट्ट में किसानों के महान नेता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की मूर्ति का अनावरण करने के लिए केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी आ रहे है। मूर्ति अनावरण के अवसर पर जयंत चौधरी विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। अपने नेता के ओजस्वी विचार सुनने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं अपने नेता का जबरदस्त स्वागत करे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय लो. कदल को संजीवनी देने के लिए और राष्ट्रीय लोकदल को मजबूत करने के लिए आ रहे है।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता मुकेश चौधरी, राजदीप ढाका,सोनू कुमार, रहमान, सुहेल, दीपचंद, विवेक उपस्थित रहे।

## बैंड मास्टर की मौत

**गंगोह।** रिश्तेदार की मौत की सूचना पर वहां ट्रेन द्वारा दुख व्यक्त करने जा रहे एक बैंड मास्टर की उसकी चपेट में आने से मौत हो गई। परिजनों ने देर रात शव को लाकर उसे सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

मृतक बैंड मास्टर के बेटे मुनव्वर ने बताया कि उनके पिता 65 वर्षीय मोहम्मद इरशाद शुक्रवार को देवबंद रिश्तेदारी में गए हुए थे। शनिवार को खतौली निवासी एक रिश्तेदार की मौत हो गई। सूचना मिलने पर इरशाद देव. बंद से ही ट्रेन द्वारा खतौली जाने के लिए बैठ गए। खतौली में न उतर पाने के कारण वह अगले किसी स्टेशन पर उतर रहे थे, लेकिन अचानक वह नीचे गिर कर ट्रेन की चपेट में आ गए जिससे मौके पर ही मौत हो गई।

# चौ. मांगेराम ने लगाई चौपाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनने को लेकर गांव सीडकी स्थित एक कृषि फार्म पर एक चौपाल का आयोजन किया गया जिसमे जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने प्रधानमंत्री की मन की बात को ध्यान से सुना। जिला पंचायत अध्यक्ष ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस आह्वान पर अमल करे जिसमे उन्होने किसानों से गैर परम्परागत उर्जा का उत्पादन करे। कृषि उत्पादन के साथ साथ बांस का उत्पादन भी करे क्योंकि आज के समय मे बांस व इससे निर्मित वस्तुओं का वैश्विक बाजार बढ रहा है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पपिन चौधरी,सतेंद्र वैदिक, सुनील चौधरी, इन्द्र सिंह मलिक, मेमपाल, जयवीर राणा, इसरार, अमित आर्य, इसमपाल नंबरदार, संजील आर्य, सुनीता आर्य, रवि चौधरी, रचना आर्य, रंजीता चौधरी, सत्यम चौधरी आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शासन के निर्देशों का पालन करें: डा.प्रवीण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आई.एम.ए. अध्यक्ष डा.प्रवीण शर्मा ने कहा कि सभी चिकित्सक अपने हॉस्पिटल में फायर से संबंधित शासन के निर्देशों का पालन अवश्य कराये।

डा.प्रवीण शर्मा जी.पी.ओ. रोड स्थित होटल के सभागार मे आईएमए की मासिक वैज्ञानिक गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों का पालन करना हमारे और मरीज दोनों के हित में है। गाजियाबाद से आए डॉ राजेश ने कहा कि यदि किसी मरीज का लीवर पूरी तरह से खराब हो जाए तो उसका ईलाज लीवर ट्रांसप्लांटेशन ही है,क्योंकि ऐसी स्थिती मे कोई दवाई काम नही करती है। डॉ ख्याति भाटिया ने बताया कि अब गले के कठिन से कठिन कैंसर की सर्जरी भी कार्बन डाई आक्साइड लेजर तथा ट्रान्सरोबोटिक सर्जरी के द्वारा आसानी से की जा सकती है। इन सर्जरी मे ब्लीडिग कम होती है तथा मरीज को अस्पताल मे कम समय के लिए रुकना पडता है।





सचिव डॉ नीरज आर्य ने सभी चिकित्सको का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिक सचिव डॉक्टर कलीम अहमद के द्वारा किया गया।

गोष्ठी में डा. अनुपम मलिक कोषाध्यक्ष, डा. मोहन सिंह, डा. मनदीप सिंह, डा. डी.के. गुप्ता, डा. नरेश नौसरान, डा. महेश ग्रोवर, डा. महेश चन्द्रा, डा. विकास अग्रवाल, डा. रेणू शर्मा, डा. साक्षी मलिक, डा. ननीता चन्द्रा, डा. संजय यादव, डा. संदीप गर्ग, डा.अनिल मलिक, डा. सुधीर अग्रवाल, डा. संजीव अग्रवाल, डा. रजनीश सिंघल, डा. राहुल सिंह, डा. शशिकांत, डा. रविकांत, डा. वी. एस.पुणडीर, डा. अतुल जैन, डा. प्रशान्त खन्ना, डा. आर.एस.पंवार, डा. विक्रांत मेहदीरत्ता, डा. राज खन्ना, डा. विजय अग्रवाल, डा. सत्यानंद साथी आदि चिकित्सक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# मेगा कैंप में हजारों उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विद्युत उपकेंद्र घंटाघर परिसर में विद्युत सेवा महा अभियान' के अंतर्गत आयोजित मेगा कैंप के दूसरे दिन बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने समस्याओं का समाधान कराया।

कैंप के दौरान 41 स्मार्ट प्रीपेड मीटरों के बिलों में संशोधन किया गया, जबकि 276 स्मार्ट मीटर ऐप से संबंधित समस्याओं का समाधान किया गया। इसके अलावा 190 उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर डिस्कनेक्शन व री-कनेक्शन के कार्य भी मौके पर ही संपन्न किए गए। 181 उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर अपडेट किए गए, वहीं 111 उपभोक्ताओं के संयोजन की भार वृद्धि कर उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर और स्मार्ट मीटर ऐप के लाभों के बारे में भी जागरूक किया। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के कैंपों से उपभोक्ताओं को राहत मिलती है और उनकी समस्याओं का तेजी से समाधान संभव हो पाता है। संच. लन अधिशासी अभियंता संजीव कुमार विद्युत नगरीय वितरण खंड वाणिज्य-द्वितीय के निर्देशन में किया गया।

# धूमधाम से निकाली श्री खाटू श्याम पालकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपु।**र राधा विहार स्थित चमत्कारी श्री खाटू श्याम मंदिर वार्षिकोत्सव उपलक्ष में खाटू श्याम पालकी नगर यात्रा पैरामाउंट ट्यूलिप कॉलोनी से शुभारंभ अवसर पर स्वामी कालेंद्रानंद जी महाराज ने कहा खाटू श्याम जन-जन का कल्याण करने वाली जागृति देव हैं।

श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित चमत्कारी श्री खाटू श्याम मंदिर राधा विहार से वार्षिक उत्सव उपलक्ष में दिल्ली रोड पैरामाउंट ट्यूलिप से प्रारंभ हुई। बाबा खाटू श्याम की छवि स्वर्ण पालकी में विराजित हुई और सभी ने पुष्पों की वर्षा की। पालकी दिल्ली रोड न्यू आवास विकास संजीव चौधरी के निवास पर पूजन हुआ जहां गुलाब के फूलों से बाबा का भव्य स्वागत किया गया, स्टेट बैंक कॉलोनी होते हुए बलिया खेड़ी ब्लाक विजय विहार सुभाष सैनी बीडीओ के निवास पर पूजन हुआ, हसनपुर चुंगी होते हुए राजौरी गार्डन में भूपेंद्र सिंह पुंडीर के यहां बाबा श्याम की पालकी को विश्राम दिया गया। खाटू श्याम की महिमा का वर्णन करते हुए स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा खाटू श्याम पालकी नगर यात्रा धार्मिक जागृति एवं भक्ति भाव को प्रकट करने के लिए नगर के साथ-साथ गांव में भी निकाली जा रही है महाराज श्री ने बताया इसका उद्देश्य यह है सभी के मनोभाव में श्याम बाबा के निस्वार्थ समर्पण एवं सेवा एवं निस्वार्थ दान का भाव जागृत हो।



इस अवसर पर राजेंद्र धीमान संजय राणा अनिल नारंग सनी का मौज उपेंद्र चौधरी अंशुल शांडिल्य सुभाष सैनी जॉनी सैनी दिग्विजय सिंह पुंडीर प्रेमवती शर्मा उमा चौधरी शिवानी सैनी संगीता पुंडीर लोकेश त्यागी कोमल सैनी जगनिता चौधरी कुसुम शर्मा आदि मौजूद रहे।

# दहेज उत्पीड़न का लगाया आरोप

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला ने अपने ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। वहीं महिला के ससुर ने इन सभी आरोपों को मिथ्या बताते हुए नकारा है।

माहेश्वरी कलां निवासी महिला अंजुम पत्नी जाहिद ने थाना पर तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी लगभग छह वर्ष पूर्व ग्राम माहेश्वरी कलां निवासी जाहिद के साथ हुई थी। मायके वालों ने कार के अलावा घर में इस्तेमाल होने वाला सभी सामान दिया था। आरोप है कि पीड़िता की नन्द व सास दहेज से खुश नहीं हैं। जो कम दहेज लाने का ताना मारते हुए मारपीट करती रहती हैं और मायके से कार लेकर आने की मांग करती रहती हैं। पीड़िता ने उसकी जान माल की सुरक्षा करते हुए कानूनी कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है।

वहीं महिला के ससुर ने सभी आरोपों को नकारते हुए बताया कि उसने अपने दो बेटों की शादी कर रखी है, जो कि अपनी पत्नियों के साथ अलग रहते हैं। जबकि उसकी दो जवान बेटियां घर में बैठी हैं, उसका हाल ही में ऑपरेशन हुआ है। दोनो बेटों द्वारा घर में कोई भी सहयोग राशि नहीं दी जाती। जिस कारण वह अपने बेटों व उनकी पत्नियों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा है तथा प्रतिक्रिया चल रही है। इसी बोखलाहट में बेटे की पत्नी ने मनगढ़त आरोप लगाया है।

# खेड़ी शिकोहपुर सड़क निर्माण की खुली पोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत छुटमलपुर से खेड़ी शिकोहपुर तक बनाई जा रही नई सड़क फिलहाल विकास की जगह भ्रष्टाचार का प्रतीक बनकर रह गई है।

पिछले दो महीनों से जारी निर्माण कार्य अभी पूरा भी नहीं हुआ है कि सड़क ने दम तोड़ना शुरू कर दिया है। सड़क की बदहाली का आलम यह है कि बिछाई गई बजरी अब जगह-जगह से उखड़ने लगी है और किनारे की पटरियों में मजबूत सामग्री के बजाय केवल कीचड़ व रेतीली मिट्टी डालकर खानापूर्ति की जा रही है.

ग्रामीणों में इस घटिया निर्माण को लेकर गहरा आक्रोश है।अलावलपुर निवासी निशु कुमार का कहना है कि यह सड़क पूरी तरह से अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत और बंदरबांट की भेंट चढ़ गई है। उन्होंने बताया कि कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन साठगांठ के चलते विभागीय अधिकारी कोई भी ठोस कार्रवाई करने को तैयार नहीं हैं। वहीं, खेड़ी शिकोहपुर के निवासी तालिब ने अपना दुख जताते हुए कहा कि तीस सालों के इंतजार के बाद मिली यह सड़क इतनी खराब बनाई गई है कि अभी पूरी तरह बनी भी नहीं कि टूटने लगी है।



इस मामले में जब विभागीय अधिकारियों से सवाल किया गया, तो वे अपने चिर-परि. चत अंदाज में गोलमोल जवाब देकर पल्ला झाड़ते नजर आए। वहीं, जब इस बारे में विभाग के चीफ से संपर्क साधने की कोशिश की गई, तो रविवार को अवकाश होने के कारण पक्ष नहीं मिल सका। ग्रामीणों ने अब मीडिया के जरिए उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई है, ताकि इस प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार की जांच हो सके और उन्हें एक सुरक्षित सड़क नसीब हो सके।

## 30 यूनिट रक्तदान

**गंगोह।** जयहिंद समाजिक संस्था द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 30 रक्तवीरों ने रक्तदान किया।

शिव चौक स्थित पंचायती धर्मशाला रामलीला भवन में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष दिनेश सैनी, सचिव आदित्य शर्मा, कोषाध्यक्ष दानिश ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। हिन्दू राष्ट्रीय इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य अनिल मित्तल ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि इससे किसी की जान को बचाया जा सकता हे। इस कार्य में लगे लोग भाग्य शाली होते है कि उन्हें सेवा का अवसर मिल रहा है। शिविर में 30 लोगों द्वारा ही रक्तदान किया।

# सब रजिस्ट्रार कार्यालय नई तहसील में शिफ्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** अधिवक्ताओं और आम जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए सब रजिस्ट्रार कार्यालय नई तहसील भवन में शिफ्ट कर दिया गया है। इससे आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी।

गौरतलब है कि सब रजिस्ट्रार कार्यालय अस्थाई तहसील मंडी समिति के पुराने परिसर में होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों और भागदौड़ का सामना करना पड़ता था।इस कार्यालय को नई बिल्डिंग में स्थानांतरित कराने के लिए तहसील बार एसोसिएशन द्वारा लगातार माँग की जा रही थी।रविवार को अवकाश होने के बावजूद अधिवक्ताओं की उपस्थिति में नई तहसील बिल्डिंग में सब रजिस्ट्रार कार्यालय का विधिवत हवन-पूजन संपन्न हुआ अधिवक्ताओं ने प्रशासन के इस फैसले का स्वागत किया। सब रजिस्ट्रार कार्यालय नई तहसील में शिफ्ट होने से आम जनता को इधर उधर भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी।

# शिविर में व्यापारियों ने किया रक्तदान





**सहारनपुर।** नेहरू मार्केट व्यापार मंडल के तत्वाधान में एफबीडी संस्था के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में भारी संख्या में व्यापारियों ने रक्तदान किया।

महानगर के जुबली पार्क में आयोजित शिविर का उद्घाटन व्यापार मंडल के अध्यक्ष अभिषेक चावला, चेयरमैन विजय चावला, संयोजक अनिल गुप्ता, महामंत्री विजय कुमार एवं संरक्षक मास्टर भाई एहसान द्वारा फीता काटकर विधिवत रूप से किया गया। रक्तदान शिविर के संयोजक विशाल लूथरा, सरदार गगनदीप सिंह, सरदार परविंदर सिंह एवं कोषाध्यक्ष अमित गुलाटी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन विजय शर्मा एवं रोहित गुलाटी की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर नेहरू मार्केट के अनेक व्यापारियों ने रक्तदान कर मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। साथ ही, व्यवस्था में भी सक्रिय सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। रक्तदान शिविर में उत्साहपूर्ण भागीदारी ने समाज में सेवा और सहयोग की भावना को और मजबूत करने का संदेश दिया।

# पेंशन को आयकर मुक्त करे सरकारः अविनाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारत पेंशनर्स समाज के अविनाश राजपूत ने कहा कि पेंशनर्स के हित में पेंशन को पूर्णत आयकर मुक्त किया जाये।

अविनाश राजपूत आज रेलवे पेंशनर्स समाज के 13 वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सरकार से सभी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने, कोरोना काल में रोके गए महंगाई भत्ता को प्रदान करने, वित्त अधिनियम 2025 में संशोधन करने, सेवानिवृत्ति की तिथि के आधार पर आठवें वेतन आयोग का लाभ देने के विभेदकारी प्रावधान को समाप्त करने, पेंशनर्स की बढ़ती उम्र एवं उनके खर्चों को देखते हुए अतिरिक्त पेंशन 80 वर्ष की उम्र के स्थान पर 65 वर्ष की उम्र से प्रदान करने आदि की मांग की।



अखिल भारतीय सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के एल अरोड़ा ने कहा कि बुजुर्ग सिर्फ बीते हुए समय की यादें नहीं, बल्कि जीवन के अनुभवों की ऐसी किताब है, जो हमें आज सही राह दिखाते हैं। एडीएमओ डॉ गौरव शर्मा ने वरिष्ठ नागरिकों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। संस्थापक आर सी शर्मा ने संस्था के गठन 2013 से अब तक 13 वर्ष की गतिविधिओ एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष जे एन शर्मा ने अतिथियों एवं प्रतिनिधिओ का स्वागत किया। महामंत्री एन एस चौहान ने वर्ष 2025- 2026 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। आर के धीगड़ा ने वर्ष 2025-2026 का वित्त विवरण प्रस्तुत किया। संचालन मूल चंद रांगड़ा ने किया।

मनोनीत चुनाव अधिकारी प्रकाश चंद ने संस्था की वर्ष 2026- 2027 के लिए चयनित प्रबंध कार्य कारिणी समिति की घोषणा की। जिसमे संस्थापक रमेश चंद शर्मा, अध्यक्ष जय नारायन शर्मा, महामंत्री नरेंद्र सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष राम प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष जगदीश प्रकाश शर्मा, मूलचंद रांगड़ा, स्वतंत्र भारद्वाज, विनोद त्यागी, इकबाल अजीम, मंत्री देवेंद्र कुमार, अमरनाथ त्यागी, विजय त्यागी, इंद्रजीत कुमार, निसार अहमद, सह कोषाध्यक्ष विजय तलवार, ऑडिटर संजीव छाबड़ा, सरक्षक राज कुमार धीगड़ा, अरविंद शर्मा, अशोक शर्मा, अजय शर्मा, जवाहर सिंह, अजीत राणा, मीना कटारिया, प्रदीप गिलोत्रा, जय देव सिंह, अमरनाथ, सदस्य-विजेंद्र कुमार शर्मा, हरीश चंद्र राम, बलजीत जायसवाल एवं वेद प्रकाश को घोषित किया गया।

सम्मेलन में बीपीएस उपाध्यक्ष हंसराज माही, अविनाशी गुप्ता, वरुण देव मिश्रा, कुलदीप सिंह,ए एस धारिया, स्टेशन मैनेजर अनिल त्यागी, सीडब्ल्यूआई अरुन कुमार, फार्मासिस्ट निखिल कुमार, अनुपम महाजन विशिष्ट अतिथि के रुप में मौजूद रहे।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# हमला या साजिश

यह खबर वास्तव में डराने वाली भी है, चौंकाने वाली भी और हैरान करने वाली भी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पर व्हाइट हाउस कॉरोसपोंडेंट डिनर के दौरान एक हमलावर ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति पूरी तरह सुरक्षित हैं और सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने तुरंत उन्हें वहां से सुरक्षित बाहर निकाला। देखने वाली बात यह भी है कि जिस समय यह हमला हुआ, उस समय डिनर पार्टी में ट्रम्प और उनकी कैबिनेट सहित 2500 प्रतिष्ठित मेहमान मौजूद थे। हमलावर की पहचान कैलिफोर्निया के टोरेंस निवासी कोल टामस एलन के रूप में हुई है। उसे जिंदा पकड़ लिया गया है। इस हाईप्रोफाइल कार्यक्रम में वॉलिंटर के रूप में काम कर रही हेलेन माबुस ने उन डरावने पलों को याद करते हुए बताया कि वहां सुरक्षा का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं था और न ही निगरानी की जा रही थी। हमलावर एलन वाशिंगटन हिल्टन होटल में आया और सीधे उस बालरूम की ओर बढ़ा जहां राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रतिष्ठित मेहमान मौजूद थे और जब हमलावर ने हमला किया उस वक्त मेहमानों को सलाद परोसा जा रहा था। वॉलिंटर का कहना था कि स्थिति इतनी तनावपूर्ण थी कि कैबिनेट के सदस्यों को टेबल के नीचे शरण लेनी पड़ी। डीसी पुलिस प्रमुख जैफरी केरोल ने भी अपने बयान में कहा कि हमलावर के पास एक शॉटगन, एक हैंडगन और कई चाकू थे और इस हमले में एक कानून प्रवर्तन अधिकारी को गोली लगी, लेकिन बुलेट प्रूफ जाकेट के चलते उनकी जान बच गई। पुलिस प्रमुख के अनुसार यह एक लोन वुल्फ हमला हो सकता है। इसका मतलब है कि हमलावर ने अकेले ही साजिश को अंजाम दिया। कोल टामस एलन के बारे में यह भी जानकारी दी कि वह पेशे से टीचर है और उसे दिसंबर 2024 में टीचर ऑफ द मंथ का पुरस्कार मिल चुका है। ट्रम्प ने हमलावर को अपनी एक टिप्पणी में सनकी शख्स बताया है। जहां तक भारत की है, भारतीय पीएम मोदी ने इस गोलीबारी की घटना की निंदा की है, अपने सोशल मीडिया एक्स पर पीएम मोदी ने ट्रम्प, प्रथम महिला मेलानिया और उप राष्ट्रपति जेडी वेन्स की सुरक्षा पर राहत जताई है और कहा है कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। देखने वाली बात यह भी है कि अब से पहले 13 जुलाई 2024 को भी ट्रम्प पर उस समय हमला हुआ था, जब वह चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। तब कहा गया था कि यह हमला ईरान ने कराया है। अभी भी सीधे ईरान का नाम तो नहीं लिया गया, लेकिन जिस तरह का बयान ट्रम्प ने दिया है वह इसी तरफ इशारा कर रहा है। उन्होंने कहा है कि उन पर हुआ यह हमला ईरान पर उनकी विजय को नहीं रोक सकता। इसलिए यह संदेह भी पैदा होता है कि कहीं यह हमला ईरान पर हमले का कारण तो नहीं बन जाएगा और यूं भी जिस तरह की जानकारी अब तक आई है वह बेहद अस्पष्ट है। एक सनकी पागल व्यक्ति इतनी हाईप्रोफाइल पार्टी में कैसे पहुंच सकता है। जो अमेरिका अपने राष्ट्रपति को लेकर विदेशों में भी चौकसी बरतता है, वह अपने यहां कैसे लापरवाह हो सकता है।

## बंगाल में तृणमूल का गुंडा राज चला रहा



कांग्रेस हिंसा पर भरोसा नहीं करती और अहिंसा के सिद्धांत को कलंकित करने वाली राजनीति के सामने झुकना नहीं जानती है, कांग्रेस के कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की तृणमूल से जुड़े गुंडों द्वारा की गई हत्या बेहद निंदनीय है, शोकाकुल परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं, पश्चिम बंगाल में आज लो. कतंत्र नहीं, तृणमूल का गुंडा राज चल रहा है, वोट के बाद विरोधी आवाजों को डराना, मारना, मिटाना, यही टीएमसी का चरित्र बन चुका है, कांग्रेस की राजनीति कभी हिंसा पर नहीं टिकी और न कभी टिकेगी, हमने भी अपने कार्यकर्ता खोए हैं, फिर भी हमने हमेशा अहिंसा और संविधान का रास्ता चुना है, यही हमारी विरासत है, यही हमारा संकल्प, हमारी मांग स्पष्ट है, अहिंसक परंपरा को कलंकित करने वाली राजनीति के सामने झुकेंगे नहीं, न्याय होकर रहेगा।

**–राहुल गांधी, नता विपक्ष, लोकसभा**

# मानवीय संवेदना का इतिहासकार

# फोटोग्राफर रघु राय



कई दशकों तक भारतीय राजनीति, इसके प्रमुख व्यक्तित्वों, प्रमुख घटनाओं को अपने कैमरे में कैद कर देश के समक. ालीन राजनीतिक इतिहास को एक जीवंत आयाम देने वाले महान फोटोग्राफर रघु राय का रविवार को निधन हो गया। अपने समय के सच को पूरी निडरता और सच्चाई के साथ दिखाने वाले इस फोटोग्राफर ने 23 की उम्र में पहली बार कैमरे पर हाथ आजमाया था, तब से लेकर पूरी जिदगी कैमरा उनके साथ ऐसे रहा, जैसे वह उनके शरीर का कोई अनिवार्य अंग हो। उनकी खिची हुई तस्वीरें देखकर अनायास ही यह महसूस हो जाता है कि अपने व्यू फाइंडर से तात्कालिक सच को देख पाने की उनमें अद्भुत क्षमता थी। व्यू फाइंडर उनकी आत्मा का ही विस्तार था, जिसके द्वारा वह अनदेखे को देखकर कैमरे में कैद कर लेते और उसे अमर जीवंत तस्वीर में बदल देते थे।

अब इसे इत्तेफाक कहें या नियति का खेल की उनका जन्म महात्मा गांधी द्वारा भारत छोड़ो आंदोलन के बिगुल फूंके जाने के मात्र चार महीने बाद 18 दिसंबर 1942 को पंजाब के झंग में हुआ। यही वह समय था, जब भारत का इतिहास एक नए अध्याय में प्रवेश करने वाला था और बाद में युवा रघु राय इस नए अध्याय को अपने कैमरे से कैद करने वाले थे।

वह 1966 में प्रसिद्ध अंग्रेजी अखबार स्टेट्समैन में मुख्य फोटोग्राफर के रूप में शामिल हुए और मात्र एक साल बाद इंदिरा गांधी देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी। यह एक ऐसा संयोग था, जिसने हम भारतीयों को इंदिरा गांधी की कई अमूल्य तस्वीरें दी। राय द्वारा श्रीमती गांधी की खींची गई तस्वीरें इतनी जीवंत और प्रभावी हैं कि केवल इन तस्वीरों के आधार पर श्रीमती गांधी की राजनीतिक करियर का इतिहास गढ़ा जा सकता है और यह तस्वीर केवल तथ्यों और आंकड़ों का इतिहास नहीं होगा। मानवीय पक्ष का इतिहास होगा। मंच पर खोई हुई सिमटी सी बैठी इंदिरा गांधी की तस्वीर एक ऐसे विरोधाभास को दर्शाता है, जिसमें आयरन लेडी चिताओं और अव्यक्त भय से घिरी हुई एक साधारण महिला नजर आती हैं– बेहद मानवीय, सुभेद्य। एक तरफ अपनी कुर्सी पर बैठी और चारों तरफ से पुरुष नेताओं से घिरी हुई इंदिरा गांधी पुरुष वर्चस्व वाली राजनीति को चुनौती देती नजर आती हैं, तो दूसरी तरफ अपने घर में सोनिया गांधी और बच्चों के साथ मुस्कराती हुई बेहद पारिवारिक महिला दिखती हैं। रघु राय की तस्वीरें जितनी जीवंतता से इंदिरा गांधी के भावों को कैद और अभिव्यक्त करती हैं, उतनी जीवंतता से कोई भी इतिहासकार इंदिरा के बारे में नही लिख पाएगा। इसलिए रघु राय महज एक फोटोग्राफर नहीं है, एक इतिहासकार हैं, जो इतिहास को तथ्यों से परे ले जाकर मानवीय बना देता है।

इतिहास को मानवीय पक्ष देने वाले इस महान फोटोग्राफर की एक अन्य तस्वीर ने पूरी त्रासदी को एक जीवंत प्रतीक में बदल दिया। भोपाल त्रासदी की वह तस्वीर जिसमें एक बच्चा मलबे के नीचे दबा हुआ है, सिर्फ उसका शुष्क चेहरा और अध-खुली आंखें दिख रही हैं, आज भी उस भयावह त्रासदी को जैसे अपनी पुरी नग्नता के साथ आंखों के सामने लाकर खड़ा कर देता है।

संपूर्ण क्रांति आंदोलन के दौरान लोकनायक जयप्रकाश नारायण पर लाठी चार्ज की तस्वीर हो या बंगलादेश मुक्ति संग्राम के समय लोगों के पलायन की तस्वीर, राय अपने समय के इतिहास की लगभग हर महत्वपूर्ण घटना को दर्ज करते चलते हैं। भिडरावाले की मृत्यु से मात्र एक दिन पहले की उनकी पोट्रेट हो या मदर टेरेसा की मरीजों की सेवा करती हुई तस्वीर, वह मानवीय भावनाओं, डर और संवेदनाओं को पकड़ लेने में जैसे माहिर थे। इस लिहाज से वह एक मनोवैज्ञानिक लगते हैं, जो हाथ में कैमरा लिए अपने समय के लोगों की मनोदशाओं को कैद करता चलता है और मानवता का संवेदनशील दस्तावेज तैयार करता दिखता है। राय के इन्ही विशिष्ट और अद्भुत कार्यों के लिए भारत सरकार ने 1972 में उन्हें पद्म से नवाजा, लेकिन उनकी ख्याति केवल देश तक ही सीमित नहीं थी। उनके फोटो निबंध द न्यू यॉर्कर, द न्यूयॉर्क टाइम्स, टाइम, लाइफ, द इंडिपेंडेंट और कई अन्य प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशनों में समय-समय पर छपते रहे। राय को नेशनल ज्योग्राफिक में प्रकाशित उनके फोटो निबंध ह्यूमन मैनेजमेंट ऑफ वाइल्डलाइफ इन इंडिया के लिए अमेरिका में फोटोग्राफर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। फांसीसी सरकार ने भी उन्हें 2009 में ऑफिसर डेस आर्ट्स एट डेस लेट्रेस से सम्मानित किया। देश-विदेश में ख्याति प्राप्त यह महान फोटोग्राफर भले ही आज इस दुनिया से चला गया हो, लेकिन उनका काम, उनकी आयताकार तस्वीरें दुनिया में हमेशा जीवित रहेंगी और अपनी पुरी प्रामाणिकता एवं सच्चाई के साथ कहती रहेगी– एक था रघु राय, जिसने कैमरे से इतिहास लिख दिया, मानवीय संवेदना का इतिहास।

**–भारत भूषण**

**यह लोकतंत्र की नींव, 'न्यायिक स्वतंत्रता' को हिला देता है। कुछ मामलों में भ्रष्टाचार सच्चा हो सकता है, लेकिन टाइमिंग संदिग्ध है। इससे राजनीति में 'कोऑर्शन' (दबाव) की संस्कृति बढ़ती है। जनता के मन में यह सवाल उठना लाजमी है कि क्या सत्ता हासिल करने का यही तरीका है? यह ट्रेंड छोटे दलों को खत्म करने और राष्ट्रपति शासन जैसी स्थितियां पैदा करने का खतरा बढ़ाता है। आम आदमी पार्टी के सांसदों का भाजपा में विलय स्वस्थ राजनीति को खतरे में डालता है। यह पार्टी की कमजोरियों को उजागर करता है। लेकिन इससे बड़ा सबक यह है कि भारतीय राजनीति में वैचारिक स्थिरता, आंतरिक लोकतंत्र और संस्थागत निष्पक्षता की जरूरत है।**

# सांसदों का सामूहिक पलायन : चेतावनी



विनीत नारायण

पिछले सप्ताह आम आदमी पार्टी के सात राजसभा सांसदोंने पार्टी छोड़कर भाजपा में स्वत: विलय कर लिया। पार्टी की कुल 10 राजसभा सीटों में से दो-तिहाई से अधिक सां. सदों का यह कदम संवैधानिक प्रावधान के तहत लिया गया, जिससे उन्हें अयोग्यता से बचने का रास्ता मिल गया। इनमें से छह पंजाब से चुने गए थे, जबकि एक दिल्ली से। यह घटना न केवल आम आदमी पार्टी के लिए करारा झटका है, बल्कि पंजाब की सत्तासीन पार्टी के भविष्य पर सवालिया निशान लगा रही है।

राघव चड्ढा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि आम आदमी पार्टी अब अपनी मूल विचारधारा से भटक गई है, लेकिन विपक्षी दलों और आम आदमी पार्टी ने इसे भाजपा का ऑपरेशन लोटस करार दिया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल ने इसे पंजाब के साथ धोखा बताया। सवाल यह है कि क्या यह महज व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा का परिणाम है या पंजाब की राजनीति में बड़े बदलाव की शुरुआत?

पंजाब में आम आदमी पार्टी 2022 के विधानसभा चुनावों में भारी बहुमत से सत्ता में आई थी। भगवंत मान सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और रोजगार जैसे क्षेत्रों में कुछ उपलब्धियां गिनाती रही है, लेकिन 2027 के विधानसभा चुनावों से ठीक एक साल पहले यह सामूहिक पलायन पार्टी की स्थिरता पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। इन सात सांसदों में चार प्रमुख पंजाबी चेहरे, हरभजन सिंह (क्रिकेटर), अशोक मित्तल (एलपीयू चांसलर), विक्रम साहनी और संदीप पाठक, का जाना न केवल संसदीय ताकत कम करता है बल्कि पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को भी कमजोर करता है।

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वॉरिंग ने पहले ही चेतावनी दी है कि केजरीवाल की पार्टी के 50 विधायकों तक का पलायन हो सकता है। यदि ऐसा हुआ तो पंजाब में सरकार अल्पमत में आ सकती है। भाजपा, जो पंजाब में अभी कमजोर है, को यह घटना बड़ा नैतिक और संगठनात्मक बल प्रदान करेगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्वनी कुमार के अनुसार, यह भाजपा को अकाली दल के साथ गठबंधन की मेज पर मजबूत स्थिति देगा। पंजाब की राजनीति में 'ऑपरेशन लोटस' की सफलता से भाजपा की छवि मजबूत होगी और मतदाताओं में यह धारणा बनेगी कि केजरीवाल की पार्टी का 'अंत' शुरू हो चुका है। दूसरी ओर, यह घटना पंजाब के किसान-मजदूर वोट बैंक को भी प्रभावित करेगी। उल्लेखनीय है कि आंदोलन से जन्मीं आम आदमी पार्टी की छवि को भ्रष्टाचार-मुक्त और आम आदमी की पार्टी के रूप में बनाया गया था। अब जब उसके प्रमुख चेहरे भाजपा में शामिल हो रहे हैं, तो जनता में निराशा फैल सकती है। पंजाब की राजनीति पहले से ही कांग्रेस, अकाली दल और आप पार्टी के त्रिकोणीय संघर्ष में फंसी है। इस पलायन से कांग्रेस को भी फायदा हो सकता है, लेकिन कुल मिलाकर विपक्षी एकता टूटने का खतरा बढ़ गया है। इस घटना ने अन्य विपक्षी दलों, कांग्रेस, टीएमसी, सपा, बसपा आदिको स्पष्ट संदेश दिया है कि भाजपा केंद्र की एजेंसियों का इस्तेमाल कर विपक्ष को तोड़ने की रणनीति पर अडिग है। 'ऑपरेशन लोटस' अब सिर्फ कर्नाटक, महाराष्ट्र या हरियाणा तक सीमित नहीं रहाय यह राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी दलों की जड़ों को हिला रहा है। दलों को समझना होगा कि बिना आंतरिक लोकतंत्र, मजबूत संगठन और वैचारिक स्पष्टता के वे टिक नहीं सकते। आम आदमी पार्टी जैसी युवा पार्टी का टूटना साबित करता है कि व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा और संसाधनों की कमी पार्टियों को कमजोर बनाती है। वहीं आम जनता के लिए संदेश और भी गंभीर है। जब भी कोई नेता ईडीध्सीबीआई छापे के ठीक बाद पार्टी बदल लेता है, तो लोकतंत्र में विश्वास डगमगाता है। जनता सोचती है कि क्या ए नेता सच्चे सुधारक थे या सत्ता के लालची? पंजाब की जनता, जो पहले ही महंगाई, बेरोजगारी और ड्रग समस्या से जूझ रही है, अब राजनी. तिक अस्थिरता का शिकार हो रही है। यह घटना राजनी. ति को एक 'धंधा' साबित करती है, जहां सिद्धांतों की जगह स्वार्थ हावी है, लेकिन एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि जनता अब ज्यादा सजग हो रही है। 2027 के चुनाव में मतदाता इन 'ट्रैक्टरों' को याद रखेंगे और वोट से जवाब देंगे। यह घटना आम आदमी पार्टी के लिए खतरे की घंटी है। पार्टी ने दिल्ली और पंजाब में सत्ता संभाली, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर संगठन अभी भी कमजोर है। राघव चड्ढा जैसे चेहरे, जो पार्टी के प्रमुख प्रवक्ता थे, का जाना आंतरिक कलह को उजागर करता है। केजरीवाल की 'सुप्रीमो' शैली पर सवाल उठ रहे हैं। अशोक मित्तल पर ईडी के छापे के महज 10 दिन बाद उनका पलायन संदेहास्पद है। यदि पार्टी में सुधार नहीं हुआ, तो दिल्ली में भी 'डोमिनो इफेक्ट' शुरू हो सकता है। वहीं अन्य दलों के लिए भी यह एक संकेत है। भारतीय राजनीति में 'माइग्रेशन' की संस्कृति बढ़ रही है। भाजपा की मजबूत केंद्रीय शक्ति का फायदा उठाकर छोटी पार्टियां टूट रही हैं। यह लोकतंत्र की सेहत के लिए खतरनाक है। जब विपक्ष कमजोर होता है, तो सत्ता का दुरूपयोग बढ़ता है। यह प्रवृत्ति 'एक पार्टी प्रभुत्व' की ओर ले जा रही है, जो बहुलवाद को नुकसान पहुंचाएगी। चिंता की बात यह है कि यह प्रवृत्ति ईडी/सीबीआई जैसी एजेंसियों की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाती है। जब यह संस्थाएं केवल विपक्ष पर सक्रिय नजर आती हैं और सत्ता पक्ष पर चुप रहती हैं, तो जनता में भरोसा कम होता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्या फिर भारतीय, भारतीयों पर गोली चलाएगा?



पवन सिंह

भारत दुनियां का इकलौता ऐसा देश है जहां भारतीयों का ही झुंड अपने आकाओं को खुश करने के लिए अपने ही लोगो पर गोलियां चलाता हुआ आगे बढ़ा है। अंग्रेजी हुकूमत ने अपने 200 साल के शासनकाल में यही किया। उसने भारतीयों को ही मांस के टुकड़े जैसी कुछ रियासतें फेंकी या चंद सिक्के उछाले और मात्र इतने ही उपकार पर गोरों के आगे भारतीयों ने नृत्य प्रस्तुतियां शुरू कर दीं। फिर ब्रिटिश हुकूमत ने भारतीयों को ही बतौर सैनिक और सिपाही भर्ती किया गया और उनके ही हाथों भारतीयों को फांसी पर लटकवाया या सामूहिक रूप से उनकी हत्याएं करवा दीं। यही हम भारतीयों का काला सच है। यह सच आज भी इतिहास में दर्ज है और कल भी दर्ज रहेगा। यही अंग्रेजी हुकूमत ने किया था और ठीक वैसा ही मौजूदा सत्ता कर रही है।

जो हालात बन रहे हैं उनका विश्लेषण करने से एक बात जो प्रथम दृष्टया समझ में आ रही है, वह यह कि आम जनता का एक बड़ा वर्ग और सरकारी सुरक्षाबलों के बीच एक जबरदस्त खाई पैदा हो चुकी है। मजदूर, किसान और छात्रों के छिट-पुट हुए संघर्ष और उनको जिस मंशा से हैंडिल किया जा रहा है, वह बतौर जर्नलिस्ट मेरी इस शंका को सच साबित कर रहा है जैसा कि मैंने लिखा है। आप को थोड़ी सी जहमत उठानी होगी और कुछ आंकड़े व तथ्य खोजने होंगे। सच आपको नजर आने लगेगा कि यह मैं किस आधार पर कह रहा हूं। आप विभिन्न राज्यों में पुलिस भर्ती की समयबद्ध प्रक्रिया को देखें और अन्य सरकारी नौकरियों की प्रतियोगी परीक्षाओं के पैटर्न को देखिए, आप को एक नंगा सच दिखाई देगा। पुलिस भर्ती परीक्षा टाइम से, इंटरव्यू टाइम से, ज्वाइनिंग टाइम से, ट्रेनिंग टाइम से। न पेपर्स आऊट न कोई लफड़ा। करीब 2016 से लेकर वर्ष, 2026 में भाजपा शासित राज्यों में पुलिस बल रिक्त पदों पर जबरदस्त भर्तियां हुई हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद से पुलिस विभाग में रिकॉर्ड 2 लाख 19 हजार से अधिक भर्तियां हुईं। हाल ही में 60 हजार 244 कांस्टेबल के पदों पर भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई है। मध्य प्रदेश में भी पुलिस कांस्टेबल और अन्य पदों पर 2025-2026 के दौरान 22 हजार 500 से अधिक पदों को भरने की योजना के तहत भर्ती चल रही है। इसके अलावा गुजरात, हरियाणा, उत्तराखंड और असम जैसे भाजपा शासित राज्यों में भी समय-समय पर पुलिस में नियमित भर्तियां की गई हैं। आइए जरा अन्य सरकारी विभागों में भर्तियों की असलियत देखते हैं। पिछले कुछ वर्षों में अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के केवल प्रश्न पत्र ही लीक हुए हैं। भाजपा और उसके सहयोग शासित राज्यों में पेपर लीक की कई प्रमुख घटनाएं हुई हैं। बिहार में अमीन भर्ती, बीपीएससी और नीट परीक्षा का पेपर लीक होना प्रमुख घटनाओं में शामिल रहा है। गुजरात में पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ था, जिसमें पेपर माफियाओं द्वारा 5 लाख रुपये में पेपर बेचे जाने की बात सामने आई थी, लेकिन बाद में सुचारू रूप से सब ठीक कर लिया गय। झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में पेपर लीक हुए। राजस्थान में भाजपा सरकार के बनने के बाद 17 में से 19 प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने का दावा किया गया था, जिसके बाद SIT का गठन कर 100 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। एक विश्लेषण के अनुसार, पिछले 7 वर्षों में भाजपा शासित राज्यों में 70 से अधिक पेपर लीक होने का दावा किया गया है, जिससे लगभग 1.5 करोड़ छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। भाजपा शासित राज्यों के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में लाखों की संख्या में पद रिक्त हैं। लाखों युवा संविदा पर नौकरी कर रहे हैं, लेकिन उनका कोई पुरसा हाल नहीं है। बंधुआ मजदूरों से भी बुरी हालत है।

वापस लौटते हैं अंग्रेजी हुकूमत की ओर। भारत में ब्रिटिश हुकूमत वर्ष, 1757 से वर्ष, 1947 तक रही। ब्रिटिश हुकूमत मुख्यत: 1757 में प्लासी के युद्ध के बाद शुरू हुई और 15 अगस्त 1947 को समाप्त हुई। यहां सामान्य ज्ञान के तौर पर बता दूं कि 1757 से लेकर 1857 तक, यानी कि 100 तक ईस्ट इंडिया कंपनी का रूल था और 1857 से 15 अगस्त 1947 तक ब्रिटिश का शासन रहा। ब्रिटिश हुकूमत के दौरान हिन्दुस्तान में तैनात ब्रिटिश सैनिकों की संख्या, यानी विदेशी सैनिकों की संख्या मात्र 45,000 से 85,000 के बीच थी लेकिन भारतीय सैनिकों की संख्या करीब 1 लाख 30 हजार थी। 1857 के आजादी के खूनी संघर्ष से सबक लेते हुए ब्रिटिश हुकूमत ने अपने सिपाहियों की संख्या बढ़ाई। 1857 के बाद यूरोपीय सैनिकों की संख्या बढ़कर करीब 60,000 हो गई। वर्ष, 1861 की जनगणना के हिसाब से भारत में करीब 84,083 ब्रिटिश सैन्य अधिकारी और सैनिक तैनात थे और शेष देशी सिपाही थे। भारतीय सैनिक ही ब्रिटिश हुकूमत की मुख्य ताकत थे। मुझे यह लिखते हुए पीड़ा हो रही है कि 13 अप्रैल, 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में निहत्थे भारतीयों पर हथियारबंद भारतीयों ने ही गोलियां चलाईं थीं। ब्रिटिश सरकार की आधिकारिक रिपोर्ट के मुताबिक 379 लोग मारे गए थे। हालांकि, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की रिपोर्ट कहती है कि 1,000 से अधिक लोग शहीद हुए थे। ब्रिगेडियर, जनरल रेजीनॉल्ड डायर ने तो केवल आदेश ही दिया था और वह भी मौखिक लेकिन भारतीयों ने उन लोगों पर गोलियां चला दीं जो रॉलेट एक्ट के विरोध में और बैसाखी मनाने के लिए आए थे। शांतिपूर्ण कार्यक्रम था लेकिन एक बार भी किसी भारतीय सैनिक ने नहीं सोचा कि वे सब के सब उनके अपने ही हैं। वे उनकी ही आजादी के लिए लड़ रहे हैं। हम भारतीयों ने कभी भी गलत को गलत कहने, लिखने, बोलने का साहस नहीं किया। धर्म, जाति, संप्रदाय के नाम पर भारतीय पहले भी भारतीयों से घृणा करता रहा और आज भी वही खड़ा है। मुझे यह लिखने में रत्ती भर गुरेज नहीं है कि भारत विभिन्न जातियों, धर्मों व संप्रदायों का कबीला है। लालची, स्वार्थी, नफरती, बेईमान, मक्कार और धूर्त। जो बार-बार खुद हो भारतीयता की झूठी चादर में लपेट कर दूसरों को धोखा देता आया है। हर भारतीय का एक खूंटा है और वह उसी खूंटे में बंधा रहना चाहता है। एक भारतीय ही दूसरे भारतीय पर मूत्र विसर्जन कर सकता है। एक भारतीय ही दूसरे भारतीय के साथ दैहिक, भौतिक अत्याचार कर सकता है। दरअसल, भारत कभी भारत बन ही नहीं सका और न ही भारतीय कभी भारतीय बन सके। एक बार फिर से सुनियोजित तरीके से संरक्षित भारतीयों को गैर संरक्षित भारतीयों के आमने-सामने खड़ा करने की तैयारी है। पूंजीपतियों के लिए हजारों साल पुराने जंगल और उन जंगलों के आदिवासियों का जिस निर्ममता से सफाया हुआ, वह रोंगटे खड़े कर देने वाला है। भारतीयों ने ही अपने ही भारतीयों को साफ कर दिया। कोई भारतीय न्यायप्रिय अपने ही भारतीयों के प्रति न्याय उठाने की जहमत नहीं उठाता। भारतीय ही भारतीय को मार रहा है। पहले ब्रिटिश हुकूमत इस मार के लिए तमंगे देती थी और अब।

वापस लौटते हैं अंग्रेजी हुकूमत की ओर। भारत में ब्रिटिश हुकूमत वर्ष, 1757 से वर्ष, 1947 तक रही। ब्रिटिश हुकूमत मुख्यत: 1757 में प्लासी के युद्ध के बाद शुरू हुई और 15 अगस्त 1947 को समाप्त हुई। यहां सामान्य ज्ञान के तौर पर बता दूं कि 1757 से लेकर 1857 तक, यानी कि 100 तक ईस्ट इंडिया कंपनी का रूल था और 1857 से 15 अगस्त 1947 तक ब्रिटिश का शासन रहा। ब्रिटिश हुकूमत के दौरान हिन्दुस्तान में तैनात ब्रिटिश सैनिकों की संख्या, यानी विदेशी सैनिकों की संख्या मात्र 45,000 से 85,000 के बीच थी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

